फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 273, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, रविवार, 22 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित





अंदर - विद्रूपता के विरुद्ध 'आहतनाद '

अन्दर : रोनाल्डो के शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली ने आलोचकों पर साधा निशाना

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी सेंध

## नकली एनएसजी गार्ड बनकर हथियार समेत पीएम की सभा में पहुंचा आरोपी

**घोर लापरवाही**

**पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा**

**आरोपी ने बाकायदा एनएसजी का एक आई कार्ड भी दिखाया**



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से मुंबई पुलिस ने बचा लिया। एक व्यक्ति फर्जी एनएसजी गार्ड बनकर पीएम मोदी की बीकेसी रैली में पहुंच गया। उसके पास हथियार भी था। पुलिस को उसपर शक हुआ, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर जांच की गई। आरोपी के पास एनएसजी का आईडी कार्ड बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में एनएसजी से संपर्क किया तब पता लगा कि हिरासत में लिया गया आरोपी नकली सैनिक है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मामला गुरुवार का है। पीएम नरेंद्र मोदी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पहुंचने वाले थे। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी जारी की हुई थी। जिसके बाद सुरक्षाबल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने खुद को पहले सेना का गार्ड्स रेजिमेंट से नाइक होने का दावा करते हुए उच्च सुरक्षा वाले वीवीआईपी क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की जब पुलिस ने उसे शक की बुनियाद पर रोका तो उसने खुद को एनएसजी का अधिकारी बताया। इसके लिए उसने बाकायदा एनएसजी का एक आई कार्ड भी दिखाया, लेकिन उसकी हरकते संदिग्ध थी।

पुलिस ने एनएसजी को इसकी सूचना दी तो एनएसजी ने रामेश्वर के एनएसजी से किसी तरह का संपर्क होने से इनकार कर दिया। गिरफ़्तार आरोपी की जांच पड़ताल में पता चला कि रामेश्वर मिश्रा नवी मुम्बई में रहता है और उसने साइंस से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। गिरफ़्तार आरोपी की जांच पड़ताल में पता चला कि रामेश्वर मिश्रा नवी मुम्बई में रहता है और उसने साइंस से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। आरोपी रामेश्वर मिश्रा पर अब धारा 171,465,468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को शुक्रवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

अब इस मामले में मुम्बई पुलिस कैमरे पर तो ज्यादा जानकारी देने को तैयार नही है लेकिन ऑफ कैमरा एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जांच मुम्बई पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियां भी कर रही हैं इसलिए अभी ज्यादा कुछ कह नही सकते। पीएम मोदी की रैली में इस शख्स के घुसने के पीछे का मकसद क्या था, यह पूछताछ के जरिए एजेंसियां पता करने में जुटी हुई हैं। दरअसल पीएम मोदी की रैली से ठीक एक दिन पहले ही मुम्बई पुलिस ने बाकायदा सिक्योरिटी को लेकर एक एडवाइजरी जारी की थी। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही कि आरोपी ने एनएसजी का फर्जी आईडी कार्ड कहां से बनवाया? पीएम की वीवीआईपी सुरक्षा जोन में घुसने के पीछे उसकी क्या मंशा थी और वह कहां से आया था? इसके साथ ही आरोपी का बैकग्राउंड भी पता करने की कोशिश की जा रही है।

### पुलिस को थी हमले की आशंका

हालांकि मुंबई पुलिस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई दौरे के दौरान आतंकी हमले की आशंका पहले ही थी। इसके मद्देनजर मुम्बई पुलिस ने एडवाइजरी जारी की थी, जिसके तहत ड्रोन पैराग्लाइडर और लाइट माइक्रो एयरक्राफ्ट के जरिए हमले की आशंका प्रधानमंत्री मोदी के विजिट के दौरान एयरपोर्ट एमएमआरडीए ग्राउंड अंधेरी के गुंडावली और मोगरा पाड़ा इलाके में व्यक्त की गई थी। इसके साथ ही नो फ्लाइंग जोन नो पैराग्लाइडिंग जोन और नो ड्रोन जोन घोषित किया गया था। साथ ही भीड़ को कंट्रोल नियंत्रित करने के लिए उन इलाकों में प्रधानमंत्री के आसपास के हिस्से में सुरक्षा बढ़ाने के और सख्त चेकिंग के निर्देश दिए गए थे।

# मॉस्को से गोवा आ रही फ्लाइट में बम की सूचना



**हड़कंप**

**उज्बेकिस्तान डायवर्ट की गई 238 यात्री सवार, गोवा एयरपोर्ट पर बढ़ाई गई सुरक्षा**

**मुंबई।** रूस की राजधानी मॉस्को से गोवा आ रही एक चार्टर्ड फ्लाइट में बम की सूचना मिली है। विमान को इसके बाद उज्बेकिस्तान डायवर्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, विमान में 240 यात्री सवार हैं। बताया गया है कि यह फ्लाइट दक्षिण गोवा के दबोलिम एयरपोर्ट पर सुबह 4.15 बजे लैंड होने वाला था। बताया गया है कि विमान में यात्रियों के अलावा सात क्रू के सदस्य भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट अेश्2463 जिसका संचालन अजुर एयर की तरफ से किया जाता है, उसे भारतीय हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही डायवर्ट कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, दबोलिम एयरपोर्ट निदेशक को रात करीब 12.30 बजे एक ईमेल के जरिए इस फ्लाइट में बम रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ही इसे डायवर्ट कराया गया।

दूतावास पर्म से गोवा के लिए अजूर एयर की उड़ान अेश2463 के आसपास की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। जानकारी के मुताबिक, कथित बम की सूचना के बाद उज्बेकिस्तान में विमान की आपात लैंडिंग की गई। विमान की जांच की जा रही है। फिलहाल, एयरलाइन कंपनी होटलों में यात्रियों के ठहरने की तैयारी कर रही है। वास्को के डिप्टी एसपी सलीम शेख के मुताबिक, बम की सूचना वाला ईमेल मिलने के बाद दबोलिम एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी कर दिया गया और गोवा पुलिस, क्विक रिस्पॉन्स टीम और एटीएस के साथ डॉग स्क्वॉड को एहतियात के तौर पर तैनात कर दिया गया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
SUNDAY OPEN

**बीबीसी के खिलाफ 300 से ज्यादा पूर्व जज और नौकरशाहों ने खोला मोर्चा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री की पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व नौकरशाहों और पूर्व सैनिकों के एक समूह ने आलोचना की। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री को एक देशभक्त के खिलाफ प्रेरित आरोप पत्र करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह भारत में पिछले ब्रिटिश साम्राज्यवाद का मूलरूप है जो खुद को हिंदू-मुस्लिम तनाव को पुनर्जीवित करने के लिए न्यायाधीश और जूरी दोनों के रूप में स्थापित करता है। यह ब्रिटिश राज की 'फूट डालो और राज करो' की नीति की उपज है। बीबीसी की दो भागों वाली डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' में दावा किया गया है कि इसमें 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े कुछ पहलुओं की जांच की गई है, तब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। सूत्रों के अनुसार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के लिंक साझा करने वाले कई यूट्यूब वीडियो और ट्विटर पोस्ट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए हैं। 13 पूर्व न्यायाधीशों, राजनयिकों सहित 133 पूर्व नौकरशाहों और 156 पूर्व सैनिकों के हस्ताक्षर वाला एक बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह डॉक्यूमेंट्री एक तटस्थ आलोचना या रचनात्मक स्वतंत्रता या सत्ता विरोधी दृष्टिकोण का उपयोग करने के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा, बीसीसी सीरीज न केवल भ्रमपूर्ण और स्पष्ट रूप से एकतरफा रिपोर्टिंग पर आधारित है, बल्कि यह एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के अस्तित्व की 75 साल पुरानी इमारत के आधार पर सवाल उठाती है।

# मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर लगी रोक

**कार्रवाई**

**केंद्र सरकार ने ट्वीट्स को ब्लॉक करने का दिया आदेश कहा-बीबीसी की यह डॉक्यूमेंट्री छवि बिगाड़ने वाली**

**आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किए गए निर्देश**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम मोदी को लेकर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री द मोदी क्वेश्चन को शेयर करने वाले ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। डॉक्यूमेंट्री की जांच में पाया गया कि यह छवि बिगाड़ने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री के यूट्यूब के लिंक जिन ट्वीट के जरिए शेयर किए गए हैं, उनको भी ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से यह निर्देश जारी किए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। वहीं, मंत्रालय ने कहा कि बीबीसी ने इसे भारत में उपलब्ध नहीं कराया। कुछ यूट्यूब चैनल ने इसे अपलोड किया। ऐसा लगता है कि भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए इसे अपलोड किया गया है। बताया जा रहा है कि यूट्यूब ने भी वीडियो को फिर से अपने प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने पर ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। ट्विटर ने भी अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो के लिंक वाले ट्वीट्स की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आदेश दिया है कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के पहले एपिसोड के यूट्यूब पर शेयर किए गए सभी वीडियो को ब्लॉक किया जाए। ट्विटर को बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन के यूट्यूब वीडियो के लिंक वाले 50 से अधिक ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है। यह निर्देश आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किए गए। यूट्यूब और ट्विटर दोनों ने इनका पालन किया है। बता दें कि यह डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन के पब्लिक ब्रॉडकास्टर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की ओर से बनाई गई है। भारत सरकार ने इसे प्रधानमंत्री मोदी और देश के खिलाफ प्रोपेगैंडा बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफ्रिंग में कहा था कि हम नहीं जानते कि डॉक्यूमेंट्री के पीछे क्या एजेंडा है, लेकिन यह निष्पक्ष नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्रचार है। बीबीसी ने 17 जनवरी को द मोदी क्वेश्चन डॉक्यूमेंट्री का पहला एपिसोड यूट्यूब पर रिलीज किया था। दूसरा एपिसोड 24 जनवरी को रिलीज होना था। इससे पहले ही केंद्र सरकार ने पहले एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया।

# जी-20 समिट के लिए वॉकथॉन सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी

**आयोजन**

**सीएम योगी बोले-पीएम मोदी का नेतृत्व ही दुनिया को संकट से उबार सकता है**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार शहरों में फरवरी माह से आयोजित होने जा रहे जी-20 सम्मेलन को लेकर व्यापक जनजागरूकता का प्रसार करने के लिए शनिवार को 'रन फॉर जी-20 वॉकाथन' का आयोजन किया गया। इस दौरान राजधानी लखनऊ सहित आगरा, वाराणसी और गौतम बुद्धनगर में वॉकाथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह 9 बजे अपने पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से फ्लैग ऑफ करके एक साथ चारों शहरों में वॉकाथन का शुभारंभ किया। फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को जी-20 सम्मेलन के आतिथ्य का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के जरिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की छवि, यहां की संस्कृति, खानपान और डिजिटल यूपी को प्रदर्शित करने का अवसर हमें मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य और एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के संकल्प के साथ इस वर्ष भारत में जी-20 सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में जी-20 सम्मेलन के अलग-अलग दिवसों पर कुल 11 बैठकों का आयोजन होगा। जी-20 सम्मेलनों के उपलक्ष्य में आज से प्रदेश में व्यापक तौर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो रही है। आज वॉकाथन और मिनी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित चार शहरों में जी-20 की कुल 11 मीटिंग्स होनी है, उनके प्रति आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस अवसर पर लखनऊ, वाराणसी, आगरा और गौतम बुद्धनगर के जिलों में इसमें भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों, जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश आजादी का अमृत महोत्सव उत्साह मना रहा है। इसके साथ ही अनेक उपलब्धियां हमें प्राप्त होती दिख रही हैं।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने किया सरेंडर

**अजीत सिंह हत्याकांड**

**25 हजार रुपये के बांड पर मिली जमानत, हत्यारों की मदद करने का आरोप**



**लखनऊ।** अजीत सिंह हत्याकांड में आरोपी रहे पूर्व सांसद व बाहुबली धनंजय सिंह ने शुक्रवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। हालांकि, उन्हें जमानत मिल गई है। धनंजय सिंह को 25-25 हजार के दो पर्सनल बांड पर जमानत दी गई है। इस दौरान उसके कई समर्थक और वकील मौजूद रहे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह की लखनऊ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। धनंजय पर हत्यारों की मदद करने का आरोप था।

अजीत सिंह हत्याकांड मामले में धनंजय सिंह को कोर्ट भगोड़ा भी घोषित कर चुकी है। राजधानी लखनऊ में विभूति खंड स्थित कठौता चौराहे पर छह जनवरी 2021 को शाम 8.30 बजे ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर अजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसमें उसका साथी मोहर सिंह और एक राहगीर आकाश यादव भी घायल हुआ था। मोहर सिंह की तहरीर पर आजमगढ़ के अखंड सिंह व कुंटू सिंह, शूटर गिरधारी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में जांच के दौरान 11 और आरोपी बनाए। इनमें पूर्व सांसद धनंजय सिंह, उनका करीबी विपुल सिंह और शूटर रवि यादव शामिल था जबकि इस हत्याकांड के मुख्य शूटर गिरधारी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

## एक व्यक्ति, एक कार का नियम लागू करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति, एक कार का नियम लागू करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में एक व्यक्ति के दूसरा वाहन खरीदने की सूरत में पर्यावरण कर वसूले जाने की भी मांग की गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे नीति से संबंधित हैं। पीठ ने कहा, वर्तमान मामले में भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका में जो मुद्दे उठाए गए हैं, वे नीति से संबंधित हैं। इसलिए, हम याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतों को रखने के लिए स्वतंत्र हैं। उच्चतम न्यायालय गैर-सरकारी संगठन सुनामी ऑन रोड्स की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें वायु प्रदूषण के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहल के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# राजनीतिक दलों को दिलाई आचार संहिता की याद

## चुनाव आयोग ने कहा-प्रचार के लिए न हो पूजास्थलों का इस्तेमाल

**सलाह**

**आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा**

**धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1988 की धारा 3, 5 और 6 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक की कैद और जुर्माने का प्रावधान**




**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव और विभिन्न उपचुनाव होने हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने अपने क्षेत्रीय तंत्र और राजनीतिक दलों को कानून और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की याद दिलाई है, जो चुनाव प्रचार के लिए पूजा स्थलों के किसी भी तरह के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं।

आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 19 जनवरी को पत्र लिखा। इसमें चुनाव आयोग ने उन्हें इस मुद्दे पर 2012 के निर्देशों की याद दिलाई, जिनमें कहा गया था कि आदर्श आचार संहिता के मौजूदा प्रावधान किसी भी तरह से चुनाव प्रचार के लिए एक मंच के रूप में पूजा स्थलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हैं। पत्र में कहा गया है, 'इसके अलावा, धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1988 की धारा 3, 5 और 6, किसी भी राजनीतिक विचारों या राजनीतिक गतिविधि के प्रचार या प्रचार या किसी भी राजनीतिक दल के लाभ के लिए धार्मिक संस्थानों या धार्मिक संस्थानों के धन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाती है।'

इसमें कहा गया है कि इनमें से किसी भी धारा के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक की कैद और जुमार्ने का प्रावधान है। पत्र की एक प्रति सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के नेताओं को भेजी गई है। आयोग चाहता है कि मौजूदा कानून के प्रावधानों को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव के दौरान इन प्रावधानों के किसी भी उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाए और धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग की रोकथाम) अधिनियम की उक्त धाराओं के तहत किसी भी अपराध की स्थिति में संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी/शिकायत दर्ज की जाए। ₹ आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से यह भी कहा कि वे चुनाव संहिता और कानून के प्रावधानों को राजनीतिक दलों की राज्य इकाइयों सहित उनके राज्यों में स्थित सभी राजनीतिक दलों को उनकी जानकारी के लिए प्रसारित करें। वहीं नागालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी शशांक शेखर ने आज शनिवार को कोहिमा में व्यय निगरानी उपाय के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 28 लाख रुपये के खर्च की सीमा का पालन करने की भी जानकारी दी। त्रिपुरा में 16 फरवरी, नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होंगे और मतगणना दो मार्च को होगी। नगालैंड और मेघालय के साथ ही लोकसभा की एक और विधानसभा की छह सीटों पर 27 फरवरी को उपचुनाव होगा।

# डब्ल्यूएफआई की जनरल काउंसिल की बैठक आज

**प्रस्तावित**

**अध्यक्ष के तौर पर नहीं शामिल होंगे बृजभूषण सिंह**

**गोंडा।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन शोषण के आरोपों के बीच भारतीय कुश्ती संघ की जनरल काउंसिल की बैठक रविवार को प्रस्तावित है। 54 सदस्यों वाली जनरल काउंसिल की यह बैठक गोंडा जिले के बस्ती-अयोध्या हाइवे पर रायल हेरिटेज होटल में होनी है। यह जानकारी फेडरेशन के संयुक्त सचिव विनोद तोमर ने दी।

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष के तौर पर बृजभूषण शरण सिंह बैठक में नहीं शामिल होंगे, लेकिन सभी सदस्यों के बीच अपनी बात रखने के लए वह बैठक में मेहमान के तौर पर मौजूद रहेंगे। विनोद तोमर ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे होने वाली जनरल बॉडी की मीटिंग में कुश्ती की बेहतरी पर चर्चा होगी। साथ ही अगली चैम्पियनशिप की रूप रेखा बनेगी और भविष्य में कहां-कहां ट्रायल कैम्प आयोजित किए जाने हैं, इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। गोंडा जिले के नन्दिनी नगर में सीनियर नेशनल ओपेन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट का आज से शुभारंभ हो गया। यह आयोजन तीन दिन तक चलेगा।

# कुश्ती संघ के अतिरिक्त सचिव को किया सस्पेंड

**कार्रवाई**

**पहलवानों के धरने के बाद खेल मंत्रालय ने लिया ऐक्शन**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पहलवानों के धरने और उत्पीड़न के आरोपों के बाद खेल मंत्रालय ने शनिवार (21 जनवरी) को कुश्ती संघ के अतिरिक्त सचिव विनोद तोमर को सस्पेंड कर दिया है। खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा शिकायतें विनोद तोमर से ही थी। पहलवानों ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बातचीत के बाद अपना धरना समाप्त करने का फैसला किया था। इस बातचीत के बाद एक कमेटी की घोषणा की गई जो 4 हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। साथ ही जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक कुश्ती संघ का काम भी कमेटी देखेगी। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि बृजभूषण शरण सिंह से जुड़े मामले पर निगरानी समिति चार सप्ताह में रिपोर्ट देगी।

इस मामले पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अतिरिक्त सचिव विनोद तोमर ने शनिवार को महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए तोमर ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाए थे, लेकिन उन्होंने अपने दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया है। विनोद तोमर ने कहा कि उन्होंने (बृजभूषण शरण सिंह) इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन जब तक जांच होगी उन्होंने अपने आपको खुद फेडरेशन की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से अलग कर लिया है ताकि जांच में कोई बाधा ना आए।

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह निगरानी समिति की ओर से मामले की जांच किए जाने तक पद की जिम्मेदारियों से हट जाएंगे। डब्ल्यूएफआई ने खेल मंत्रालय से कहा था कि अध्यक्ष सहित किसी के भी व्यक्तिगत रूप के डब्ल्यूएफआई में मनमानी करने या कुप्रबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। महासंघ ने कहा प्रदर्शन करने वाले पहलवान डब्ल्यूएफआई के मौजूदा प्रबंधन को बदनाम करने के लिये व्यक्तिगत हित में या किसी अनुचित दबाव में विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में डब्ल्यूएफआई के मौजूदा प्रबंधन को हटाने के लिए कुछ व्यक्तिगत और छिपे हुए एजेंडे हैं।

### जांच कमेटी 8 से 10 दिन में सौंपेगी रिपोर्ट : योगेश्वर दत्त



भारत के पहलवानों द्वारा डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए आईओए ने जांच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी के सदस्य और रेसलर योगेश्वर दत्त ने शनिवार सुबह कहा कि मामले की जांच गंभीरता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे को बातचीत से सुलझाया जा सकता है, मगर यौन उत्पीड़न के मामले में कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि जो भी दोषी होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अगर आरोप झूठे निकलते हैं तो ये पता किया जाएगा कि ये क्यों लगाए हैं और इन्हें लगाने का क्या मकसद है? रेसलर योगेश्वर दत्त ने कहा कि जांच कमेटी दोनों पक्षों को सुनने के बाद 8 से 10 दिन में एक रिपोर्ट बना लेगी। उन्होंने कहा कि हम स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री और होम मिनिस्ट्री के अलावा पीएम मोदी को भी जांच रिपोर्ट भेजेंगे।

## संक्षेप

### मृत्युंजय प्रताप सिंह वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**प्रयागराज।** स्थानीय गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के क्रीड़ांगन में जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के तत्वावधान में दो दिवसीय " मृत्युंजय प्रताप सिंह स्मारक वॉलीबाल प्रतियोगिता " का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत कोरांव के पूर्व चेयरमैन,वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश केशरी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं पधारें हुए समस्त अतिथियों द्वारा स्व.मृत्युंजय प्रताप सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतियोगिता में पहले दिन कुल 17 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच न्यू कैंट प्रयागराज व स्पोर्टिंग क्लब सतना के बीच खेला गया। जिसमें स्पोर्टिंग क्लब सतना ने न्यू कैंट प्रयागराज की टीम को 25 - 21 व 25 - 19 अंको से हराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता के खेले गए अन्य मैचों में फ्रेंड्स क्लब मेजा ने वॉलीबाल क्लब रामगढ़ की टीम को 25 - 18 व 25 - 21 अंकों से, वॉलीबाल क्लब ठाकुर रामपूरा ने स्पोर्टिंग क्लब कोसड़ा खुर्द को 25 - 21 व 25 - 23 अंकों से, गुरुद्वारा स्पोर्टिंग क्लब कोरांव ने वॉलीबाल क्लब बसकोप को 25 - 16 व 25 - 19 अंकों से, यूवीसी क्लब मेजा ने न्यू कैंट प्रयागराज की टीम को 25 - 23 व 25 - 22 अंकों से, वॉलीबाल क्लब लालगंज ने स्पोर्टिंग क्लब महेवाकलां,मांडा की टीम को 25 - 17 व 25 - 21 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब सतना ने आदर्श क्लब अरई,मेजा की टीम को 25 - 22 व 25 - 20 अंकों से तथा गुरुद्वारा स्पोर्टिंग क्लब कोरांव ने युवा वॉलीबाल क्लब भगेसर की टीम को 25 - 16 व 25 - 19 अंको से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया था।

# मौनी अमावस्या पर श्रृंगवेरपुर में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

**आस्था**

**शुक्रवार रात से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था**

**भोर से शुरू हुआ गंगा स्नान, दोपहर बाद तक रहा जारी**



मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रीराम घाट पर स्नान करते श्रद्धालु

**लालगोपालगंज।** मौनी अमावस्या पर श्रृंगवेरपुर धाम समेत आसपास के गंगा घाटों पर हजारों श्रृद्धालुओं ने पुंय की डुबकी लगाई। सूर्यदेव को अर्घ देकर गंगा पूजन किया। घाट पर स्थित मां शांता-श्रृगी ऋषि के दरबार में माथा टेक परिवार के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। भोर से जारी स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। सुरक्षा के दृष्टि से इंस्पेक्टर नवाबगंज व चैकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर गंगा घाटों का भ्रमण करते नजर आए।

मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के श्रृंगवेरपुर धाम आने का सिलसिला शुक्रवार देर रात से ही आरंभ हो गया था। श्रृंगवेरपुर स्थित श्रीराम घाट, रामचैरा, विभांडक ऋषि घाट, विद्यार्थी घाट, राजघाट, गऊघाट, सीता कुंड आदि घाटों पर हजारों स्नानार्थी पहुंच चुके थे। मुहूर्त के अनुसार शनिवार को भार से ही मौन मुद्रा में महिला-पुरूष श्रद्धालु मां भागीरथी की अविरल धारा में डुबकी लगाकर पुंय लाभ अर्जित किया। स्नान के पश्चात सूर्यदेर को जल चढ़ाया। गंगा पूजन के बाद घाट पर उपस्थित गरीब असहायों को दान भी किया गया। वहीं श्रृंगवेरपुर घाट पर स्थित मां शांता-श्रृंगी ऋ षी के दरबार में माथा टेक परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। श्री तुलसी साहित्य प्रचार समिति के माहामंत्री अरूण द्विवेदी ने बताया कि माघ महीने की अमावस्या को मौनी अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन मौन रखकर पवित्र नदियों में स्नान करने का विधान है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है। इस लिए अमावस्या के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। घाटों पर भीड़ के मद्देनजर इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह चैकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर राकेश मिश्र हमराहियों के साथ घाटों का भ्रमण करते नजर आए।

### स्वयंसेवियों ने स्नानार्थियों की किया सेवा

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रीराम घाट पर स्नानार्थियों की खासी भीड़ रही। प्रतापगढ़ जनपद क्षेत्र के मोहनगंज, लालगंज अझारा, सगरा, जेठवारा, बाघराय, हीरागंज, बाबागंज, शकरदहा, बिहार, जगेसरगंज आदि सैकड़ों गांव के अतिरिक्त सीमा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु निजी संसाधनों, चार पहिया वाहन, बस आदि पर सवार होकर श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे। स्नानार्थियों को दिक्कत न हो इसके लिए स्वयं सेवी संस्थानों के पदाधिकारी धाम जाने रास्तों पर उनकी सेवा करते नजर आए।

### घाट पर लगे मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीदारी

**लालगोपालगंज।** श्रीराम घाट पहुंचने वाले मार्गों की फुटपाथ पर मेला जैसी स्थिति रही। फुटपाथ पर ठेला खोपचा, मिठाईयां और सौंदर्य प्रसााधन की दुकानों पर महिला श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। लोगों पर गुड़ की जलेबी, चाट का जमकर लुत्फ उठाया। भीड़ के चलते महिला सिपाहियों की तैनाती की गई थी।



जानकारी देती एंटी रोमियों स्क्वायड टीम

# एन्टी रोमियों स्क्वायड टीम ने हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**मेजा।** कोतवाली पर नियुक्त एंटी रोमियों स्क्वायड टीम ने क्षेत्र के विभिन्न बैंकों व चौराहों पर मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों के विषय मे विस्तार से जानकारी दी ।

एन्टी रोमियों स्क्वायड टीम ने शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के स्टेट बैंक मेजा, स्टेट बैंक अखरी साहपुर, सहित क्षेत्र के विभिन्न बैंको सहित क्षेत्र के स्कूलों और प्रमुख में बाजारों में संपर्क कर 1090, 1076, 112, 108 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी और नंबरों के माध्यम से कैसे सहायता प्राप्त करें उसके विषय सबंधी पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया।

# दुष्कर्म के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर, पीड़ित परेशान

**आक्रोश**

**.पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते क्षेत्र के लोगों में व्याप्त है गहरा आक्रोश**

**उरुवा।** दुष्कर्म पीड़ित युवती का दूसरे दिन शहर स्थित जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण किया गया। जबकि दुष्कर्म के नामजद आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर फरार चल रहे हैं। बतादें कि मेजा थाना क्षेत्र के लेंहड़ी गांव में 18 वर्षीय युवती मनचले युवकों का शिकार हो गई। शुक्रवार की भोर के समय घर से शौच के लिए निकली युवती को गांव के दो मनचले युवकों ने मुंह दबाकर अगवा कर लिया और गांव के बाहर सुनसान स्थान रेल पटरी पर ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मनचले युवकों ने युवती की जमकर पिटाई करने के बाद पत्थर से उसका पैर कुचल दिया और सिर पर वार कर अधमरी हालत में रेल पटरी पर छोड़कर का भाग निकले। मामले की जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंचे घरवालों ने युवती को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया। जहां पर इलाज के बाद आराम मिलने पर पीड़ित परिजन घायल युवती को लेकर मेजा थाने पहुंचे,जहां से पुलिस टीम ने घायल युवती को सीएचसी रामनगर ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। उपचार के बाद आराम मिलने पर पीड़ित परिजन घायल युवती को लेकर मेजा थाने गए,जहां से पुलिस टीम ने पुनः घायल युवती को सीएचसी रामनगर ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल परीक्षण के दौरान घायल युवती की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार की शाम पीड़ित परिजनों ने मेजा जाकर निहाल अली पुत्र ताज मोहम्मद तथा एक अन्य युवक जिसने अपना मुंह ढंक रखा था और इस कृत्य में शामिल रहा। उक्त दोनों के खिलाफ तहरीर देकर शासन से न्याय की गुहार लगाया। मामले के दूसरे दिन शनिवार को भी पुलिस के हाथ खाली रहे। दुष्कर्म के दोनों आरोपी फरार हैं,जबकि अनहोनी की आशंका से डरा सहमा पीड़ित परिवार किसी तरह अपना जीवन गुजार रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में पुलिस के प्रति सवालिया निशान लगाते हुए गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी,हत्या और दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ी हैं लेकिन पुलिस किसी मामले का पदार्फाश नही कर पाई है। अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं,क्षेत्र की जनता चोरी,छिनैती तथा हत्या और दुष्कर्म जैसे अपराध से डरी सहमी है।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय केशव उर्फ बागी निवासी मोहम्मद फहीम पुत्र स्वर्गीय मंजूर अहमद का कहना है कि एक युवक उसके गांव आता जाता था जहां उससे पहचान बन गई तो युवक अपनी मीठी मीठी बातों में फंसा कर कहा कि उससे सऊदी अरब में बडे बडे लोगों से पहचान है। गांव में क्या रखा है। तथा सऊदी अरब में जा कर अच्छी कमायी कर सकते हो। मोहम्मद फहीम का आरोप है कि वह उसकी बातों में फंस गया।वीजा के नाम पर 30अप्रैल 2022 को उसने गूगल पे से एक लाख सत्ताईस हजार 95 रूपया तथा नगदी तीन लाख दे दिया। काफी दिन गुजर जाने के बाद युवक के घर गया तो वह जल्द वीजा आने की बात कह कर टरका दिया। मोहम्मद फहीम का आरोप है कि 4 जनवरी 2023 उक्त युवक अपने साथियों के साथ मुंह में गमछा बांध कर बागी गांव आया। और मारने पीटने लगा बोला कि यदि कहीं शिकायत किए तो जान से मार दूंगा। तथा पैसा भूल जाओ। मोहम्मद फहीम ने मऊआइमा थाने में मकसूद आलम पुत्र स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद ग्राम फतूहा थाना सराय इनायत प्रयागराज तथ अन्य अज्ञातों के खिलाफ अमानत में ख्यानत एंव जान से मारने सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# ट्रेन से कटकर चाय विक्रेता की मौत



मृतक की फाइल फोटो

**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना परिसर में विगत कई वर्षों से चाय का ठेला लगाने वाले सियाराम प्रजापति 48 वर्ष दोपहर शनिवार को घर से किसी बात से नाराज होकर बसरिया गांव स्थित पुलिया के पास दिल्ली रेल मार्ग पर सामने से आ रही ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी होने पर परिजनों में रो रो कर बुरा हाल हो गया सूचना पाकर पहुंची करछना पुलिस शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सियाराम प्रजापति विगत 10 वर्षों से अस्पताल करछना परिसर में चाय का ठेला लगाता था आने वाले मरीजों को चाय और बिस्कुट नाश्ता कराया करता था इसी से उसके बच्चों का भरण पोषण किया करता था, ठेले पर उसकी पत्नी व उसके दो बच्चे भी हाथ बटाते थे घर की माली हालत ठीक ना होने के कारण वह सरकारी अस्पताल परिसर में चाय का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता था घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया? घटना की सूचना पर पहुंचे गांव के प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट अध्यक्ष प्रधान संघ करछना एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह ने परिजनों को सांत्वना दिलाया और सरकार से हर संभव मदद का दिलासा दिया, बताया जाता है किसी बात को लेकर नाराज होकर दोपहर घर से 1:00 बजे निकला था घर से 1 किलोमीटर दूरी पर बसरिया गांव के पास रेलवे लाइन पुलिया पर आती हुई सामने ट्रेन से कूदकर आत्महत्या कर ली।

# कृषि विभाग ने कैंप लगाकर किसानों को किया प्रशिक्षित

**लालगोपालगंज।** कृषि विभाग ने विभिन्न परिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट नियंत्रण योजना के तहत दलहन, तिलहन फसलों में परीक्षण के अंतर्गत आई.पी.एम. प्रशिक्षण का कार्यक्रम विकास खंड श्रृंगवेरपुर स्थित सिंगरौर उपरहार में प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ. राहुल मौर्य के द्वारा कृषकों को रबी की फसल, तिलहन आदि प्रमुख फसल सरसों में आईपीएम तकनीक के तहत कीट प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि तकनीक का प्रयोग कर किसान तिलहन एवं दलहनी फसलों में कम लागत में अपनी फसलों को कीड़ों से बचाव कर सकते हैं। इस तकनीक के प्रयोग से कृषकों की लागत में कमी आएगी। इससे आय में वृद्धि के साथ किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में केसीसी एवं एनपीसीआई कराने के लिए प्रेरित किया गया?। प्रशिक्षुओं द्वारा बताया गया कि 31 जनवरी 2023 तक सभी किसान अपनी ई-केवाईसी अवश्य करा लें, अन्यथा वह इस योजना से वंचित रह जाएंगे। प्रशिक्षण में संदीप पटेल प्रभारी कृषि बीज भंडार श्रृंगवेरपुर, ओमप्रकाश कुशवाहा ए.डी.एम. कृषि, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह, आशीष कुमार बब्लू, प्रियांशु पटेल, प्रियेश सिंह, उमाशिव, सुनील, धनीराम, सहित सैकड़ों कृषकों ने प्रशिक्षण में भाग लिए।

## अदालती नोटिस

**वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**न्यायालय वन्दोवस्त अधिकारी, चकबंदी, प्रयागराज।**
**अपील सं0 352, पुनर्स्थापना प्रा0प0सं0-12, धारा II(I) जो0च0अ0। सन-2022**
**रवि चन्द्र बनाम गोरे लाल आदि**

रवि चन्द्र पुत्र राम दुलार निवासी-ग्राम उस्तापुर महमूदाबाद, परगना-झूंसी, तहसील-फूलपुर, जिला प्रयागराज।

......पुनर्स्थापनाकर्ता

**बनाम**

गोरे लाल पुत्र स्व0 विश्राम, सुभाष चन्द्र पुत्र स्व0 भोलानाथ, करम चन्द्र पुत्र स्व0 भोलानाथ, दीपचन्द्र पुत्र स्व0 भोलानाथ, श्रीमती कलावती पत्नी स्व0 भोलानाथ, शत्रुधन पुत्र पन्ना लाल, त्रिभुवन पुत्र पन्ना लाल, विवेक पुत्र स्व0 राम भरोस, दिनेश पुत्र स्व0 राम भरोस, तब्दील पुत्र स्व0 राम भरोस, श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 राम भरोस, पुरषोत्तम पुत्र स्व0 विदेशी, मनोज पुत्र स्व0 राम आसरे, संतोष पुत्र स्व0 राम आसरे, विष्णु पुत्र स्व0 लवकुश, धर्मेन्द्र पुत्र स्व0 सुन्दर, राम कैलाश पुत्र स्व0 अलगू, संतोष पुत्र शम्भू, सुग्गा पुत्र स्व0 राम सिंह, मुन्नन पुत्र स्व0 राम सिंह, अनारकली पत्नी स्व0 राम सिंह, राज कुमार पुत्र स्व0 प्रभू, अनिल कुमार पुत्र स्व0 प्रभू, हरि पुत्र स्व0 प्रभू, द्वारिका पुत्र स्व0 प्रभू, श्रीमती रज्जो देवी पत्नी स्व0 प्रभू, श्रीमती रज्जा देवी पत्नी स्व0 प्रभू, रामराज पुत्र स्व0 सरजू, तुलसीराम पुत्र स्व0 सरजू, राजेश पुत्र स्व0 बेनी लाल, नीरज पुत्र स्व0 बेनी लाल, लड्डू पुत्र स्व0 बेनी लाल, राम पूजन पुत्र स्व0 बेनी लाल, श्रीमती बॉबी देवी पत्नी स्व0 बेनी लाल, विष्णु पुत्र स्व0 गया प्रसाद, मुकेश पुत्र स्व0 गया प्रसाद, दिनेश पुत्र स्व0 गया प्रसाद, श्रीमती शिवपत्ती पत्नी स्व0 गया प्रसाद, नरेश पुत्र स्व0 कृपाराम, रमेश पुत्र स्व0 कृपाराम, श्रीमती गोमती देवी पत्नी स्व0 कृपाराम, जगदीश बहादुर पत्र स्व0 सालिकराम, राकेश साहनी पुत्र स्व0 सालिकराम, अनन्त कुमार पुत्र स्व0 सालिकराम, मीरा देवी पत्नी स्व0 कृष्णचन्द्र, अखिलेश कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम, अनिल कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम, अनुज कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम, श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व0 राधेश्याम। समस्त निवासीगण ग्राम उस्तापुरख महमूदाबाद, परगना झूंसी, तहसील फूलपुर, जनपद प्रयागराज।

.....प्रतिवादीगण

आज पत्रावली प्रस्तुत हुई पुकार करायी गयी प्रस्तुत प्रकरण रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र दिनांक 04/01/2022 के आधार पर विचाराधीन चल रहा है। विपक्षीगण को सूचना नोटिस प्रेषित किये गये हैं किन्तु समस्त सूचना नोटिस चस्पा है तथा गवाह भी लगभग समान हैं, संबंधित तामीलकर्मा कर्माचारी को कारण बताओ नोटिस निर्गत कराया जाये पुर्नस्थापना प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकता पक्ष के प्रार्थना पत्र के आधार पर विपक्षीगण ने गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 11-01-2023 के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि-25-01-2023**

आज्ञा से-
बन्दोबस्त अधिकारी
चकबंदी, प्रयागराज।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारा पीट तथा तोड़ा मोबाइल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जमीनी विवाद को लेकर कई को मारा पीटा गया और मोबाइल तोड दिया गया। तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के दुबाही गांव निवासी गुलजार अली पुत्र अकबर अली का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी एक राय होकर घर पर चढ आए परिजनों को मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल छीन कर जमीन में पटख दिए।। गुलजार अली ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे करअमर सिंह ,गीता देवी ,सरिता ,राजेश महाजन तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आनंद तिवारी बने समीक्षा अधिकारी मिल रही बधाई



आनंद तिवारी

**कोरांव।** स्थानीय विकास खंड के करपिया गांव निवासी आनंद तिवारी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के तहत समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है । आनंद की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है । स्थानीय लोगों द्वारा निरंतर बधाई दी जा रही है। उक्त गांव निवासी अधिवक्ता राम प्रसाद तिवारी के बेटे आनंद तिवारी की इंटरमीडिएट तक कि शिक्षा कोरांव के गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में एवं स्नातक सहित अन्य शिक्षा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश में पूर्ण हुई। आनंद ने 2014 से लेकर 2022 तक पीसीएस परीक्षा का कई बार मेंस दिया है। बातचीत के दौरान आनंद ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे माता-पिता शिक्षकों का सहयोग एवं आशीर्वाद है । उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से इंसान हर मुकाम हासिल कर सकता है । आनंद की सफलता पर विधायक राजमणी कोल ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडे शशिकांत तिवारी शशांक तिवारी डॉक्टर अनिल पांडे राजेश त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे गणेश प्रसाद मिश्रा सपा नेता राजू चौबे सशी द्विवेदी विमलेश मिश्रा गणेश शंकर तिवारी भोला नाथ पांडे सहित तमाम अन्य लोगों ने बधाई दी।

# शुआट्स अधिकारियों को फंसाने का षड्यंत्र रच रहा संगठित गिरोह

**नैनी।** शुआट्स के मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय के बर्खास्त कर्मचारी व पूरा छात्र एक संगठित गिरोह बनाकर शुआट्स अधिकारियों को धर्मांतरण प्रकरण में फंसाने का षड्यंत्र रच रहे है। इस संगठित गिरोह में विश्वविद्यालय के बर्खास्त कर्मचारी आईजेक फ्रैन्क, पूरा छात्र दिनेश शुक्ला एवं सर्वेन्द्र विक्रम सिंह शामिल हैं।

डा. दूबे ने बताया कि शुआट्स एवं यीशु दरबार चर्च में कभी भी धर्मांतरण का कार्य नहीं किया गया है। धर्मांतरण का आरोप लगाने वाला आईजेक फ्रैन्क शुआट्स का बर्खास्त कर्मचारी है जो निजी स्वार्थ में ब्लैकमेलिंग हेतु अनैतिक दबाव बनाने के लिये झूठा आरोप लगा रहा है। यीशु दरबार चर्च की प्रार्थना सभा में आईजेक फ्रैन्क परिवार सहित शामिल होता रहा है उस दौरान कभी भी इसने धर्मांतरण का आरोप नहीं लगाया था। वर्तमान में शुआट्स द्वारा आईजेक फ्रैन्क के गैरकानूनी व अनैतिक कार्यों के लिये उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है, माननीय न्यायालय में वाद भी चल रहा है। शुआट्स पर पैरवी न करने का दबाव बनाने के लिये आईजेक फ्रैन्क शुआट्स अधिकारियों पर झूठा व मनगढ़न्त आरोप लगा रहा है जिसमें बिल्कुल सच्चाई नहीं है।

संगठित गिरोह में शामिल पुरा छात्र दिनेश शुक्ला छात्र अवधि में अनैतिक कार्यों में लिप्त था जिसके कृत्यों के कारण एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 245/14 नैनी थाने में दर्ज है। दिनेश शुक्ला द्वारा शुआट्स में नौकरी की मांग की गई, मांग पूरी न होने पर सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय अधिकारियों के खिलाफ झूठा आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने लगा। इस सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री सहित जिला प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है। दिनेश शुक्ला द्वारा विश्वविद्यालय में जबरन घुसकर छात्रों को भड़काने व अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया एवं 50 लाख की रंगदारी मांगी गई जिसके लिखे नैनी थाने में दिनांक 9 दिसंबर 2022 को प्रार्थना पत्र दिया गया। इसीलिये पेशबन्दी में दिनेश शुक्ला, शुआट्स अधिकारियों को फतेहपुर धर्मांतरण प्रकरण में फंसाने के लिये झूठा बयान एवं भ्रामक तथ्य प्रस्तुत कर रहा है।

संगठित गिरोह में शामिल पुरा छात्र सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने वर्ष 2010 में बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। बाद में सर्वेन्द्र विक्रम सिंह गैर कानूनी रूप से दबाव बनाने लगा कि विश्वविद्यालय द्वारा उसे बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी में उत्तीर्ण की डिग्री दी जाये। डिग्री नही देने पर विश्वविद्यालय अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी देने लगा। विश्वविद्यालय द्वारा सर्वेंद्र विक्रम की मांग पूरी नहीं की गई जिसके कारण पेशबन्दी में सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने झूठी घटना के आधार पर शुआट्स अधिकारियों के नाम फतेहपुर कोतवाली में धर्मांतरण की झूठी एफआईआर दर्ज करा दी।

उत्तर मध्य रेलवे

G20

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 23/06 दिनांक: 20.01.2023

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30222762[illegible] | [illegible] | 2258 नग | 15.02.2023 |
| 2 | 20233716 | [illegible] | 20 नग | 09.02.2023 |

नोट: उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 113/23 (P)

[illegible] @CPRONCR [illegible] www.ncr.indianrailways.gov.in

# मऊआइमा कस्बा के अरकम इस्तियाक बने समीक्षा अधिकारी

**मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर के निवासी हैं अरकम**



अरकम इस्तियाक

**मऊआइमा।** यूपी सर्विस कमीशन प्रयागराज से अरकम इस्तियाक ने समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में सफल होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर निवासी अरकम इस्तियाक पुत्र मोहम्मद इस्तियाक ने यूपी सर्विस कमीशन प्रयागराज से समीक्षा अधिकारी के पद में सफलता हासिल की। जिसकी खबर परिजनों और मऊआइमा कस्बा में लगी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गयी। मोहम्मद अरकम की माता शिक्षक हैं। पिता मोहम्मद इस्तियाक घर पर रहते हैं। अरकम दो भाईयों में सबसे बडा है छोटा भाई अयजन अंसारी, दो बहनें छोटी हैं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। माता सरकारी शिक्षक हैं। अरकम इस्तियाक एक बुनाकर अंसारी परिवार से तालुक रखते हैं। सन 2021 की परीक्षा का परिणाम आने की खबर जब अरकम को लगी तो वह काफी खुश थे। अरकम के समीक्षा आधिकारी (रिव्यू अफसर) परिक्षा में आने से मऊआइमा कस्बा के लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, अय्यूब अंसारी, नदीम इंतेखाब, मौलाना फजलुर्रहमान कासमी।, नूर उद्दीन सैफी, राशिद लतीफ, इरशाद, ताज उद्दीन सिद्दीकी, राजू आदि बडी संख्या ने बधाई दिया है।

# प्रस्तुतिपरक शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का समापन आज

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), राष्ट्रीय शिशु विद्यालय और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वाधान में मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये बीस जनवरी से संचालित प्रस्तुतिपरक द्वितीय शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का समापन दर्जनों नृत्य, नाटक व गायन की प्रस्तुतियों के साथ आज अपराह्न 2:00 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में किया जाएगा।

# धम्म धर्चा का साप्ताहिक कार्यक्रम समाप्त



सम्राट अशोक बुद्ध बिहार गाजीपुर से आये भंते

**खीरी।** कोरांव छेत्र में धम्म चर्चा का साप्ताहिक कार्यक्रम शनिवार को खीरी में समाप्त हो गया।धम्म चर्चा के दौरान गाजीपुर से चल कर आए भंते जी अपने उपासक के साथ दर्जन भर से अधिक जगहों पर छोटे बड़े जन सभा कर लोगो में भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई बातो को विस्तार से लोगो के बीच रखें।

जानकारी के अनुसार सम्राट अशोक बुद्ध बिहार गाजीपुर से भंते धम्म सरन और भंते सुख सागर के साथ उपासक उमाकांत मौर्य तथा विंध्याचल आयोजक अशोक सर के साथ मिजार्पुर, अंतरैला, मांडा,कोरांव,टीकर,अकबर शाहपुर, दरी, सुकाठ, समेत खीरी के साथ गुगल मैप से जानकारी मिलने घोघर बीर मेला महुली खुर्द भी पहुंचे। जहां पर स्थानीय सियाराम, आलोक कुमार,राम अभिलाष पूर्व प्रधान ने समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि यहां पर पहले बुद्ध भगवान का मूर्ति पड़ी थी। जो अब कुछ समय से नही दिखाई देता है। यहां पर हम सब के आजा बाबा से मिली जानकारी के अनुसार कई वर्षो से प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर विशाल बुद्ध मेला का आयोजन होता चला आ रहा है।भंते धम्म सरन जी ने धम्म चर्चा कार्यक्रम में बुद्ध कथा, शील और सदाचार के साथ लोगो को जागरूक किए।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
नलकूप निर्माण खण्ड, प्रयागराज
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/[illegible]/2022-23

[illegible]

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| [illegible] | Supply and carriage of pea gravel of size 2.00 to 3.50 mm (IS Code-4097-1967 Reaffirmed 2008) from Lalkuan Haldwani to Gyanpur Store (Sub Division,TWD-II) Block- Aurai District-Bhadohi, including screening, loading, unloading, stacking, Royalty, Contractor profit, all taxes of Quarry and Transportation. | [illegible] | 554000.00 | 11100.00 | 575.00 | एक माह | A श्रेणी |
| [illegible] | Drilling of Bore (550x450mm) of state tubewell of 150mtr depth of 1.0cusec capacity to provide irrigation facility in Block-Aurai District-Prayagraj | 2 [illegible] | 465000.00 | 9300.00 | 575.00 | एक माह | A श्रेणी |

नोट:-


1. [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

उ.प्र.-184615 दिनांक-19.01.2023
वेबसाइट--www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, प्रयागराज



# प्रयागराज माघ



मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 22.00 |
| न्यूनतम : | 9.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## संक्षेप

### वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित

**नैनी।** शनिवार को शिवाजी पार्क नैनी एडीए कॉलोनी में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया महाकाल स्पोटिंग नैनी एवं देव स्पर्टेट बसवार के बीच में खेला गया जिसका उद्घाटन करते जिला पंचायत अध्यक्ष बिहार सुधीर शर्मा, मंटू सिंह ,वंश नारायण सिंह मोनू सिंह, अध्यक्ष प्रभात कुमार राय, मनोज राय, संजय राय, पंकज शुक्ला, राजनारायण सिंह एवं समस्त आयोजन कर्ता उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्मारिका विमोचन के साथ सम्मान समारोह आज

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज समारोह एवं स्मारिका का विमोचन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में सुबह 11:00 बजे से करेगा। इस अवसर पर लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा जिसमे मुख्य अतिथि जस्टिस मंजू रानी चौहान होंगी।

# मौनी अमावस्या : दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने लगाई त्रिवेणी में आस्था की डुबकी

**आस्था की डुबकी**

- चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस व एनडीआरएफ की टीम
- हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा तो जयकारे लगाने लगे श्रद्धालु

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर शनिवार सायं 06 बजे तक 02 करोड़ 09 लाख लोगों ने लगायी आस्था की डुबकी लगाई। हालांकि स्नान का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं कल्पवासियो संत महात्माओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हुई। प्रशासन ने मौनी अमावस्या का पावन स्नान पर्व सकुशल ढंग से संपन्न करवाया। शुक्रवार के शाम से ही संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते रहे। एडीजी जोन भानु भास्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सभी सेक्टरों एवं स्नान घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी रहते रहे। पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने रात से ही भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण करते रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते रहे।



मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने को उमड़ा जनसैलाब

### मेला क्षेत्र में निरीक्षण करते रहे पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर भक्तों श्रद्धालुओं का भारी भरकम भीड़ देखकर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा सहित सभी अधिकारी मेला क्षेत्र का भ्रमण करते रहे भ्रमण करने वालों में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश, पुलिस अपर आयुक्त आकाश कुलहरि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक मेला आदित्य शुक्ला शामिल रहे।

### पुष्प वर्षा से अभिभूत हुए श्रद्धालु

एक तरफ जहां संगम तट पर श्रद्धालुओं संत महात्माओं का गंगा घाट पर स्नान करने का सिलसिला जारी रहा वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं संत महात्माओं पर पुष्प वर्षा हुआ सभी ने योगी मोदी सरकार को धन्यवाद कहा अपने ऊपर पुष्प वर्षा होते देख श्रद्धालु खुशियों से झूम उठे तथा मां गंगा को प्रणाम करते रहे वहीं दूसरी तरफ गंगा मैया की जय हर हर महादेव के नारों से त्रिवेणी का तक गुंजायमान होता रहा



श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करते हुए



संगम तट पर तैनात एनडीआरएफ की टीम

## देर रात वर्षा के बीच संगम तट पर मुस्तैदी से डटी रही एनडीआरएफ की टीम

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सहायता के लिए एनडीआरएफ की टीम भारी बारिश के बीच मुस्तैदी के साथ खड़ी रही। कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें अभिषेक राय, उप कमांडण्ट के देख रेख में निरीक्षक इंद्रदेव कुमार के नेतृत्व मे निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक चंदन सिंह, उप निरीक्षक प्रेम सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार सहायक उप निरीक्षक ब्रजेश पांडेय,इंद्रजीत यादव, रतन मौर्या,मनवीर सिंह, मुख्य आरक्षी के के पांडेय, मनीष, छोटू यादव, आरक्षी अजय पांडेय, धर्मेंद्र, सरिता ( महिला) तैनात रहे। माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर बारिश की बूँदों के बीच मे भी एन डी आर एफ के जवान संगम तट पर सक्रिय रहे।

माघ मेला प्रयाग राज मे स्नान पर्व को सकुशल/सौहार्द पूर्ण वातावरण मे संपन कराने हेतु 11 वी बटालियन एन डी आर एफ की टीमे शास्त्री घाट, वी आई पी घाट से लेकर संगम तक, वी आई पी घाट,पीपा पुल नंबर दो और अरैल घाट क्षेत्र पर मुस्तैदी से तैनात हैं।

संगम तट के किनारे मौनी अमावस्या की देर रात से ही स्नान से पूर्व एन डी आर एफ की टीमे तैनात है और स्नान शुरू होते ही टीमे सक्रिय हों जाती हैं, और जरूरी उपकरणों लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप ड्रिवर सेट तथा संचार के लिए वायरलेश आदि के साथ मोटर वोट से संगम तट के किनारे भ्रमण करती रहती है। संगम पर एन डी आर एफ की महिला बचाव कर्मी भी सक्रिय नजर आ रही हैं, और स्नान पर्व को सौहार्द पूर्ण संपन करा रही हैं, ये सेवा भाव करते हुए एन डी आर एफ के जवान मे बहुत ही उत्साह देखेंने को मिला।

## मौनी अमावस्या पर महापौर ने की पूजा अर्चना



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी त्रिवेणी में डुबकी लगाई इसके पश्चात भगवान सूर्य को जल देकर माँ त्रिवेणी जी एवं सूर्य देव से समस्त देशवासियों के कल्याण हेतु प्रार्थना की। वहीं दूर-देश से संगम आये प्रवासी साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। नगर निगम प्रशासन द्वारा समस्त मेला क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई व्यस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

# मौनी अमावस्या पर क्रियायोग शिविर में लोगों की रही भीड़



क्रियायोग शिविर में मौजूद साधक



साधकों को क्रियायोग के बारे में बताते स्वामी श्री योगी सत्यम्

### अनंत ब्रम्हांड का सूक्ष्म रूप है मानव स्वरुप : स्वामी श्री योगी सत्यम्

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र त्रिवेणी रोड पुल नंबर 2 पर स्थित सेवारत क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान का शिविर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगाया गया है जिसमें काफी संख्या में देश व विदेश के साधक पहुंचकर क्रियायोग का अभ्यास व मानव स्वरूप में मौजूद अनंत ब्रह्मांडीय ऊर्जा को जानने की कोशिश में लगे हुए हैं । बताते चलें कि मेला क्षेत्र के क्रियायोग शिविर में शनिवार को क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम् जी ने मेला शिविर में आए हुए देश व विदेश के साधकों को क्रियायोग के 42 रिचार्जिंग विधि को समझाते हुए अभ्यास कराये । तथा यह भी बताया कि मानव स्वरूप में संपूर्ण ब्रह्मांड सूक्ष्म रुप में ठीक उसी प्रकार समाहित है जिस प्रकार एक बीज में अनंत वृक्ष समाहित है, मानव स्वरूप में अनंत ब्रह्मांड का सूक्ष्म रूप है । स्वरूप में दृश्य और अदृश्य जगत की संपूर्ण रचनाएं सूक्ष्म तरंगों के रूप में संपादित होती हैं। क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने यह भी बताया कि क्रियायोग एक ऐसी साधना है जिसके द्वारा स्वरूप में गहन एकाग्रता केंद्रित करके साधक स्वरूप में पूरे ब्रह्मांड की अनुभूति कर लेता है । तथा स्वरूप को सीमित रूप में अनुभव करना ही माया है। जिसे अज्ञान अविद्या कहा गया है। क्रियायोग साधना से माया का लोप संपूर्ण रचनाओं के सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, अनंत और स्वरूप का साक्षात्कार होता है।

### दंडवत परिक्रमा रोकने पर अन्न जल त्यागकर अनशन पर बैठे मौनी स्वामी

**प्रयागराज।** माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर शनिवार को राष्ट्र रक्षा के लिए निकाली जाने वाली चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा पर पुलिस ने रोक लगा दी। इस दौरान संतों-भक्तों ने पुलिस से आग्रह किया कि परिक्रमा खंडित न होने दी जाए, लेकिन अनसुनी कर दी गई। परिक्रमा खंडित होने के विरोध में अभय चैतन्य ब्रह्मचारी मौनी बाबा अन्न-जल्त्याग कर अनशन पर बैठ गए। देर रात तक उनका अनशन जारी था। सुबह सात बजे बाजे गाजे के साथ महाकाल यज्ञशाला से जैसे ही चक्रवर्ती परिक्रमा निकालने की तैयारी की गई, वहां खाक चौक के सीओ पहुंच गए। पुलिस अफसर का कहना था कि दंडवत करते हुए संगम तक इस यात्रा को निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस पर मौनी बाबा ने उनको अनुमति पत्र भी दिखाया। उनका कहना था कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर परिक्रमा निकाली गई थी।



त्रिवेणी में संगम स्नान के बाद अपने घर को लौटते श्रद्धालु

## स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में मौनी अमावस्या पर्व पर स्नान ध्यान, हवन, पूजन, आशीर्वचन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन



हवन पूजन करते स्वामी कृष्णानंद जी महाराज

### पूज्य गुरुदेव ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आप तनावमुक्त रहते हुए हमेशा खुश रहें

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग की पावन धरती पर सेक्टर 3 में स्थापित अन्नपूर्णा मार्ग में सद विप्र समाज सेवा शिविर में पूज्य सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में नित्य नियमित के भांति शनिवार को मौनी अमावस्या पर्व पर सुबह स्नान ध्यान आरती हवन पूजन आशीर्वचन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें पूज्य सदगुरुदेव के सानिध्य में संयोजक कल्पराज सिंह, न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान, सुरेंद्र सिंह, वीरभद्र प्रताप सिंह, भुनेश्वर भारती चंद्रप्रताप द्वारा संत भगवान को प्रसाद दक्षिणा के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आप तनावमुक्त रहते हुए हमेशा खुश रहें और इसके लिए, राजा की तरह ज राजा की तरह राणा राजा की तरह सोचना और राजा की तरह कार्य करना पड़ेगा । कार्यक्रम में प्रतिदिन जनपद के माननीय न्यायमूर्ति ,अधिकारीगण एवं मेला अधिकारी शामिल रहे।

### मौनी अमावस्या पर्व पर शिष्यों के साथ भैरव महाराज ने संगम में लगाई डुबकी


**प्रयागराज।** स्वामी गिरिनार बाबा के कृपा पात्र शिष्य भैरव महाराज ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने अपने समस्त भक्तों के साथ सुबह 4.30 पर संगम पहुंचकर डुबकी लगाई । तथा साथ ही शालिक राम शुक्ला, शारदा प्रसाद पांडेय, बीरबल, बाबा रामेश्वर दास, बाबा बलराम दास तथा अन्य भक्त भी संगम में डुबकी लगाए । स्नान ध्यान के पश्चात मंत्रों का उच्चारण करते हुए समस्त भक्तों के साथ बाबा ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी अपने शिविर को प्रस्थान करते हुए चले गए।

### ज्योतिर्मठ को मिले चार नये ब्रह्मचारी

**प्रयागराज।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री शंकराचार्य शिविर में नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा सम्पन्न हुई। परमाराध्य परम धर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज ने चार विरक्त लोगों को ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी। सर्वप्रथम प्रायश्चित रूपक क्षौर कर्म कराया गया इसके बाद इनके पुराने नाम को बदलकर नया नाम दिया गया। गोरखपुर के दुर्गेश तिवारी का नाम परमानन्द ब्रह्मचारी, बगासपुर मध्य प्रदेश के घनश्याम गौतम जी का नाम मुक्तानन्द ब्रह्मचारी, महेश चन्द्र जी का नाम अभयानन्द ब्रह्मचारी और राम कुमार जी का नाम बदलकर रामभवानन्द ब्रह्मचारी नाम दिया।


ज्ञातव्य हो कि शंकराचार्य जी महाराज ने संकल्पपूर्वक संगम में स्नान किया और विलासपुर छत्तीसगढ के लिए रवाना हुए।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज ने लगाई त्रिवेणी में डुबकी



**प्रयागराज।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज ने संगम स्थल पर माघ पर्व सन्देश जारी किया। उन्होंने समस्त सनातनधर्मियों को प्रयागराज से प्रयागराज का माहात्म्य और पूज्य पुरुषों के अपमानजनक दृश्यों को देखने पर लगने वाले पाप से बचने की बात कही।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर स्वामी गिरिनार बाबा महाराज शिविर में साधु संतों को खिलाया गया (भोजन) प्रसाद









**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर त्रिवेणी मार्ग स्थित श्री श्री 1008 स्वामी गिरिनार बाबा महाराज के शिविर में शनिवार को साधु संतों को भोजन(प्रसाद) वितरण कराया गया तथा भोजन के पश्चात आए हुए सभी संतो को दक्षिणा देकर विदा किया गया । आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गिरिनार बाबा आश्रम का शिविर त्रिवेणी मार्ग पर स्थित झूंसी थाने के पीछे लगाया गया है,जो अन्य क्षेत्र के रूप में अपनी अलग पहचान बनाया है । गिरिनार बाबा महाराज आश्रम के कृपा पात्र शिष्य भैरव महाराज ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने बताया कि गुरु की परंपरा को निर्वहन कर रहे हैं जो हर वर्ष इसी तरह मेला शिविर में परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है वही परंपरा आज भी चलती आ रही है तथा ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम श्रीराम पुरवार के सौजन्य से आज का कार्यक्रम संपन्न कराया गया है जिसमें काफी संख्या में मेले के साधु संत पहुंचकर प्रसाद को ग्रहण किए हैं इस कार्यक्रम में ज्यादातर साधु संत मध्य प्रदेश जिले से कई अन्य क्षेत्रों से आए हुए हैं । तथा कृपा पात्र शिष्य भैरव महाराज ब्रह्मचारी छोटे बाबा जी ने यह भी बताया कि मौनी अमावस्या पर्व के पश्चात भी बसंत पंचमी पर्व पर भी आयोजित किया जाएगा जिसमें काफी संख्या में भक्तों के आने की अनुमान लगाई जा रही है ।



शिविर में प्रसाद ग्रहण करते साधु संत

## संक्षेप

### प्रकृति को जोड़े नहीं उससे जुड़े, तभी जगत का कल्याण : सन्यासी बाबा विश्वनाथ



**नैनी।** सन्यासी बाबा विश्वनाथ चक्रवर्ती के सानिध्य में मौनी अमावस्या पर उनके शिष्यों ने भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सुरली बाबा, लंदन बाबा, सेवक रवि शंकर, सुशीला देवी, जगदम्बा प्रसाद पटेल (बच्चा), श्रवन, सत्यनारायण देवता, नीरज शुक्ला, चंदन, दीपू, अनुराग आदि भक्तों ने सहयोग प्रदान किया।

## संक्षेप

### एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ पकड़े गए युवक

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात अझुवा कस्बे के समीप संदिग्ध दशा में खड़े दो युवकों को धर दबोचा। पुलिस ने अरोपित युवकों के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़े गए आरोपित युवक गोरेलाल, लक्ष्मण निवासी अझुहा बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपित युवक अर्से से इलाके में गांजा तस्करी का काम करते थे।

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशांबी।** चरवा इलाके के एक गांव की किशोरी पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई। बुधवार की शाम किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर रात किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। इसके बाद भी किशोरी का कहीं अता-पता नहीं चल सका। दूसरे दिन पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक शाम देखा गया था। खोजबीन के बाद पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़ित पिता से तहरीर लेकर पुलिस प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**मौनी अमावस्या**

समाजसेवियों द्वारा आयोजित हुआ टेढ़ीमोड़ दारानगर में भंडारा



मौनी अमावस्या पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु

**कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या पर शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के लिए जिले भर के सभी प्रमुख गंगा घाटों पर भोर से भक्तों की भीड़ रही। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने स्थानीय मंदिरों में पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। भक्तों ने स्नान के बाद दान-पुण्य भी किया। घाटों पर भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता हैं। मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर गंगा नदी, और जलकुंड में स्नान- दान करने से पुण्य लाभ मिलता है। इस दिन दिया गया दान सौ गुना फलदायी होता है।

वही समाजसेवी ने श्रद्धालुओं को खिलाया प्रसाद मौनी अमावस्या पर्व पर शक्तिपीठ कड़ा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मां शीतला के दरबार में माथा टेका। घाट से पहले टेढ़ीमोड दारानगर समाजसेवी दुली चन्द्र जी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता व समजसेवी अरुण केसरवानी जी ग्राम प्रधान लवलेश जी डॉ आर्य जी मुन्ना पटेल जी मोनु अग्रहरि श्यामू अग्रहरि अमन अग्रहरि सचिन अग्रहरि पिंटू साहू अंकित साहू व तमाम लोगों ने श्रद्धालुयो को प्रशाद वितरित किया।

## ग्राम प्रधान के दो हत्यारों को आजीवन कारावास

**कौशांबी।** 14 साल पहले चुनावी रंजिश को लेकर मलाक मोइद्दीनपुर के ग्राम प्रधान को ट्रक से कुचलकर मौत के घाट उतारने वाले दो हत्यारों को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट चित्रा शर्मा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 62-62 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जबकि मुकदमे में आरोपित रहे तीन अन्य सदस्यों पर दोषसिद्ध न होने पर अदालत ने बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक पंकज सोनकर के मुताबिक 17 दिसंबर 2008 को मलाक मोइद्दीनपुर निवासी पन्नालाल ने प्रामुफ्ती पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि परिवार के ही परसन प्रसाद ग्राम प्रधान थे। उनका गांव के ही बच्चालाल से चुनावी रंजिश थी। 17 दिसंबर को परसन प्रसाद गांव के ही पप्पू यादव के साथ बाइक से पूरामुफ्ती जा रहे थे। महगांव के समीप ट्रक से कुचल दिया गया। जिससे परसन की मौके पर मौत हो गई और पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। पन्नालाल ने बच्चालाल व अजमल समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मामले का विचारण विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की अदालत में किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पंकज सोनकर व धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने कुल आठ गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। उभय पक्षों के तर्कों को सुनने और पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अदालत ने बच्चालाल व अजमल को दोष सिद्ध पाते हुए उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

# भूमि विक्रय के नाम पर युवक से ठगे साढ़े छह लाख रुपये

**कौशांबी।** सैनी के डोलची गांव में भूमि विक्रय के नाम पर कुछ लोगों ने एक युवक से साढ़े छह लाख रुपये ठग लिए। बाद में जमीन बिक्री से इनकार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर युवक को हत्या की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ शुक्रवार को धोखाधड़ी व धमकाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के डोरमा निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि तीन साल पहले उनकी मुलाकात डोलची गांव के विजय पाल से हुई। विजय पाल ने अपनी भूमि बेचने की बात कही तो दिलीप तैयार हो गया। दो साल में दिलीप ने कई किश्त में साढ़े छह लाख रुपये विजय पाल को दे दिए। इसके बाद जब उसने जमीन बैनामा करने की बात कही तो वह विजय टालमटोल करने लगा। दिलीप का आरोप है कि चार जनवरी को वह विजय से रुपये वापस मांगने उसके गांव पहुंचा तो वह गाली-गलौज करने लगा। दिलीप ने विरोध किया तो विजय व उसके परिवार के संदीप व अंजना झगड़े पर आमादा हो गए।

## मिस्त्री की मौत पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** सरायअकिल के सराय युसुफ गांव से निमार्णाधीन मकान में शटरिंग लगाने के लिए गए मिस्त्री की संदिग्ध हाल में हुई मौत पर पुलिस ने तीन साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल तीनों साथी मिस्त्री के साथ गए हुए थे और बेसुध हाल में उसे घर छोड़ गए थे। बहरहाल कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सराय युसुफ निवासी रामविलास शटरिंग मिस्त्री था। 16 जनवरी को गांव के छोटू, विरनेर निवासी रंजीत और चकिया पाल चौराहा निवासी नीरज के साथ निमार्णाधीन मकान में शटरिंग लगाने के लिए मंझनपुर गया था। इस बीच रामविलास की हालत संदिग्ध दशा में खराब हो गई। दूसरे दिन तीनों साथी रामविलास को बेसुध हाल में लेकर उसके घर पहुंच गए और छोड़ कर चले गए। पूछने पर स्पष्ट कारण नहीं बताया। परिवार के लोगों ने रामविलास को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दूसरे दिन मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कानूनी औपचारिकता पूरी की। वहीं मृतक के भाई उमेश ने नीरज, छोटू व रंजीत पर जानलेवा हमले की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लोगों ने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने हत्या की धमकी दी और चले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से की। इस संबंध में कोतवाल भुवनेश चौबे का कहना है कि मामले की जांच के बाद शनिवार को तीनों आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## पुरानी रंजिश में महिला को पीटा सात पर केस दर्ज

**कौशांबी।** संदीपन घाट के बलिहावां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने महिला की पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और सात लोगों के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया। बलिहावां निवासी बबलू का गांव के ही अच्छे बाबू से पुरानी रंजिश चली आ रहा है। इसे लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। गुरुवार को बबलू की पत्नी नगीना बेगम अपने घर के बाहर बैठी थी। इस बीच अच्छे बाबू के परिवार की शकीना आई और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। नगीना ने विरोध किया तो शकीना समेत अच्छे बाबू, आदिल, आरिफ, हसीना, शीबा व साहिबा ने मिलकर उनकी बेरहमी से पिटाई। इससे नगीना बेगम घायल हो गईं। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की।

# दो घरों से नकदी समेत तीन लाख की गृहस्थी चोरी

**कौशांबी।** चरवा के मदुकी गांव में शुक्रवार की रात दो घरों की दीवार में सेंधमारी कर चोरों ने नकदी व जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये की गृहस्थी पार कर दी। इस बीच आहट होने पर एक गृहस्वामी को चोरों ने पिटाई भी की। चोरों के फरार होने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर लेकर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मदुकी निवासी अमर सिंह खेती करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद वह परिवार के साथ आगे वाले कमरे में सो गए। आधी रात को चोरों ने गांव में धावा बोला और उनके घर को अपना निशाना बनाया। पीछे की दीवार में सेंधमारी कर अंदर घुसे चोरों ने 35 हजार रुपये नकदी व जेवर समेत करीब दो लाख रुपये की गृहस्थी पार कर दी। इसके बाद चोर गांव के ही बुल्ला सिंह के घर पहुंचे। आगे के कमरे में बाहर से कुंडी को कपड़े से बांध दिया। इसके बाद सेंधमारी कर अंदर घुसे चोर बक्सा में रखा 20 हजार रुपया नकदी, सोने-चांदी के जेवरात व बर्तन आदि समेत करीब एक लाख रुपये की गृहस्थी पार कर दी। चोरी के दरम्यान आहट होने पर बुल्ला सिंह की नींद खुल गई। उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो चोर अंदर घुसे और मुंह दबाकर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। बुल्ला सिंह ने चोरों के जाने के बाद शोर मचाया तो ग्रामीण जागे। चोरों की तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व पीड़ित गृहस्वामियों से पूछताछ की। चरवा के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि चोरी की तहरीर मिली है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।



दीवाल में चोरों द्वारा लगाई गई सेंध

# फसल नुकसान के मुआवजे की मांग हेतु सौंपा ज्ञापन

**मांग**

नहर सफाई में हुई भारी धांधली पर अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर समुचित कार्यवाही हो : अजय सोनी



मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते समर्थ किसान पार्टी के पदाधिकारी

**कौशांबी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी की अगुवाई में समर्थ किसान पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत से भेंट की और कौशांबी जनपद की नहरों की पटरियों के कटने से किसानो के खेतों में हुए जलभराव के चलते फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। साथ ही ठेकेदारों और अधिकारियों के द्वारा नहरों की सफाई में की गई धांधली पर कार्यवाही करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। दिए गए ज्ञापन में किसानो के खेतों मे जलभराव होने से फसलों के हुए नुकसान का किसानो को मुआवजा देने, नहरों एवं रजबहों के टेल तक पानी पहुंचाने, नहरों एवं रजबहों की सफाई में हुई धांधली पर समुचित कार्यवाही करने जैसी मांगे शामिल थीं। इसके पूर्व प्रतिनिधि मंडल के लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि अधिकारियों और ठेकेदारों ने नहरों की सफाई में भारी धांधली की है। जिसके चलते नहरों की पटरियों के कटने से किसानो के खेतों में पानी भर गया और किसानो की फसलें बरबाद हो गई। अजय सोनी ने कहा कि ऐसे दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर समुचित कार्यवाही हो। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ सुरजीत वर्मा, डॉ अरविंद मौर्य, हेमंत कुमार, शिवबाबू मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में मजदूर व बाइक सवार जख्मी

**कौशांबी।** सैनी के अजुहा कस्बे में हुए सड़क हादसे में मजदूर व बाइक सवार युवक जख्मी हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराकर सूचना पुलिस को दी गई। अजुहा के वार्ड नंबर छह निवासी जुन्नू प्रसाद मजदूरी करते हैं। शनिवार की शाम वह हाईवे पर हो रहे निर्माण में मजदूरी करके वापस घर लौट रहा था। इस बीच जीटी रोड पार करते समय विपरीत दिशा से आ रहे कस्बे के शनी निवासी मढ़ियामई अजुहा की बाइक से जा टकराया। हादसे में जुन्नू व शनी घायल हो गए। उधर से गुजर रहे लोगों ने लहूलुहान हालत में एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर घायलों के स्वजन भी अस्पताल पहुंचे।

## किशोरी के हत्यारे माता-पिता व भाई को उम्रकैद

**कौशांबी ।** सरायअकिल कस्बे के बुद्धपुरी मोहल्ले में दो साल पहले किशोरी की गला घोंटकर हत्या करने वाले माता-पिता व भाई को त्वरित न्यायालय प्रथम के न्यायाधीश कीर्ति कुणाल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक पुरुषोत्तम लाल गुप्ता के मुताबिक घटना 15 फरवरी 2020 की है। बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी हुबलाल ने सरायअकिल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी रीना की दिमागी हालत ठीक नहीं रहा करती थी। उसने फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंट कर हत्या की पुष्टि हुई। मामले की विवेचना में सामने आया कि मृतका परिवार के लोगों की बात नहीं मानती थी और मनमानी किया करती थी। इसे लेकर आए दिन घर में तनाव की स्थिति बनी रहती थी। घटना वाले दिन भी झगड़ा हुआ था। ऐसे में मृतका के पिता हुबलाल समेत माता शीला देवी व भाई संदीप की भूमिका संदिग्ध पाई गई। बहरहाल विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। मामले का विचारण त्वरित न्यायालय प्रथम की अदालत में किया गया। अभियोजन की ओर से कुल छह गवाह पेश कराए गए। शनिवार को उभय पक्षों के तर्कों को सुनने और पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद मृतका के पिता, माता व भाई पर अदालत ने दोष सिद्ध पाया और सजा सुनाई।

## रिजवी सुपरकिंग क्रिकेट क्लब ने कौशाम्बी को हराया

**कौशांबी।** कोसम इनाम गांव स्थित उदयन पैलेस के प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। शनिवार को यहां रिजवी सुपर किंग क्रिकेट क्लब करारी और स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब कौशांबी के बीच मुकाबला हुआ। इसमें करारी की टीम ने जीत दर्ज की। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे रिजवी सुपर किंग क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने 12 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 110 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब कौशाम्बी की टीम 12 ओवर में 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच नियाजी को दिया गया। उसने अपनी टीम के लिए चार विकेट लिए। इस मौके पर सरिता इंडेन गैस के प्रबंधक राजेश कुमार, फिरोज हसन, हसन अली, शारिक, जीशान, बलराम मोहित, बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पान की गुमटी से चोरों ने हजारों का माल उड़ाया

**कौशांबी।** नगर कोतवाली इलाके के बेड़ियन का पुरवा गांव स्थित एक पान की गुमटी से शुक्रवार रात चोरों ने हजारों का माल पार कर दिया। दुकानदार ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

मंझनपुर के मवई केवट गांव निवासी हबीब अहमद ने बेड़ियन का पुरवा चौराहे पर पान की गुमटी खोल रखी है। शुक्रवार देर शाम वह गुमटी बंद करके घर चला गया। रात को गुमटी तोड़कर चोर करीब ढाई हजार रुपया नकद व लगभग 25 हजार रुपया कीमत का सामान उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की। नगर कोतवाल संतोष शर्मा का कहना है कि चोरों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सीढ़ी का दरवाजा टूटने पर भिड़े दो पक्ष, चार घायल

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा के पूरब शरीरा का मजरा गौतम का डेरा गांव में सीढ़ी का दरवाजा टूटने का आरोप लगाने पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए। शिकायत पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और पांच लोगों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया।

गौतम का डेरा निवासी पवन गौतम व अनिल का घर अगल-बगल है। शुक्रवार को अनिल के घर की सीढ़ी में लगा दरवाजा टूट गया। इस पर अनिल ने पवन पर आशंका जाहिर करते हुए उलाहना दिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों तरफ से लोग लाठी लेकर आ गए और एक-दूसरे से भिड़ गए। मारपीट में पवन समेत उसकी पत्नी पूनम और दूसरे पक्ष से अनिल व उसकी पत्नी पुष्पा घायल हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक पश्चिम शरीरा रमेश पटेल ने बताया कि पूनम की तहरीर पर पुष्पा व अनिल और और दूसरे पक्ष से पुष्पा की तहरीर पर पवन, पूनम व पुष्पेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## गरीबों व निराश्रितों को सपा नेता ने वितरित किया कंबल

**कौशांबी।** भरवारी के सपा नेता गुलाम हुसैन ने शनिवार को अपने कार्यालय में गरीबों व निराश्रितों को कंबल वितरित किया। क्षेत्र के गरीब महिलाओं व बच्चों को कंबल देते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।जरूरतमंदों की मदद से आत्मसंतोष भी होता है।

## जनसेवा केंद्र संचालक पर रुपये निकालने का आरोप

**कौशांबी।** कोखराज के बालक मऊ की एक महिला ने एक सहज जनसेवा केंद्र संचालक पर रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए कोखराज पुलिस को तहरीर दी है। उसने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बालक मऊ निवासी उर्मिला देवी पत्नी रामभजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके खाते में आवास के लिए रुपये आए थे। रुपये निकालने के लिए कुछ दिन पहले वह एक सहज जनसेवा केंद्र गई थी। इस बीच सरवर समस्या बताकर संचालक ने वापस लौटा दिया। दो दिन पहले उर्मिला बैंक शाखा पहुंची और लेनदेन देखा तो 10 हजार रुपये खाते से गायब थे। पूछने पर शाखा के कर्मचारियों ने बताया कि जन सेवा केंद्र से उसका रुपया निकला है। ऐसे में पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे जिम्मेदार

**समस्या**

ग्रामीणों ने रास्ते में भरा गंदा पानी को लेकर कई बार दिए शिकायती पत्र

सफाई कर्मी की लापरवाही की वजह से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है



गांव की गलियों में भरा गंदा पानी

**चायल,कौशाम्बी।** विकास खंड चायल के मखऊपुर गांव में जल निकासी के लिए नाली बनाई गई लेकिन रास्ते का गंदा पानी नाली के बजाए ऊपर रास्ते में भरा रहता है जिसकी वजह से लोगों को रास्ते में भरे दूषित पानी को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने प्रधान व सचिव से लेकर उच्च अधिकारियों तक की लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया है।

केंद्र सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत कस्बा व गांव को साफ सुथरा रखने के लिए संपूर्ण प्रयास करती रही सफाई के लिए हर गांव में कर्मचारी की तैनाती की गई है लेकिन आला अधिकारी सफाई कर्मी को अपने कार्य को सही तरीके से नहीं करा पा रहे हैं इसकी वजह से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

## संक्षेप

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में सात घायल

**प्रतापगढ़।** कुंडा के शेखपुर आशिक गांव निवासी अशरफ (45) पुत्र बरकत अली शुक्रवार की शाम अपने बेटे अंसार अली (11) के साथ बाइक से जा रहा था। हाईवे पर वाहन की टक्कर से पित्रा-पुत्र दोनों गंभीर घायल हो गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के रानीमऊ लालाबाजार गांव निवासी कामता देवी (60) पत्नी बब्बूनाथ पटेल सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गई। हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहददीनगर गांव निवासी उर्मिला (35) पत्नी संगम सरोज बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गई। पुरनेमऊ गांव निवासी राजेन्द्र मौर्य (42) पुत्र बृज किशोर मौर्य बाइक से जाते समय हाइवे पर वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कुंडा के चकिया गांव निवासी सुन्दर लाल (68) पुत्र बद्री लाल पटेल वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। महमदपुर गांव निवासी राजेश कुमार (45) पुत्र राधेश्याम गंभीर रुप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला दुकानदार का शव

**पट्टी।** कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर दुकानदार का शव लटकता हुआ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई स्थित मकरा बाजार में महाकाली बंगाली मिष्ठान भंडार के संचालक आशीष पुत्र सुबल बल्लो निवासी वर्धमान पोस्ट नंदई थाना कॉलना पश्चिम बंगाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। सुबह जब देर तक दुकान नहीं खुली तो आस पास के लोगों ने मामले की सूचना ग्राम प्रधान पति शिवपूजन तिवारी को दी। वह मौके पर पहुंचे और दुकान के भीतर कमरे में जाकर देखा तो युवक का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। प्रधान पति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पट्टी व कंधई पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल कधई क्षेत्र में होने के कारण मगरौरा चौकी इंचार्ज ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।


घटना के बाद जुटी लोगों की भीड़

### आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे वांछित आरोपी को शनिवार की सुबह धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा रमेश यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिली कि परसपुर गांव निवासी रामधनी का पुत्र जयप्रकाश उर्फ मुन्ना गांव मे मौजूद है। जयप्रकाश पर हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज है। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश मे लगी थी। सूचना मिलते ही फोर्स ने आरोपी को उसके घर पहुंचकर दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने टेके बाबा धाम में मत्था

**प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शनार्थियों का शनिवार को उत्साहजनक संगम दिखा। प्रयागराज संगम तथा कालाकांकर व मानिकपुर से स्नान कर वापस लौटे श्रद्धालुओं ने दोपहर बाबा धाम पहुंचकर मत्था टेका। वहीं सुबह से ही धाम में मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालु आदिगंगा सई में स्नान कर दान पुण्य में भी जुटे दिखे। मौनी अमावस्या के स्नान पर्व को लेकर लालगंज चैक पर भी भीड सुबह से ही देखी गयी। इसके चलते पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाने मे कडी मशक्कत मे देखा गया। घुइसरनाथ मार्ग पर वाहनों की अधिकता के कारण भी चैक पर कई बार जाम की स्थिति बनी दिखी। वहीं घरो मे भी सनातन श्रद्धालुओं ने स्नान ध्यान कर मां गंगा की पूजा आराधना की। क्षेत्र के हरिहरमंदिरम के परमानंद आश्रम मे भी भजन व संकीर्तन मे श्रद्धालु जुटे दिखे। नेशनल हाइवे के बड़े हनुमान जी मंदिर पर मौनी अमावस्या के साथ शनिवार का दिन होने के कारण हनुमान जी के भी दर्शन पूजन में श्रद्धालुओं का उत्साहजनक जमघट दिखा। इसके चलते दीवानी मार्ग मोड पर भी भीड का दबाव देखा गया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष कमलेश पाल के साथ फोर्स को भी व्यवस्था बनाने में मार्च करते देखा गया।

# पंचायत भवन निर्माण कार्य की डीपीआरओ ने देखी हकीकत


पंचायत भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए

**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक की ग्राम सभा गोगहर में बन रहे पंचायत भवन निर्माण कार्य का जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोग की जा रही ईट, बालू, सीमेंट की मात्रा जांच की और ग्राम प्रधान की सराहना की। जांच के दौरान प्रयुक्त हो रही सामग्री की गुणवत्ता से संतुष्ट नजर आए। ग्राम प्रधान को उन्होंने जलभराव की समस्या को देखते हुए जगह - जगह सोख्ता गड्ढा बनवाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान हंसराज देवी, प्रतिनिधि विनोद यादव, रोशन सिंह, प्रवीण शुक्ल, ग्राम विकास अधिकारी संदीप सरोज, इंद्रपाल सरोज आदि मौजूद रहे।

## नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कस आफ इण्डिया द्वारा साहित्यकार का हुआ सम्मान


सम्मानित होते साहित्यकार

**प्रतापगढ़।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कस आफ इण्डिया द्वारा शनिवार को जिले के साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य रत्न को सम्मानित किया गया। अजीतनगर स्थित साहित्यकार के आवास पहुंचकर फेडरेशन के लोगों द्वारा साहित्य व समाजसेवा के क्षेत्र में डा0 मौर्य के द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखते हुए किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव कुमार आर्य ने डा0 रत्न को सम्मानित करते हुए उन्हें सराहा। इस मौके पर रतन प्रकाश यादव, आनन्द मोहन ओझा, मनीष श्रीवास्तव, विवेक कुमार दुबे, संजय श्रीवास्तव, आशीष सक्सेना, गौरव सिंह, प्रदीप पाण्डेय, देवेन्द्र त्रिपाठी उमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नगर में अपना दल एस ने निकाली परिवर्तन पद यात्रा

**लालगंज।** नगर पंचायत में शनिवार को अपना दल एस के बैनरतले परिवर्तन पद यात्रा की शुरूआत हुई। पार्टी कार्यकताओं ने पद यात्रा निकालकर अपना दल एस के संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अपना दल एस के नेता एवं स्थानीय व्यापारी जय कौशल की अगुवाई में पद यात्रा नगर के सभी मार्गो से गुजरी। पद यात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथ मे पटिटयां लेकर सोने लाल पटेल अमर रहे के नारे भी लगाते दिखे। पद यात्रा में केन्द्रीय मंत्री एवं पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत के आगामी चुनाव में मजबूती के साथ संगठन का परचम लहराने का भी संकल्प लिया गया। इस मौके पर राजा शुक्ला, पवन पटवा, अजीत कुमार, राजकुमार, राधा आदि रहे।

# मेधाशक्ति की बदौलत भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर : प्रमोद तिवारी

**वार्षिकोत्सव**

**वार्षिकोत्सव में मेधावियों का जमकर किया उत्साहवर्धन, विज्ञान कक्ष का किया लोकार्पण**


रेहुआ लालगंज इण्टर कालेज मे वार्षिकोत्सव को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र की मेधाओं के लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते भारत तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होने कहा कि देश के ज्ञान व विज्ञान तथा निर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कडी मेहनत का ही नतीजा है कि हमारा मुल्क दुनिया का दिशाबोधक बन रहा है। शनिवार को रेहुआ लालगंज स्थित बापू इण्टर कालेज के वार्षिकोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र मे भी आज रामपुर खास नजीर गिना जाता है। बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होने कहा कि भारतीय बेटियां आज तकनीकी तथा प्रगति के हर मुकाम पर सफलता का परचम लहराते हुए रक्षा क्षेत्र मे भी अप्रतिम योगदान का इतिहास बना रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख हगपाल यादव व संचालन रामकुमार पाण्डेय ने किया। प्रधानाचार्य हरिशंकर शुक्ला ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक वेदप्रकाश त्रिपाठी ने समारोह का संयोजन किया। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र तथा संस्थापक अध्यक्ष पं. माताबदल तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होनें नवनिर्मित विज्ञान कक्ष का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह, शिवांशी मिश्रा, दीक्षा साहू, शिखा यादव, राधा विश्वकर्मा व अंजली, नेहा यादव, ज्योति यादव, आफरीन ने विविध मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से वार्षिकोत्सव की समां बांधी। प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के ननौती, शीतल सिंह का पुरवा दर्रा, रानीगंज कैथौला बाजार में भी आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल होते हुए जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, केडी मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, नामवर सिंह, पं. घनश्याम मिश्र, धीरज सिंह, कमलेश तिवारी, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, सुधाकर पाण्डेय, शिव बहादुर सिंह, महेन्द्र सिंह, पप्पू तिवारी, ददन सिंह, मुरलीधर तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रियम मिश्र, आनन्द पाण्डेय आदि रहे।

# नहर में मिली डॉल्फिन को गंगा में ले जाने की तैयारी

**प्रतापगढ़।** जिले के लालगंज तहसील मे डाल्फिन को लेकर दो दिनो से कौतूहल चरम पर देखा जा रहा है। संरक्षित राष्ट्रीय जल जीव डाल्फिन को शुक्रवार की शाम लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर गांव नहर में देखा गया। डाल्फिन को लेकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। शुक्रवार की रात भर प्रशासन और लोग मछली के डाल्फिन होने या न होने को लेकर संशय मे बने दिखे। शनिवार को सुबह दस बजे डाल्फिन सगरा रजबहा के लीलापुर थाने के गहरी के समीप फिर लोगों को दिख गयी। डाल्फिन को लेकर नहर के किनारे भीड़ का कारवां सूरज चढ़ते चढ़ते बढ़ने लगा। हण्डौर के पास कुछ उत्साही युवको ने जाल लगाकर डाल्फिन को पकड लिया। युवक डाल्फिन के होने न होने को लेकर कौतूहल मे बने ही थे कि वहां कुछ समझदार लोग पहुंच गये और यह बताया कि यह समुद्री स्तनधारी जीव सरकार द्वारा संरक्षित है, इसको जरा भी नुकसान पहुंचा तो सरकार कार्रवाई करेगी। यह सुनकर युवकों ने डाल्फिन को फिर नहर में डाल दिया। डाल्फिन उछल कूद करती आगे बढ़ती कि नहर मे झाड़ झंकास होने के कारण वह आगे नही बढ़ सकी। इसके बाद वह विपरीत दिशा मे फिर मुड गयी। इस बीच डाल्फिन को लेकर गांव के गांव से हजारों का रेला भी उसके पीछे हो चला। इस बात की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन मे हडकंप मच गया। डाल्फिन की सुरक्षा को लेकर चिंतित प्रशासनिक महकमा नहर के किनारे पहुंच गया। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल तथा लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय एवं हंडेज्ड डॉयल की फोर्स पहुंच गयी और डाल्फिन के इर्द गिर्द घेरा डाल दिया। पुलिस भीड को नहर से पीछे करने लगी। लालगंज कोतवाल ने लाउडस्पीकर से यह भी एनाउंस किया कि डाल्फिन को खतरा हुआ तो दोषी कानून के कटघरे मे होंगे। पुलिस की इस सूचना पर तमाशबीन भी अपने कदम पीछे खींचते दिखे। इस बीच प्रभागीय वन क्षेत्राधिकारी लालगंज एसपी मिश्रा भी लाव लश्कर के साथ पहुंच गये। जिला मुख्यालय से जिला मत्स्य पालन अधिकारी भी टीम के साथ पहुंचे। डाल्फिन को स्थानीय प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से गंगा मे ले जाने मे समर्थ नही दिखा तो इसकी सूचना अफसरो ने राजधानी में विशेषज्ञों को दी। राजधानी से डाल्फिन को नहर मे ही सुरक्षित रखे जाने का फरमान आया। सूत्रों के मुताबिक रेस्क्यू टीम डाल्फिन को गंगा मे ले जाने के लिए यहां पहुंच रही है। इस बीच हर्षपुर व तिनमोहनिया के पास डाल्फिन की निगरानी में वन विभाग व पुलिस टीम मुस्तैदी से बनी हुई है। वहीं डाल्फिन को लेकर गांवो मे कौतूहल मचा देखा गया।


डाल्फिन को लेकर नहर किनारे जमा भीड़

## भगवान की कृपा है सदभाव की आराधना का फल : रश्मि किशोरी


भागवत कथा मे श्रद्धालुओं को कथा का सार समझाती देवी रश्मि किशोरी

**प्रतापगढ़।** नेताजीपुरम में मौनी अमावस्या को श्रीमदभागवत कथा के समापन में कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारीं देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि भगवान की कृपा सभी प्राणियों पर सदभाव की कृपा का फल लिये हुए निहित है। उन्होनें कहा कि मनुष्य को फल की कामना अपने कर्म और आचरण की सुचिता के आधार पर ही करनी चाहिए। देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपानुभूति केवल जीवन के सदआचरण से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होनें कहा कि कलिकाल मे मनुष्य को भागवत कथा से प्रेरणा लेकर सभी के प्रति प्रेम तथा दया और करूणा तथा न्याय की संवेदना हृदय में रखनी चाहिए। कथा का सार श्रद्धालुओं को समझाते हुए कथाव्यास ने कहा कि नारी को सदैव पतिधर्म की पवित्रता का अलंकरण रखना चाहिये। युवा को सदैव अपने माता-पिता का सम्मान तथा गुरूजन के प्रति सेवाभाव रखना चाहिये। उन्होनें कहा कि सदचरित्र समाज के निर्माण के लिए धर्म का मजबूत होना इस समय की सबसे बडी आवश्यकता है। कथा के समापन के अवसर पर महिला श्रद्धालुओं के द्वारा राधे-कृष्ण संकीर्तन की भी अनुपम छटा दिखी। नगरवासियों की ओर से चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी स्वागत भाषण में धार्मिक कथाओं की उपादेयता पर प्रकाश डाला। सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल, सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, अधिवक्ता राजेश तिवारी, पप्पू जायसवाल ने भी कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। कथा की संयोजिका मालती देवी एवं अनिल कुमार ने कथाव्यास देवी रश्मि किशोरी जी एवं संकीर्तनमण्डली को शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन पत्र सौंपा। इस मौके पर पवन शुक्ला, जीत लाल गुप्ता, आईपी मिश्र, रीता देवी, अधिवक्ता शुभम, सुनील कुमार गुप्ता, निधि मोदनवाल, निशा मिश्रा, राज मोदनवाल, शैलेष गुप्ता, डीएन सिंह, बीएन सिंह, डा. एसपी सिंह, राम अभिलाष गौड, सुषमा सिंह, नेहा, स्नेहा, शिव देवी, रामसेवक, बब्लू, प्रमोद, दिलीप, विनोद, राधेश्याम, उदयशंकर दुबे, योगेन्द्र तिवारी, पन्ने लाल पाल, सुनील तिवारी, पं. श्रीकृष्ण तिवारी व नीरज सिंह आदि रहे।

## सीएचसी में नसबंदी पखवारा का शुभारंभ



**पट्टी।** नगर स्थित पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पुरूष नसबंदी पखरावा का शुभारंभ हुआ। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जयसवाल ने बताया कि 21 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक पुरुष नसबंदी पखवारा का शुभारंभ किया गया शनिवार को किया गया इसमें पुरुष लाभार्थी को 3000 तथा प्रेरक को 400 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। शनिवार के दिन तीन सारथी वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए रवाना किया गया। इस दौरान एआरओ श्रीकांत, एलटी अखिलेश कुमार, एचईओ जितेंद्र कुमार, स्वस्थ कर्मी योगी प्रसाद, ओंकारेश्वर शुक्ल समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

## पंजीकृत श्रमिकों के पुत्रियों की विवाह के लिए मिलेंगे 75 हजार

**01 मार्च को प्रयागराज मण्डल में होगा सामूहिक विवाह का आयोजन**

**प्रतापगढ़।** श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत निर्माण कार्य में लगे पंजीकृत श्रमिकों के लड़कियों की विवाह के लिए राज्य सरकार की तरफ से 75 हजार रुपए दिया जायेगा। इसके लिए 65 हजार रुपए पंजीकृत श्रमिक के आधार से लिंक खाते में तथा 10 हजार वर व वधू की शादी के कपड़े के लिए शादी की तारीख से एक सप्ताह पूर्व दिया जायेगा। प्रतापगढ़ के सहायक श्रमायुक्त आरके पाठक ने बताया कि राज्य सरकार की कन्या विवाह सहायता योजना भवन निर्माण आदि कार्यों में लगे श्रमिकों के बेटियों के विवाह के लिए संचालित है। श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए 01 मार्च को प्रयागराज के परेड ग्राउण्ड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस योजना में पहले से पंजीकृत श्रमिक लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनका पंजियन एक वर्ष से अधिक पुराना है वह सामूहिक विवाह के लिए पल्टन बाजार चम्पा सुर्ती स्थित मेरे कार्यालय में आकर फार्म जमा कर दें। फार्म भरने के लिए पंजीकृत श्रमिक पंजियन कार्ड, श्रम के आधार कार्ड पति अथवा पत्नी, बैंक पास बुक, होने वाले वर, वधू के आधार कार्ड संल्ग्न करना होगा। इसके अलावा फार्म के साथ दोनों के आयु प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, वर, वधू की नवीनतम तीन-तीन फोटो, 90 दिन से अधिक का श्रमिक के रूप में कार्य करने का प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, विवाह पूर्व में न होने का शपथ पत्र दाखिल करना होगा।

## समीक्षा अधिकारी बनने पर खुशी का माहौल



**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के गोलाही हमारा गांव निवासी हरि मंगल गौतम की पुत्री गायत्री का चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उसके चयन पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता जताई है। गायत्री दो बहन व तीन भाई में सबसे बड़ी है। प्रारंभिक शिक्षा उसने प्राइमरी स्कूल जयसिंहगढ़ से की। इंटर की परीक्षा उसने रेनकोट सोनभद्र से किया। स्नातक सरयु देवी महाविद्यालय महोखरी उड़ैयाडीह से किया। वह प्रयागराज में रहकर तैयारी कर रही थी। ग्राम प्रधान ने भी उसकी सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए शुभकामनाएं दी।

# आय बढ़ाने के लिए व्यावसायिक खेती ही उपयुक्त : उद्यान अधिकारी


किसानों के प्रोजेक्ट स्थलों पर पहुंचकर जानकारी देते उद्यान अधिकारी

**प्रतापगढ़।** किसानों की आय दुगुनी करने के लिए उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा किसानों के हितों के लिए तत्पर नजर आ रही हैं। इसके लिए विभाग द्वारा लाभान्वित किये गये किसानों के प्रोजेक्ट स्थलों पर पहुंचकर उन्हें तकनीकी जानकारियॉ दे रही है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत रानीगंज के रामगढ़ गॉव के किसान अजय कुमार ओझा के बन रहे मशरूम प्लांट का निरीक्षण किया। उद्यान अधिकारी डा0 राणा ने भोतिक सत्यापन करते हुए किसान को वैज्ञानिकों द्वारा मशरूम की खेती के बारे में बताए गए तकनीकी तरीकों को विधिवत जानकारी दी। उन्होंने अजय कुमार ओझा को मशरूम की खेती कर रहे किसानों के प्राजेक्ट स्थल पर जाकर देखने और सीखने की भी सलाह दी। इसके लिए डा0 राणा ने किसानों के पते भी नोट कराये। उद्यान अधिकारी ने सुझाव दिया कि कार्यरत किसानों के प्रोजक्ट को दखने से अनुभव हासिल किया जा सकता है। डा0 राणा ने बताया कि किसानों के लिए सरकार ने कई लाभकारी योजना चला रखी है। कोई भी किसान विभाग के दिशा निदेर्शों पर चल कर व्यावसायिक खेती करता है तो निश्चित ही उसे हर वर्ष लाखों की आमदनी होगी। इससे सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजना भी फलीभूत होगी। विभाग का प्रयास है कि किसानों को हर संभव मदद पहुंचाई जाए ताकि उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो सके।

## जनसंपादकीय

# लोकतान्त्रिक दृष्टि से मीडिया का अध्ययन

**अनुज कुमार**

भारत में कई ऐसे संस्थान हैं जिनका अभी लोकतंत्रीकरण नहीं हो पाया है। लोकतंत्रीकरण से मेरा तात्पर्य हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व से है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति मीडिया संस्थानों की भी है जहां भारतीय विविधता का अभाव स्पष्ट रूप से नजर आता है। हिन्दी समाचार पत्रों में वर्चस्ववादी सोच के फलस्वरूप दलित समाज की समस्याओं पर चर्चा के लिए स्पेस नहीं मिल पाता है। हिन्दी पत्रकारिता दलित समाज के भीतर घटित होने वाली साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं दलित शिक्षा समस्याओं का संज्ञान तक नहीं लेती है। मीडिया सामाजिक मुद्दों के प्रति दायित्वहीन चुप्पी साधे रहती है, कमजोर समाज के प्रति उसकी उदासीनता देखते बनती है।

प्रो॰ श्यौराज सिंह बेचैन की सद्य प्रकाशित पुस्तक मीडिया में सामाजिक लोकतन्त्र की तलाश पांच सौ छियालीस पृष्ठों के विस्तृत कलेवर में समाहित चौबीस शोध-लेखों का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो कि उक्त विषय को केंद्र में रख कर चला है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक मीडियालोचक के रूप में सामने आता है। वैसे भी मीडिया उनकी रुचि का क्षेत्र है और पिछले चालीस वर्षों से मीडिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी पी-एच. डी. का विषय भी हिन्दी दलित पत्रकारिता पर पत्रकार अंबेडकर का प्रभाव था। यह शोध-प्रबंध लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड 1999 में दर्ज है। पुस्तक का पहला शोध-लेख मीडिया : सामाजिक सरोकारों की सहज अभिव्यक्ति विभिन्न समाचारों में प्रकाशित लेखों का तथ्यपरक विश्लेषण कर, लोकतान्त्रिक दृष्टि से अध्ययन करता है।

**ब्राह्मण के मुंह में जाति-सूचक और मायावती, मीडिया और मान्यवर नामक लेखों में सवर्णों की दृष्टि से दलित नेताओं के विषय में अखबारों में लिखे गए लेखों का तर्कसंगत दृष्टि से अध्ययन कर लेखक द्वारा कुछ जरूरी प्रश्नों को उठाया गया है।**

रंग, नस्ल और जाति भेद : भारत में जातिभेद के लाभार्थी नामक लेख यह बताता है कि किस प्रकार वर्णवादी मानसिकता सामाजिक जिम्मेदारियों को तिलांजलि देकर अपनी जातीय प्रतिबद्धता निभाती है। ब्राह्मण के मुंह में जाति-सूचक और मायावती, मीडिया और मान्यवर नामक लेखों में सवर्णों की दृष्टि से दलित नेताओं के विषय में अखबारों में लिखे गए लेखों का तर्कसंगत दृष्टि से अध्ययन कर लेखक द्वारा कुछ जरूरी प्रश्नों को उठाया गया है। बलात्कार : स्त्री-विमर्श में अमानवीय पहलू ऐसा लेख है जिसमें आज का स्त्री विमर्श, मीडिया में दलित महिलाओं के लिए जगह, बलात्कार, मीडिया में मां, मीडिया में विवाह-विमर्श आदि पर विस्तार से कलम चलाई गई है।

इस प्रकार पुस्तक का हर लेख बहुत ही बारीकी से सवर्ण लेखकों और संपादकों की जातीय मानसिकता का पदार्फाश कर मीडिया के सच को सार्वजनिक करता है। साथ ही वर्ण और जाति आधारित, क्रूर भेदभाव वाली सवर्ण पत्रकारिता की व्यवस्था से पर्दा भी हटाता है। हिन्दी में मीडिया का दलित दृष्टि से इतनी गहन जानकारी और सूक्ष्मता से अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। यह पुस्तक मात्र विवरणात्मक सूचनाओं को संग्रहीत नहीं करती अपितु उनका विश्लेषणात्मक दृष्टि से मूल्यांकन भी करती है अतः यहाँ मात्र वर्णन नहीं है बल्कि एक गंभीर आलोचक का यथार्थवादी दृष्टि से किया गया मूल्यांकन भी मौजूद है।

हिन्दी के समाचार पत्रों की दुनिया में दलित समाज की उपस्थिति न के बराबर है साथ ही उन अखबारों में छपने वाले दलित विषयक लेखों या खबरों में यथार्थ की विश्वनीयता का अभाव भी स्पष्ट लक्षित होता है। अतः यह पुस्तक एक वैकल्पिक मीडिया की मांग करती है जिसकी उपयोगिता और आवश्यकता लेखक द्वारा किए गए मीडिया के जातीय चरित्र के पोस्टमार्टम से सिद्ध होती है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने मीडिया द्वारा घोषित और पोषित सच की बखिया उधेड़ कर उसका पोस्टमार्टम कर दिया है। आंखों से देखे गए और कानों से सुने गए ठोस विवरणों के जरिए ही सही पर गहरे और दीर्घकालिक सवालों से टकराने का कोई मौका लेखक ने नहीं छोड़ा है।

क्या मीडिया कभी राष्ट्रीय स्वरूप अख्तियार कर पाएगी ? मीडिया में लोकतांत्रिक विविधता और सामाजिक लोकतंत्र की पक्षधरता प्रकट होगी ? या जाति ही पत्रकारिता की प्रमुखता बनी रहेगी ? भला सामाजिक सरोकारों की शून्यता में रह कर कोई संपादक कैसे न्याय संगत संपादन करेगा? , क्या मीडिया समाज के हित में अपना कर्तव्य ईमानदारी पूर्वक निभा रहे हैं ? मीडिया में दलित संबंधी खबरें किस रूप में आई हैं ? उनके क्या संदर्भ हैं ? मीडिया में उन्हें कितना और कहाँ स्थान मिला है ? विभिन्न संस्थाओं और विविध देशों, प्रदेशों और भाषाओं में किस रूप में दलित दाखिल हुआ है ? और उस की आवश्यकताओं को कितनी तवज्जों दी गई है ? ऐसे तमाम प्रश्न यह पुस्तक उठाती है। साथ ही राजनीति, खेल, साहित्य, मीडिया, कला, संस्कृति-शिक्षा आदि सभी क्षेत्रों में दलित प्रतिनिधित्व की मांग करती है।

प्रस्तुत पुस्तक के सहारे लेखक मीडिया में सामाजिक लोकतन्त्र की तलाश कर रहा है, किन्तु इस तलाश में उसके हाथों क्या लगा है ?, यह तो पाठक को पुस्तक के अध्ययन के उपरांत ही ज्ञात होगा। पुस्तक को पढ़ते समय आपको अपने पूर्वाग्रह छोड़ने होंगे, अन्यथा आप पुस्तक के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। यह पुस्तक किसी तरह का द्वेष पैदा नहीं करती है बल्कि मानवता और समाज की मजबूती की बात करती है। वह हर कड़ी को मजबूत करना चाहती है। कुल मिलाकर यह पुस्तक मीडिया-व्यवस्था परिवर्तन की मांग और लोकतान्त्रिक विचार-प्रक्रिया को आंदोलित करने का दम-खम रखती है।

**(शोधार्थी(पीएचडी) हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय फोन न- 7982232667)**

## लघुकथा

# चिड़िया का कहना सुनो

**कल्पना मनोरमा**

'सदियों से चली आ रही परंपराओं में से एक सूखी पत्ती निकालकर फेंक सको और अपनी पसंद की हरी पत्तीनुमा जाग्रत परंपरा जोड़ सको तो आओ, बुनें घोंसला अपने लिए,' चिड़िया ने कहा।

'किसी को भी लग सकता है कि मनुष्य घोंसले में रहता है। लेकिन नहीं, वह अपने हाथ से बनाए घोंसले में नहीं, अपितु अपने विचारों से बने घोंसने में नितांत अकेला रहता है। उस घोंसले को बनाते हुए वह कितना विचलित या तटस्थ रहा, उसके बोलने-बताने और आचार-विचार प्रकट करने से दिखता है। ईंटों के मकान से निकलकर आदमी कहीं छिप भी सकता है लेकिन विचारों में प्रकट होकर, छिपना मुश्किल है,' चिड़िया आसमान की ओर देखकर बुदबुदाई।

'आओ, पुरानी घिस चुकी परंपराओं को पुनर्नवा कर नई परंपराएं गढ़ें,' चिड़िया का कहना डाल ने सुना। सुना पेड़, फूल, फल, आकाश, सूरज और मौसम ने। चिड़िया की करनी और कथनी में समानता थी लेकिन मनुष्य सदा जल्दी में दिखा।

# विद्रूपता के विरुद्ध 'आहतनाद '


## मूल्यांकन



**आशीष सिंह**

आप देखते हैं कि चारों तरफ कुहासा छाया हुआ है. तमाम चेहरों की भाव भंगिमा पढ़ने के लिए देर तक निहारते रहना पड़ता है. ऐसी एकटक स्थिति आपको दो राहे पर भी खड़ी कर सकती है? ज्यादा सम्भव है आपकी निगाहों से गुजरता कोई चेहरा आपकी एकटक देखती निगाहों में अपने किसी अजीज की स्मृति खोजती मिले . भला क्यों नहीं ? ऐसे ही कुहासे भर समय में, सुन्न होते रिश्तों की तपिश तलाशना ही तो मानवीय जरूरत है. हमारे समय में मौजूदा राजनीति गाँव से शहर तक जिस तरह अपने बघनखे पसारे मिलती है उसमें वे आंखें कहाँ हैं जो इन राजनीतिक कुहासों में छुपे चेहरों को टटोल सकें. ऊपर से नीचे तक आम जीवन की दैनन्दिनी को बदलती राजनीतिक - सामाजिक शक्तियों के बीच बदलते और बनते नये चेहरों को देखने की कोशिश में ही कोई कहानी या उपन्यास अपने होने को साबित करता है. अक्सर सुनने में आता है कि किस्सों की भाषा चाहे झूठी हो लेकिन उससे निकलने वाली आवाजें बिल्कुल सच्ची होती हैं. इसी में कोई कहानी या उपन्यास अपने कलेवर में उपस्थित सामाजिक सवाल हमसे साझा करता मिलता है. समकालीन सामाजिक यथार्थ को अपनी रचना का विषय बनाना दिखने में जितना सहज लगता है व्यवहार्यता उतना होता नहीं. घने कोहरे रखी कंदील में दिखती आंखों को पढ़ पाने जैसा जटिल उपक्रम है समकालीन सामाजिक यथार्थ को बिना किसी लाग लपेट के प्रस्तुत कर पाना. क्योंकि इसमें दिखती ताकतों के नुकीले पंजों की शिनाख्त किन्हीं रूपकों में ढालकर परोसती कला खूब सराही जाती है . वस्तु तथ्य को कलात्मक आवरण में लपेटकर उसकी तुर्शी कम करती कलात्मक कोशिश की तुलना में पूरी भाव भंगिमा के साथ उस वस्तु तथ्य को उभारती कलात्मक कृति का असर, रंग ही अलग होता है. मदन मोहन का नया उपन्यास 'आहतनाद' ऐसा ही है. समकालीन सामाजिक यथार्थ को प्रदेश, तहसील, और गांव को चिन्हांकित करती रचना है ' आहतनाद ' . . 'आहतनाद ' कथाकार मदन मोहन का दूसरा उपन्यास है. इससे पहले गोरखपुर के ही एक खास इलाके की सामाजिक चुनौतियों और संघर्षों को सामने लाता उनका उपन्यास 'जहाँ एक जंगल था ' था, प्रकाशित हो चुका है. उनकी विशेषता है कि वे विषयों की तलाश में बहुत दूर किन्हीं मनोवैज्ञानिक समस्याओं को तलाशने नहीं जाते बल्कि अपने आसपास के नग्न यथार्थ , दुरवस्था से जूझते मानव के सामाजिक मनोभाव को अपनी रचना का विषय बनाते हैं. यथार्थ की करीचों से झांकती उम्मीद की रोशनियों को बिनाअतिरेकी वर्णनात्मक कौशल के उनका कलाकार उसे दिखाता मिलता है. अंधेरे पर कुछ रोशनियों के धब्बे फेंकती यह रचनात्मक तरतीब ही उन्हें परिवतर्न कामी लेखकों की पांत में ला खड़ा करती है. वहाँ नायक सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि के बीच से आते हैं या सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि की ओर उन्मुख नजर आते हैं. अपनी तमाम कमियों कमजोरियों के बावजूद आत्मावलोकन करती निगाहों वाले.

'आहतनाद ' गोरखपुर के एक गाँव की कहानी है. 'महावनखोर ' से लगायत कैम्पियरगंज तहसील से उपजी स्थिति अपने लपेटे में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक विसंगति को सामने से उद्घाटित करती मिलती है. जाति, धर्म को राजनीति का मुखौटा बनाती राजनीतिक शक्तियों के हाथ बहुत नीचे स्तर तक अपराधियों के साथ कैसे जुड़े हैं यह उपन्यास सामने लाता है.' आहतनाद ' को लेखक ने युवाओं को समर्पित किया है. उपन्यास युवाओं की निगाह से प्रदेश व गाँव की राजनीति, समाज में पसरी ताकतों के असल इरादों की शिनाख्त करती दिखती है. दीपू तिवारी के पिता स्थानीय नेता हैं. वे प्रदेश के एक लोकप्रिय नेता 'भैय्या जी 'के प्रतिनिधि के तौर पर इलाके में लोगों की समस्याओं को सामने लाते हैं. जातिगत तौर पर उच्चवर्ग के होने के बावजूद वे दलितों और कमजोरों के साथ , उनकी लड़ाई में अगुवाई करते हैं. उन्हीं दलितों के बीच से उभरते नये लोग नेतृत्व कारी ताकत के अच्छे कार्यकर्ता हैं जो हर तरह से पार्टी की रीति नीति को नीचे तक पहुंचाने में लगे मिलते हैं.






मौजूदा राजनीति की दुरभिसन्धियों व 'नैतिकता' के आवरण के क ई चेहरे इस उपन्यास में पहचाने जा सकते हैं . कच्ची शराब की वजहसे मरने वाले गरीबों -दलितों की जिन्दगी का हिसाब -किताब करती स्थापित पार्टी है तो इन सबके पीछे खड़े चेहरे को बेनकाब करने के लिए आगे बढ़ती युवाओं की टोली है. जो इन नेताओं के वायदों, चासनी से लिपटे सम्वेदनशील वक्तव्यों में निहित अर्थों को पढ़ना जानती है. इसीलिए ये युवाओं की टोली पुलिस अफसरों, नौकरशाहों और नेताओं के लिए सम्मिलित तौर पर समस्या बनते मिलते हैं. युवाओं को समर्पित इस उपन्यास के शुरूआत में ही उपन्यासकार प्रसिद्ध कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविता 'देश कागज पर बना नक्शा नहीं होता ' की चन्द मानी खेज पंक्तियाँ उदधृत करता हुआ अपने व्यापक उद्देश्य को सामने रखता मिलता है. कानून, न्याय, संविधान की दुहाई देकर जनहितों का सौदा करने वाली शासक जमात के हाथ हर तरह से दूर दराज गांवों तक पसरते जा रहे हैं. उत्तरप्रदेश के तलहटी में बसे एक ग्रामीण जीवन की विसंगतिपूर्ण जीवन स्थिति , स्थानीय व केन्द्रीय राजनीति से जुड़े उसके तारों को यह पूरा उपन्यास बाखूबी हमारे सामने पेश करता है. साथ ही जातिगत बनते -बिगड़ते नये समीकरणों उनके राजनीतिक इस्तेमाल के तौर तरीकों की बानगी तो देखने को मिलती ही है.. जनता के प्रति जवाबदेही की भूमिका और पार्टी हित के कशमकश में खड़े शम्भू तिवारी की राजनीति है तो उन सबकी दुविधा जनक स्थितियों को साफ साफ समझते दीपक जैसे युवाओं के चेहरे हैं. जिन्हें अकारण सलाखों के पीछे ढकेल दिया जाता है, जिनकी उपस्थिति आदर्शवादी राजनीति का ढब अख्तियार किये नेतृत्व को भी असहज करती है.

उपन्यास युवा शक्तियों के ऐसे उभार को सामने लाता है जिसमें दलितों, गरीबों और मजदूरों की शामिल ताकत ताकतवर शक्तियों से भिड़ने, उनका पदार्फाश करने को उद्धत है. 'आहत 'जनों का आर्तनाद आक्रोश के रूप में सामने उभरता दिखता है. यही चीज उपन्यास की केन्द्रीय विषयवस्तु है बाकी परिधि पर छोटे छोटे वर्चस्व, लोकल राजनीति से ऊपर तक की राजनीति करने के लिए सारे छल छद्म अख्तियार करते चेहरे दिखते हैं. आवरण पृष्ठ पर दर्ज पंक्ति बिलकुल सही बात कह रही है कि इसके लेखक मदन मोहन ने यथार्थ को वैसा ही पेश किया है जैसा वह वास्तविक दुनिया में नंगी आंखों से दीखता है, हमें घूरता हुआ, ललकारता हुआ. '

'सेतु 'प्रकाशन से प्रकाशित मदन मोहन का उपन्यास 'आहतनाद' इसलिए भी पढ़ा जाना चाहिए कि जिस तरह से लोगों की समझ का अपहरण किया जा रहा है उसके पीछे खड़ी किन शक्तियों के हित सधते हैं उन्हें पहचाना जा सके. नयी उभरती रोशनी की सम्भावनाओं को तलाशा जा सके.

कृति का नाम - आहतनाद
लेखक -- मदनमोहन
प्रकाशन - सेतु प्रकाशन

**( लेखक युवा टिप्पणीकार हैं, संपर्क 87390 15727)**

# भगवत रावत की कविताएँ



### बदलते हुए मौसम का मिजाज

जब से भू मंडल नहीं रहा भौगोलिक/ चढ़ गया है भूमंडलीकरण का बुखार/ जब से गायब होना शुरू हुई उदारता/ फैला प्लेग की तरह/ उदारतावाद
जब से उजड़ गए गाँवों, कस्बों और शहरों के खुले/मैदानों के बाजार/ घर-घर में घुस गया नकाबपोश/बाजारवाद
यह अकारण नहीं कि तभी से प्रकृति ने भी/ताक पर रखकर अपने नियम-धरम/ बदल दिए हैं अपने आचार-विचार
अब यही देखिए कि पता ही नहीं लगता/ कि खुश या नाराज हैं ये बझल/ जो शेयर दलालों के उछाले गए/सेंसेक्स की तरह/ बरसे हैं मूसलाधार इस साल
जैसे कोई अकूत धनवान/ इस तरह मारे अपनी दौलत की मार/ कि भूखे भिखारियों को किसी एक दिन/जबरदस्ती ठूँस ठूँसकर तब तक खिलाए सारे पकवान/जब तक वे खा-खाकर मर न जाएं
जैसे कोई जल्लाद केवल अपने अभ्यास के लिए/बेवजह मातहतों पर तब तक बरसाए/कोड़े पर कोड़े लगातार/ जब तक स्वयं थक-हारकर सो न जाए
दूसरी तरफ देखिए यह दृश्य/ कि ऐसी बरसात में, नशे में झूमतीं,/ अपनी ही खुमारी में खड़ी हैं अविचलित
ऊँची-नीची पहाड़ियों/ स्थित-प्रज्ञों की तरह अपने ही दंभ में खड़े हैं/ ऊँचे-ऊँचे उठते मकान
और दुख से भी ज्यादा दुख में/ डूबी हुई है सारी की सारी निचली बस्तियाँ/ बह गए जिनके सारे छान-छप्पर-घर-बार
इन्हें ही मरना है, हवा से, पानी से, आग से/ बदलते हुए मौसम के मिजाज से/ कभी प्यास से, कभी डूबकर/कभी गैस से/ कभी आग से।

### अपने देश में

अपने देश में/ पानी जब नहीं बरसता तो नहीं बरसता/ आप चाहे जितना पसीना बहायें/ सूखे गले से चाहे जितना चीखें चिल्लाएँ
एक एक बून्द के लिए कितना भी तरस- तरस जाएँ/ पानी नहीं बरसता तो नहीं बरसता
लेकिन जब बरसता है तो बरसने के पहले ही/बाढ़ आ जाती है/ हर बरस हमारी ब्रह्मपुत्र ही सबसे पहले खबर देती है/ कि बरसात आ गई
जब तक हमें खबर होती है तब तक सैंकड़ों गाँव/ जलमग्न हो चुके होते हैं
जब मैं स्कूल में पढ़ता था, उन दिनों/ अखबार में छपी, बाढ़ग्रस्त इलाके का मुआयना करती/ किसी हेलिकोप्टर की तस्वीर से पता चलता था
अब इधर सुविधा हुई है/ अब हम घरों में कुर्सी पर बैठे-बैठे डूबते गाँवों के/ जीते- जागते दृश्य देखकर जान जाते हैं/ कि बरसात आ गई है
हम हर साल इसी तरह बरसात के/ आने का इंतजार करते हैं

# बाल साहित्य-शोध का मीमांसापरक अध्ययन

## आकलन

**डॉ.रेशमी पांडा मुखर्जी**

डॉ. सुरेंद्र विक्रम जी का सद्यः प्रकाशित ग्रंथ हिंदी बाल साहित्यः शोध का इतिहास बाल साहित्य के क्षेत्र में 1960 से अब तक बाल साहित्य के शोध, अन्वेषण, विश्लेषण को कम्पैक्ट रूप में प्रस्तुत करने का एक महत व सार्थक प्रयास है। एक महायज्ञ को सम्पन्न करने में वर्षों की तपस्या, साधना व श्रम का योग होता है। यह बृहद शोध इतिहास ग्रंथ भी डॉ. विक्रम के कई वर्षों की अटूट साधना तथा मनोयोग का सारगर्भित फल है। आपसे वातार्लाप के दौरान ज्ञात हुआ कि इस ग्रंथ-निर्माण में आपका श्रमसाध्य योगदान कितनी चुनौतियों को स्वीकारता व झेलता रहा। ग्रंथ की भूमिका में आपने लिखा है कि कोरानाकालीन लॉकडाउन के दौरान आपने इस ग्रंथ को पूर्ण व अंतिम रूप देने का निर्णय लिया था। यद्यपि सामग्री संचयन, शोध प्रबंधों के अन्वेषण तथा बाल साहित्य विधा में टटकी जानकारियों के प्रति आपकी ललक सदैव बनी रही।

उक्त ग्रंथ बाल साहित्य के शोध -इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। निस्संदेह शोध के क्षेत्र में अग्रसर प्रत्येक शोधार्थी ऑनलाइन में शोधगंगा को टटोलता है। शोध गंगा में उल्लेखित विषयों के अध्ययन-मनन के पश्चात वह अपने विषय को स्थिर करता है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि डॉ. विक्रम द्वारा निर्मित ह्यहिंदी बाल साहित्य शोध का इतिहासह्व बाल साहित्य के क्षेत्र में किए गए शोध की शोध गंगा ही है। विशेषकर आपने अपने प्रयास से अन्य प्रादेशिक भाषाओं में बाल साहित्य में किए गए शोध को भी इस ग्रंथ में स्थान दिया है। डॉ. विक्रम साहित्यानुरागी हैं। वे बाल साहित्य को विमर्श के उच्चतम धरातल पर प्रतिष्ठित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही कारण है कि उन्होंने बांग्ला छत्तीसगढ़ी, मलयाली, मराठी, उर्दू, गढ़वाली भाषाओं में लिखे गए शोध प्रबंधों का भी तलस्पर्शी विश्लेषण करते हुए हिंदी शोधार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

यह ग्रंथ अपने आप में अनूठा है और इसके निमार्ता डॉ. विक्रम का दृष्टिकोण भी नवोन्मेष मनीषा से प्रभासित है। डॉ. विक्रम से मिलने वाले उनके मिलनसार स्वभाव से अनभिज्ञ नहीं है। बातचीत के दौरान आपके स्वर में गजब की उमंग और उछाह ध्वनित होती है। जैसे बच्चों में असीमित उत्साह और हुलस मिलता है। आपकी सोच तथा दृष्टि प्रतिपल कुछ नया खोजने, सृजन के नए आयाम तलाशने में जुटी हुई है। ठीक जैसे बच्चों में कुछ नया ढूंढने के प्रति ललक होती है। वे मिट्टी में किसी चमकीले पदार्थ को ढूंढने में घण्टों व्यय कर देते हैं क्योंकि उनका खोजी बालचित्त नवीनानुरागी होता है। डॉ. विक्रम में भी बाल साहित्य सृजन व शोध के प्रति नव प्रतिभाओं की खोज, नूतन साहित्य के अन्वेषण का आग्रह बना रहता है। जैसे बच्चे अपने खोजे हुए रंग-बिरंगे पत्थर, कांच, शीशे, राखी, सुगंधित इरेजर और पता नहीं क्या-क्या पिटारे में संजोते हैं। वह पिटारा उनका खजाना होता है जिसकी समृद्धि उनकी भाषा में उनकी अमीरी का द्योतक होती है। ठीक वैसे ही डॉ. विक्रम बाल साहित्य से संबंधित जब भी किसी महत्वपूर्ण शोध, ज्ञान, साहित्य से गुजरते हैं तो उसे अपनी मेधा के पिटारे में संजो लेते हैं। और वर्षों के अथक श्रम के बल पर उस ज्ञानवर्धक खजाने को एक सार्थक, उपयोगी ग्रंथ के रूप में प्रकाशित करते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि डॉ. विक्रम बाल साहित्य रचने तथा उसके शोध को संग्रहित करने में इतने सफल इसलिए हो पाए हैं क्योंकि उनमें बालसुलभ जिज्ञासा, नवीन वरण का आग्रह, खोजी दृष्टि, गंभीर ज्ञान के बावजूद एक भोला, मिलनसार, चपल, उत्साही, खुशमिजाज व्यक्तित्व निहीत है।

आलोच्य ग्रंथ का कवर एक महत संदेश के साथ उभरता है। एक बच्चा हाथ में ब्रुश लिए रंग के डिब्बे के साथ दिखाई दे रहा है। वह इस प्रकृति को अपने कल्पना-लोक में बसाकर रंगों का नया संसार रचेगा। उसके आस-पास पेड़-पौधे, हिरण, फूल, पक्षी चहल-पहल मचा रहे हैं। अर्थात प्रकृति और बच्चों के अनन्य संबंध का द्योतक यह कवर अपने संदेश में सार्थक व सफल है।

इस बृहदकाय ग्रंथ में 500 से अधिक पृष्ठों में लगभग 120 शोध प्रबंधों का सम्यक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक शोधार्थी के विश्वविद्यालय की जानकारी परिशिष्ट में संकलित है। साथ ही हिंदी बाल साहित्य में रचित महत्वपूर्ण शोधपरक पुस्तकों की दुर्लभ सूची भी परिशिष्ट में दी गई है। यह परिशिष्ट अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा क्योंकि वर्तमान व भविष्य के शोधार्थी इन शोध-प्रबंधों के शोधार्थियों तथा उनके विश्वविद्यालय की जानकारी पाते हैं। फलस्वरूप प्रयोजनानुसार वे उन विश्वविद्यालयों में जाकर आवश्यक कार्यवाही व अनुमति के पश्चात उन शोध प्रबंधों को पढ़ सकते हैं। उनके ज्ञान विस्तार के मार्ग में ये शोध प्रबंध अतुलनीय भूमिका निभाएंगे। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि डॉ. विक्रम का यह ग्रंथ बाल साहित्य के वर्तमान व भविष्य के शोधार्थियों तथा अद्यतन शोधार्थियों के बीच एक मजबूत पुल तथा विश्वसनीय कड़ी का कार्य सिद्ध कर रहा है।

आलोच्य ग्रंथ में बाल साहित्य की निम्नांकित विधाओं पर केंद्रित शोध संक्षेप प्रकाशित हैं-

नाटक, पत्र-पत्रिकाएं, कविता, कहानी, गीत आदि। इस शोध संक्षेप को डॉ. विक्रम ने नीर क्षीर विवेक का परिचय देते हुए प्रकाशित किया। आपने एक नियमित पैटर्न का अनुगमन करते हुए प्रत्येक प्रबंध के अध्याय-दर-अध्याय संक्षिप्त जानकारी देते हुए उस शोध का महत्व स्थापित किया। कुछ उदाहरणों पर गौर किया जा सकता है-

डॉ. प्रतिमा द्वारा प्रस्तुत शोध 'स्वातंत्र्योत्तर हिंदी बाल कविताः विश्लेषणात्मक अध्ययन' में आपने दिखाया है कि प्रथम अध्याय में बाल साहित्य क्या होता है। एक अच्छे बाल साहित्य की रचना के दौरान लेखक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस पर भी विस्तार से बात की गई है। डॉ. श्रीकांत मिश्र द्वारा 'रुहेलखंड परिक्षेत्र में स्वातंत्र्योत्तर बाल साहित्यः सृजनात्मक अध्ययन' शीर्षक शोध में डॉ. विक्रम ने दिखाया है कि प्रथम अध्याय में भारतीय व पाश्चात्य विद्वानों के अर्थ संबंधी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि मनोरंजन, ज्ञान, प्रेरणा तथा समसामयिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला साहित्य उच्च कोटि का बाल साहित्य कहा जा सकता है। द्वितीय अध्याय में बाल साहित्य के गौरवमयी अतीत पर प्रकाश डाला गया है। तृतीय अध्याय में बाल साहित्य की विविध विधाओं जैसे बाल कहानी, बाल कविता, बाल नाटक, बाल उपन्यास, बाल निबंध, बाल पत्रकारिता, चित्रकथा, चुटकुले, पहेलियां इत्यादि के उद्भव, विकास तथा वर्तमान स्थिति आदि के मूल्यांकन का प्रयास किया गया है। चतुर्थ अध्याय में रुहेलखंड क्षेत्र को दो भौगोलिक मंडलों में विभाजित कर बरेली मंडल तथा मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र का अध्ययन किया गया है। इस क्षेत्र में स्वतंत्रता-पूर्व व स्वातंत्र्योत्तर ब्रज, कन्नौजी, खड़ी बोली के बाल साहित्यकारों का आकलन प्रस्तुत किया गया है। पंचम अध्याय में बच्चों के लिए समर्पित बाल साहित्यकारों के व्यक्तित्व व कृतित्व की परख की गई है।




षष्ठ अध्याय में रुहेलखंड परिक्षेत्र में सृजित बाल साहित्य का मनोविज्ञान, सामाजिकता, साहित्यिक महत्व की दृष्टि से विषय-विधान का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में इस परिक्षेत्र में लिखे गए बाल साहित्य के शिल्प की भाषा, रस, प्रतीक, बिंब आदि के संदर्भ में परीक्षण किया गया है। अष्टम अध्याय में हिंदी बाल साहित्य को रुहेलखंड के अवदान की चर्चा की गई है।

सार संक्षेप यह है कि करीबन 120 शोध प्रबंधों के संक्षेप रूप को इस ग्रंथ में संग्रहीत करते हुए डॉ. विक्रम ने प्रत्येक शोध प्रबंध के महत्व की गहराई से छान-बीन की है। पाठक व शोधार्थी आपके धैर्य व विचक्षण दृष्टि के निस्संदेह कायल हो जाएंगे जिसके बूते पर आपने इतने सारे शोध प्रबंधों का तलस्पर्शी अध्ययन करते हुए उसके मुख्य बिंदुओं को हाईलाइट किया। हम जानते हैं कि एक शोध प्रबंध कम से कम 250 से 400 पृष्ठों में सम्पन्न होता है। अर्थात प्रत्येक शोध प्रबंध अपने आप में एक सागर होता है क्योंकि शोधार्थी वर्षों के अन्वेषण को उसमें लिपिबद्ध करता हे। ऐसे में डॉ. विक्रम प्रत्येक सागर में एक मजे हुए गोताखोर की तरह उतरे और उसमें से कई चमकदार मुक्तास्वरूप मूल्यावान बिंदुओं को आगामी शोधार्थियो के लिए चुनकर ले आए। यह ग्रंथ केवल शोधार्थियों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उन बाल साहित्यकारों को भी सही दिशा देने में समर्थ है जो कई बार बाल मन व उनकी वृत्तियों को समझने में चूक जाते हैं। इस ग्रंथ का शैक्षणिक महत्व भी अक्षुण्ण है क्योंकि बाल साहित्य का एक बड़ा अंश पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित किया जाता है। ऐसे में विभिन्न शिक्षण बोर्डों की पाठ्य पुस्तक के निर्माण का जिम्मा सम्हाली चयन-समितियों के लिए भी यह पुस्तक कई नई व महत्वपूर्ण दिशाओं की कुंजी थमाएगी। यह ग्रंथ आने वाले समय में निश्चित रूप से बाल साहित्य में शोध तथा मौलिक लेखन के लिए प्रकाश-स्तंभ का कार्य सम्पन्न करेगा।

**(2-ए, उत्तरपल्ली,सोदपुर कोलकाता, मो-9433675671)**

# उषा राय की कविताएं



### 1. एवरेस्ट

आँखों में फटे आश्चर्य
के साथ जागती है
एक स्त्री
आँखें मलने का वक्त
बीत चुका है
नाच रही है मौत
अगर बच सकती हो तो बचो
रेल की पटरी पर
दर्द को दर किनार कर
बिखरे हुए टुकड़ों को
अगर जोड़ सकती हो तो जोड़ो
देह साबुत हो या न हो
घर हो या दुश्मनों की मांद
चोटिल हाथों से उठाओ
सपनों के पत्थर
अगर सजा सकती हो तो सजाओ
वैसे ही जैसे टिकी रहती हैं
हड्डियों की गोलाइयां
एक तनी हुई रीढ़ पर
अब उठ सकती हो तो उठो
वक्त और हालात पर
सही गलत पर
क्या रोना क्या रुकना
जिद क्रोध दुस्साहस को
भरपूर जगा सकती हो तो जगाओ
ठीक इसी वक्त
जुनून को आवाज दो
अपने भीतर की अरुणिमा को
एक चुम्मी दो और एवरेस्ट का पता पूछो।

### 2.डायन

सदा स्त्रीलिंग कुलटा-डायन
क्रूरता का गुबार नफरत का बवंडर
हाय रे पितृसत्ता औरतों को मारने के
तेरे कितने हथियार !
दुश्मन की पत्नी को बताकर डायन
तमाशा बना दिया मजा चखा दिया
ओझा को लालच दे पैसे देकर
निःसन्तान औरत का घर हड़प लिया।
कर ली शादियाँ अनेक तो
पहली को डायन बना दिया।
बाल काटना, कालिख पोतना
वस्त्र खींचना पीट-पीट के दिया मार
अपमान भी हुआ अपमानित
मानवता भी हुई शर्मसार
हाय रे पितृसत्ता औरतों को मारने के
तेरे कितने हथियार !

### 3. तेजाब

भाषा दर्द बरतती है कविता में धीरे-धीरे
उसने धारण किया है आदि कवि के दर्द को
तेजाब धरती आसमान के बीच देह पर
गिरता एक जलजला
जीतेजी शरीर का
पिघलना
फिर नश्तर चीरता है
जगह -जगह
और सर्जरी भी अपनी ही त्वचा ले-लेकर।
भाई की रोटी छीन बन जाता चंगेज खान
और हाथी मारकर वीरप्पन खूंखार
तो शेखी बघारते बुरे शौक को अंजाम देते
तेजाबी रुप में ढलते हैं कुछ युवा नामुराद
जाने कैसे हो जाते हैं वे नजरअन्दाज ।
पहले ये किसी के हथियार होते हैं
फिर उसको हथियार बना लेते हैं
मिलकर अपराध करो फिर हासिल करो।
पर कहाँ देखा है किसी स्त्री को खतम होते
कहाँ देखा है उसे खूबसूरती की भीख माँगते
निकल ही आती है गृहिणी, प्रोफेसर, मॉडल,
शिक्षक।
हैरत है किसी बिगड़ैल स्त्री ने भी
कभी किसी आदमी पर तेजाब नहीं डाला ।
यदि अच्छे होने की संभावनाएँ अभी बाकी हैं
तो
तेजाब संडास घरों में रहे और अपराधी जेलों
में।

### 4. दादी शूटर्स

वे उन्हें घूँघट में रखना चाहते थे
ये मछली की आँख देखना सीख गयीं
वे उन्हें बच्चे पैदा करने की मशीन समझते थे
ये सतरंगे सपनों को बाहों में भींचना सीख
गयीं
वे दुप्पटे के रंग से अपनी लुगाई पहचानते थे
ये अंधेरों का उपयोग कर धमाल करना सीख
गयीं
वे उन्हें कैद कर हजार पहरों में रखना चाहते
थे
ये स्थिर हाथ फौलादी नसों से निशानेबाजी
सीख गयीं
वे उन्हें अपमानित करने में कोई कसर नहीं
रखते
ये अपने लिए तालियाँ बटोरना सीख गईं
वे उन्हें छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाते थे
ये सोने के मेडल होठों से चूम हवा में उड़ाने
लगीं
वे उन्हें मिट्टी और गोबर में सानना चाहते थे
ये सफलता की खुशबू से गाँव महकाने लगीं
वे उनकी उम्र और खुशियाँ छीनने में लगे
रहते थे
ये दादी की उम्र में टशन मारना सीख गयीं
वे मूछें ऐंठ फोटो खिंचाने के लिए बन्दूक
रखते
ये दादी शूटर्स धांय- धांय गोली मारना सीख
गयीं।

# ट्रेन से कटकर युवा दम्पति की मौत


रेलवे लाइन पर मौजूद ग्रामीण

**मीरजापुर ।** जिगना थाना क्षेत्र के तुलापुर रेलवे पटरी पर बघेरा कला निवासी दीपक बिंद पुत्र स्व. विंध्यवासिनी उम्र करीब 24 वर्ष ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। पति को बचाने के लिए पीछे से आ रही पत्नी हीरावती 22 वर्ष पति को बचाने के प्रयास के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है।

**दुखद**

### रूठे पति को मनाने में कटा पैर, टूट गया दम

बताया जाता है कि दीपक कुमार बिंद उर्फ.बिग्गड़ तीन भाइयों में सबसे बड़ा हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व वह सोलापुर से आया था। रात में पारिवारिक विवाद एवं लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ। इसी दौरान आवेश में दीपक आत्महत्या की बात कह कर रेलवे ट्रैक की ओर जाने लगा। उसकी पत्नी भी उसे पकड़ने के लिए पीछे से दौड़ी। ट्रेन आते ही दीपक ट्रेन के आगे छलांग लगा बैठा। बचाने में उसकी पत्नी भी ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसका पैर कट गया। लोगों ने सुबह उसे घायल देखा। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को मंडलीय अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो चुकी थी। बीते वर्ष मई माह में दीपक का विवाह हुआ था। आमघाट में हुआ था। दंपति को कोई संतान नहीं है। वारदात की सूचना मिलते ही आसपास के गांव में खबर आग की तरह फैल गई। काफी संख्या में ग्रामीण जुटे। मौके पर रेलवे के कर्मचारी एवं सूचना मिलते ही जिगना पुलिस के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की हुई मौत

**पुलिस को बिना सूचना दिए बगैर परिजनों ने किया दाह संस्कार**

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव के पास असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क किनारे गिर गया था। घायल को इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बंजारी कला गांव के अमहा मजरा निवासी हरिकेश 25 वर्ष अपने साथी बबलू 35 वर्ष के साथ पिपरा गांव निवासी भाई शिवराम के ससुराल लालजी के यहां गया था। शुक्रवार को देर शाम घर वापस आते समय हलिया देवरी मार्ग पर बैधा मोड़ के पास असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर गया। ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया ले आया गया, जहां से हरिकेश को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिसका अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। साथ में बैठा बबलू का इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए दाह संस्कार कर दिया।

## बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित बामी गांव के सामने शनिवार को रोड क्रॉस कर रहे व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक व व्यक्ति दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित बामी गांव के सामने तेंदुआ कलां निवासी स्व0 बुद्धिराम का 65 वर्षीय पुत्र लल्लू बहेलिया को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे लल्लू बहेलिया के साथ बाइक चालक रिंकू पुत्र महादेव उम्र 30 वर्ष निवासी रानीबारी थाना लालगंज घायल हो गए। मौके पर पहुंची लहंगपुर चौकी की पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया।

वहीं पर लल्लू बहेलिया के पुत्र रमेश ने बताया कि बाइक से पिता लल्लू बहेलिया को रोड के किनारे उतारकर पेट्रोल टंकी पर तेल लेने गया था कि मीरजापुर की तरफ से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे लल्लू बहेलिया और बाइक चालक रिंकू दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल अशोक यादव, बुफरान खां व पप्पू सिंह ने दोनों घायलों को एंबुलेंस सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया।

### बोलेरो और ऑटो की टक्कर में आधा दर्जन महिला मजदूर घायल

**अदलहाट।** नरायनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत रसूलागंज गाँव के हाइवे रोड पर गीतांजलि हॉस्पिटल के पास तेज रफ्तार में आती हुई अनियंत्रित बोलेरो ने तीन पहिया सवारी वाहन ऑटो में जोर की टक्कर मार दी। घटना में ऑटो में बैठी आधा दर्जन महिला घायल हो गई, जहां ऑटो की बॉडी भी छतिग्रस्त हो गई। ऑटो में दुर्गा देवी उम्र 50, मुन्नी देवी 40, रमावती उम्र 41, मालती देवी उम्र 52, अर्जुन उम्र 21 निवासी छोटा मीरजापुर और रसूलागंज इंडस्ट्रियल एरिया के विभिन्न फैक्टरियों में काम करने जा रहे थे। सुबह के करीब 8:30 बजे इंडस्ट्रियल एरिया जा रही ऑटो को अनियंत्रित बोलेरो आकर ऑटो में जोर दार टक्कर मार दी। जिसमें सभी सवार चोटिल हो गए।

## तालाब खुदाई के विवाद को लेकर एसडीएम ने की जांच

जनसंदेश न्यूज


ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम व सीओ

**चुनार।** दरगाह शरीफ मुहल्ले में आंग्ल कब्रिस्तान से सटे हुए बंजर भूमि पर तालाब की खुदाई विवाद के मामले में शनिवार को एसडीएम चुनार नीरज प्रसाद पटेल ने स्वयं मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। समुदाय के लोगों ने एसडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए मांग किया था कि जिस स्थान पर तालाब की खुदाई कराया जा रहा है।

उस पर पूर्वजों के शव दफनाये गये हैं। तालाब का निर्माण कही अन्यत्र करायी जाय। जिस पर एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजकर काम को बंद करवा दिया था। शनिवार की सुबह दोनों पक्ष के लोग खुदाई स्थल पर फिर इकट्ठा होने लगे। जिसकी भनक प्रशासन को लगी और जानकारी पर तत्काल एसडीएम, तहसीलदार नूपुर सिंह, व सीओ मंजरी राव मौके पर पहुंचे और बारीकी से स्थलीय निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझाया और कहा कि जब तक मामले का पूर्णतया निस्तारण नही हो जाता तब तक तालाब की खुदाई नही होगा।

एसडीएम ने बताया कि तहसीलदार के नेतृत्व में जांच टीम बनाई गयी है। हर पहलुओं पर जांच कर रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## उचक्कों ने वृद्ध महिला को पेंशन दिलाने के नाम पर किया अगवा

**सीखड़।** क्षेत्र के लरछुट गांव निवासी बलिराम बिंद अपने पत्नी चिरौंजी देवी के साथ गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास रहते है। शनिवार को एक बजे दिन में बाइक सवार दो उचक्कों ने घर पर पहुंचकर पेंशन दिलाने की बात करते हुए आधार कार्ड और पैसे की मांग की है।

जिस पर वृद्ध महिला चिरौजी देवी ने आधार कार्ड लेकर निकली की उच्च को ने अपने बाइक पर बैठा कर चलने की बात कह कर महिला को बैठा कर निकल लिए। वृद्ध को खानपुर कठेरवा मार्ग पर स्थित टुयूबवेल के पास रोक कर महिला के हाथ से चांदी का ढरकौवा, लक्षा आदि निकलवा कर ले लिए। वृद्ध महिला को उसी स्थान पर छोड़ कर उसके घर आकर पति बलिराम से कागज लेने की बात करते हुए बक्शे की ताला तोड़कर लगभग छह हजार रुपए लेकर चंपत हो गए। पीड़ित महिला के पति ने 112 व चुनार पुलिस को सूचना दिया, जहां पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# मधुशाला में पहुंची नीलगाय मची भगदड़ 6 लोग जखमी

**हड़कंप**

### नगर की सड़कों पर उछल कूद मचाते मधुशाला में जा घुसी


नील गाय को पकड़ती टीम

**मीरजापुर।** नगर में आबादी के बीच शनिवार को कटरा कोतवाली क्षेत्र के भटवा पोखरी स्थित देसी शराब की दुकान में नीलगाय घुसने से हड़कंप मच गया । मचे भगदड़ में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए । सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जाल लगाकर नीलगाय को अपने कब्जे में किया।

जिसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। करीब 2 घंटे लोग जंगली जानवर आने से हलकान रहें। नगर के अंदर वासलीगंज में नीलगाय देखा गया। जो घूमते हुए भटवा की पोखरी मोहल्ले में स्थित मधुशाला में घुस गई। उसे देख देशी शराब लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गया। इस भगदड़ में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। किसी तरह लोगों ने शराब की दुकान के बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मधुशाला के अंदर घुसे नील गाय के उछल कूद से वहां रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया । दुकान के दरवाजा को बंद कर लोगों ने वन विभाग को सूचित किया । मौके पर पहुंचे वन दरोगा पंच बहादुर सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जाल लगाकर नीलगाय को पकड़ा गया। वन दरोगा ने बताया कि इसे शहर के बाहर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाएगा। दुकान के सेल्समैन संजय सिंह ने बताया कि अचानक मधुशाला में घुसे जंगली जानवर के आने से माहौल ही बदल गया। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। आपस में लड़खड़ाकर गिरने से करीब आधा दर्जन लोग चोटहिल हुए हैं। जिन्हें मामूली चोटे आयी हैं। बताया जाता है कि गंगा नदी को पार कर नीलगाय शहर में आ गई। जिसे काबू में पाने के लिए वन विभाग को मशक्कत करना पड़ा।

# वायरल वीडियो का डीएम ने लिया संज्ञान

**निरीक्षण**

### उमरिया गौ आश्रय स्थल पहुंचकर अधिकारियों ने की जांच

### अधिकारियों ने कहा गौशाला के नही है मृत हुई गाय

जनसंदेश न्यूज


गौशाला में जांच करने पहुंचे अधिकारी

**हलिया।** क्षेत्र के उमरिया गांव स्थित गौ आश्रय स्थल के समीप खुले आसमान के नीचे मृत पड़े गोवंशों के शवों का वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार की रात अधिकारियों को उमरिया गौ आश्रय स्थल पर भेजकर मामले की जांच का निर्देश दिया था।

डीएम के निर्देश पर अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए शुक्रवार देर रात साढ़े नौ बजे के करीब उमरिया गौ आश्रय स्थल पहुंची। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजेश सिंह, तहसीलदार लालगंज शशांक शेखर राय, बीडीओ कुलदीप कुमार ब्लाक अधिकारियों कर्मचारियों संग उमरिया गौशाला पहुंचकर गौशाला के समीप खुले आसमान के नीचे पड़े गोवंशों के शवों को गड्ढा खुदवाकर दफन करवाया। वहीं उमरिया गांव निवासी अवध नारायण शिव प्रसाद पाण्डेय व महेश पाल आदि ने बताया कि पशु आश्रय स्थल से बस्ती काफी दूर है। ऐसे में पशुपालक अपने मृत गोवंशों को गौ आश्रय स्थल पर फेंकने के लिए क्यों ले जाएंगे। वह इतनी संख्या किसी पशुपालक के पशुओं की हाल में मौत नही हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार देर रात अधिकारियों की टीम गौशाला के पास पहुंचकर मृत गोवंशों के शवों को गढ्ढे में दफन करवाने के बाद मामले को रफा-दफा करने में जुटी रही। ग्रामीणों ने लापरवाही के चलते गोवंशों की मौत होने पर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। बीडीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि मृत पड़े गोवंशों के शव गौशाला के नही हैं। मृत गोवंशों के कान में इयर टैग भी नही लगा था। उमरिया पशु आश्रय स्थल में वर्तमान में 299 गौवंश हैं। मृत गोवंश गौशाला के नही हैं। गौ आश्रय स्थल पर मौजूद गौवंशों की समुचित देखभाल हेतु संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया है।

## पुरुष व महिला नसबंदी के मामले में चिकित्साधिकारी को मिला सम्मान

**राजगढ़।** जनपद के राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पवन कुमार कश्यप के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश पर पुरुष एवं महिला नसबंदी शिविर आयोजित कर बड़े पैमाने पर स्वेच्छा से लोगों ने नशबंदी कराया। जिसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में तैनात चिकित्सक डाक्टर संतलाल को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं अपने दायित्वों को लेकर गंभीर रहते हुए शासन की मंशा पूरी करने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया। विंध्याचल मण्डल के तीनों जनपद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर संतलाल को महिला नसबंदी के मामले में प्रथम स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों के साथ साथ स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन


जानकारी देते एसपी सिटी

**चील्ह।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन चील्ह थाना प्रभारी अजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक श्री कांत प्रजापति रहे। साथ मे क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, यातायत निरीक्षक संजय कुमार राय रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि हम सब को सड़क के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए, जो लोग सड़क के नियमो का पालन नही करते वे लोग दुर्घटना के शिकार होते है। चार पहिया वाहन चलाते समय चालक तथा गाड़ी में बैठ अन्य लोगो को सीट बेल्ट लगाकर हमेशा चलना चाहिए एवं गाड़ी को हमेशा कम स्पीड में चलाना चाहिए। दो पहिया वाहनों को भी इसी प्रकार हेलमेट लगाकर चलना चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चील्ह थाना प्रभारी को उनके किए गये कार्यो की सराहना भी की गई।

अमित दुबे लोकगीत गायक गीतों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत दूबे ने किया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ क्षेत्र के लोग मौजुद रहे।

# अमित के जज्बे को सलाम, बंजर जमीन पर कर रहे हैं खेती


केले की खेती


अमित चतुर्वेदी


बैंगन की खेती

दीपचन्द

**मीरजापुर।** जब दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो परिस्थितियां मायने नही रखती है। जिले में अमित चतुर्वेदी ने पहाड़ की बंजर भूमि को खेती योग्य बनाया है। एक तरफ जहां किसान बढ़ती महंगाई के साथ मौसम की मार की वजह से खेतों को बंजर छोड़ दे रहे है, वहीं दूसरी कुछ किसान बेकार बंजर पड़े जमीन को जैविक तरीके से खेती के लायक बनाकर पैदावार कर रहे है।

जिले के रहने वाले अमित चतुर्वेदी ने पहाड़ पर बंजर पड़ी पथरीली जमीन को पहले केले का पेड़ लगाकर कृषि योग्य बनाया, उसके बाद उसी खेत से दलहन, तिलहन सहित सब्जियों की पैदावार कर रहे है। जिले के चुनार के रामबाग में स्थित सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने कुछ ऐसा किया है, जो ओर किसानों के लिये मिशाल है। कुछ कर गुजरने का जज्बा रखने वाले सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने संस्थान के परिसर में बंजर पथरीली जमीन जहां पर कभी कांटेदार झाड़ियां उगी रहती थी, जिनके नीचे खोदने पर पत्थर ही रहता था। उस जमीन पर जैविक तरीके से गाय का गोबर इत्यादि चीजों का प्रयोग करके कृषि योग्य बनाकर खेती कर रहे है।

**उपलब्धि**

### जैविक तरीके से खेती करके बंजर व पथरीली रमीन पर पैदा कर रहे है सब्जिया

### ऐसी जमीन पर जैविक खेती करें किसान

उपनिदेशक कृषि अशोक उपाध्याय ने बताया कि सुरभि शोध संस्थान परिसर में काफी बंजर जमीन पड़ी हुई थी, जहां उन जमीनों के नीचे पत्थर ज्यादा था। संस्था के प्रभारी को कृषि विभाग ने प्रोत्साहित किया, जहां संस्थान के प्रभारी द्वारा सबसे पहले बंजर जमीन पर केले के पौधें लगाए गए। आज स्थिति यह है कि वहां हर तरीके की सब्जियों की अच्छी पैदावार हो रही है। किसानों से अपील है कि बंजर व पथरीली जमीन पर खेती करने के लिए गोबर खाद का प्रयोग करें। इसके साथ ही पूरी खेती जैविक करें। इससे जमीन उपजाऊ होगी और पैदावार भी अधिक होगा।

### केले की खेती से की थी शुरूआत

सुरभि शोध संस्थान के प्रभारी अमित चतुवेर्दी ने बताया कि पहाड़ पर बंजर पड़ी जमीन पर खेती करना दांत से पत्थर तोड़ने सामान है, लेकिन कड़ी मेहनत व प्रयास के बाद सफलता हासिल की है। पहाड़ की जमीन पर कुछ उगाना बहुत बड़ी चुनौती थी। सबसे पहले बंजर जमीन पर खेती करने के लिये केले के पौधे लगाए। केले का पौधे लगाने के बाद जमीन के नीचे मिट्टी बना, जहां अब सब्जी सहित अन्य दलहन व तिलहन की पैदावार हो रही है। इस खेती में रासायनिक खाद या केमिकल का प्रयोग नही किया गया है। केले की खेती करने के बाद बंजर जमीन उपजाऊ हो गई। कृषि योग्य जमीन बनने के बाद अब टमाटर, बैंगन, गोभी के साथ कई अन्य सब्जियां व फूलों की खेती करके पैदावार की जा रही है।

## कोटे की दुकान का चयन 31 जनवरी को

**जमालपुर।** क्षेत्र के रेरूपुर गांव में सरकारी राशन की दुकान चयन होने के प्रस्ताव को ग्रामीणों की अनियमितता के शिकायत पर उपजिलाधिकारी चुनार नीरज पटेल ने पूनम देवी के पक्ष में हुए प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। अस्वीकृत करने के बाद कोटे की दुकान के चयन के लिए नए सिरे से 31 जनवरी को पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया है।

## खान अधिकारी ने तीन ट्रकों का किया चालान

**हलिया।** थाना क्षेत्र के हलिया मनिगढ़ा मार्ग के गुर्गी गांव में शनिवार को मध्यप्रदेश की तरफ से ओवरलोड बालू लादकर मीरजापुर की तरफ जा रहे तीन बालू लदे ट्रकों का खान अधिकारी आशीष चौधरी वरिष्ठ मानचित्र अधिकारी चंद्रलोक कुशवाहा ने आनलाइन चालान किया। खान अधिकारी के औचक निरीक्षण से बिना कागजात ओवरलोड परिवहन कर रहे ट्रक चालकों में अफरातफरी का माहौल रहा।

## संक्षेप

### मैराथन रन फॉर जी 20 का हुआ आयोजन

**चुनार।** नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार को "मैराथन रन फार जी 20" का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया तत्पश्चात किला परेड ग्राउंड पर विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में सिया राम यादव, जितेंद्र यादव एवं शनि यादव एवं बालिका वर्ग में रचना, शिवानी सिंह एवं आराधना सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जलकल अभियंता सौरभ सिंह, मेजर गणेश प्रसाद सिंह, अधीक्षक शैलेश यादव, लेखाकार समशेर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को माल्यार्पण कर ट्राफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की मंजरी, पालिका कर्मी कृष्णानंद यादव, अश्वनी, संदीप अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पालिका कर्मी संतोष कुमार ने किया।

### शिक्षा है अनमोल रतन : रामशकल

**जमालपुर।** क्षेत्र के इण्टरमीडिएट कालेज मठना के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रामशकल ने द्वीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालयों के बच्चों और बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। शिक्षा अनमोल रतन है। बच्चों की पढ़ाई पर अभिभावकों को विशेष ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक राजदीप महाविद्यालय कैलहट ई राज बहादुर सिंह ने कहा कि हम बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देना चाहिए। शिक्षित बच्चियां दो परिवारों को शिक्षित करती हैं। प्रबन्धक जवाहर सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष गुलाब सिंह तथा संचालन संयुक्त रुप से पूजा चौबे और बाबूलाल सिंह ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा रविन्द्र नारायण सिंह, आलोक सिंह, रामजतन सिंह, मुकेश कुमार सिंह, कार्यवाहक प्रदेश महासचिव अपना दल एस डा आर के पटेल, विरेन्द्र बहादुर सिंह, धनन्जय सिंह, अमूल्य सिंह, अभिषेक पटेल, चन्द्र प्रकाश सिंह, नरसिंह चौहान, जोशी पटेल, बबुआ सिंह, भगवान दास प्रजापति, वरुण सिंह पटेल, मुकेश पटेल, मिनाक्षी सिह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा को लेकर तैयार की गई रणनीति

जमालपुर। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्थानीय बाजार मे बैठक कर 26 जनवरी को निकाले जाने वाले तिरंगा यात्रा की रणनीति तैयार की। बैठक में तय हुआ कि गणतंत्र दिवस पर सर्वप्रथम रानीबाग चौराहे पर ध्वजारोहण करने के बाद बाइक से अदलहाट बाजार होते हुए नारायनपुर बाजार के तिराहे पर लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद जमालपुर बाजार होते हुए ब्लाक मुख्यालय पर नेताजी सुबाष चंद्र बोस एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट्ट पर माल्यार्पण के बाद समाप्त होगी। इस दौरान गौरीशंकर सिंह, सुजीत सिंह, ऋषभ सिंह, राहुल दुबे, गंगेश्वर प्रसाद द्विवेदी, धीरज सिंह, आशुतोष, संतोष पटेल, नितेश सिंह, मनीष गोड़, रोहित, राजेश आदि मौजूद रहे।

### खंड विकास अधिकारी ने सचिव व पंचायत मित्र के साथ की बैठक

**हलिया।** शनिवार को खंड विकास अधिकारी ने सचिओ व पंचायत मित्रों की बैठक लेते हुए मनरेगा से अमृत सरोवर आधार कार्ड फिडिंग के लिए निर्देशित किया है। बीडीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि प्रत्येक गांव में मनरेगा योजना से दो अमृत सरोवर के कार्य तथा श्रमिकों का आधार कार्ड तत्काल फिडिंग कराया जाय, इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बक्शा नहीं जाएगा। अमावस्या की छुट्टी के बाद भी भारी मन से कर्मचारी मिटिंग में मौजूद रहे। इस मौके पर सचिव राजेन्द्र बिंद, सौरव यादव, दुर्गेश, बाल कृष्ण, आलोक राव, आलोक भारती, अरविंद, दिनेश, जमीर अली, विन्देश्वरी प्रसाद, सीता कुमारी आदि सहित सचिव व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### जंगली जानवर के हमले से बकरी की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित करजी गांव मे शुक्रवार की देर रात मड़हे मे बधी दुलारे बियार की एक बकरी की जंगली जानवर के हमले से मौत हो गयी। दुलारे बियार ने बताया कि रात मे भोजन करने के बाद अपनी चार बकरी मड़हे मे बांधकर घर में सो रहा था कि देर रात्रि जंगली जानवर खूंटे पर बधी एक बकरी को अपना शिकार बना लिया।

### बीआरसी बहुआर पर तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण संपन्न

**अहरौरा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बहुआर पर तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण संपन्न हुई। प्रशिक्षण में विकासखंड के सौ प्राथमिक विद्यालयों से आए अध्यापक अध्यापिकाओं ने बच्चों को पढ़ाने में सहायक बनने के लिए आकर्षण ढंग से बनाए टीएलएम बनाएं एवं उनका प्रस्तुतीकरण भी किया। बीआरसी पर आयोजित तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों को बताया गया कि अपने आसपास मौजूद कागज, पेंसिल, रबड़, कटर सहित अन्य सामग्री से किस ढंग से आकर्षक टीएलएम तैयार किया जा सकता है। जिसके माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1, 2 व 3 के बच्चों को पढ़ाने के लिए वह कारगर बन सके। इसके साथ ही गतिविधियों के माध्यम से किस तरह का बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति केंद्रित किया जाए इसके विषय में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं समापन खंड शिक्षा अधिकारी जमालपुर डॉक्टर अरूण कुमार सिंह ने किया। समापन अवसर पर अध्यापकों द्वारा अपने बनाएंगे टी एल एम की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन खंड शिक्षा अधिकारी एवं एसआरजी सरिता तिवारी ने किया। समापन समारोह में ए आर पी सौम्या श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समस्त नोडल संकुल शिक्षकों द्वारा दिया गया, जिसमें अरविंद कुमार त्रिपाठी, प्रभाकर सिंह, सुधीर कुमार सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र राज, विष्णु सिंह, सुरेश सिंह, स्वामी नित्यानंद सिंह, संतोष कुमार सिंह, नंदलाल सहित सभी नोडल संकूल शिक्षक उपस्थित रहे।

### मौनी अमावस्या के पर्व पर खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम सम्पन्न

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा ग्राम पंचायत स्थित शिव मंदिर परिसर में मौनी अमावस्या के अवसर पर शनिवार को मनकामेश्वर धाम सेवा समिति के तत्वावधान में गरीबों एवं असहायों के बीच खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान राकेश तिवारी, श्री पति तिवारी उर्फ भानु तिवारी, बाबा पटेल, मनीष तिवारी, भोला बेनबंश, बन्दे, मुन्दर सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### बोलेरो की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के जंगी रोड में बोलेरो की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि 55 वर्षीय अधेड़ अनूप जायसवाल निवासी इमरती थाना कटरा कोतवाली जोकि जंगली रोड के पास बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए मंडली अस्पताल ले जाया गया, जहां पर हालत गंभीर देखते हुए अन्यत्र रेफर कर दिया। वाराणसी जनपद में इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जहां परिजनों ने पुलिस को इस मामले में कोई कार्यवाई ना करने की बात कहते हुए शव का दाह संस्कार कर दिया।

### रेलवे स्टेशन पर हुई चेकिंग

**सैदपुर।** औड़िहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म सहित आने जाने वाली ट्रेन व यात्रियों की तलाशी ली गइ। आरपीएफ प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शनिवार को औड़िहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की तलाशी ली गई। प्लेट फार्म पर बने यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय सहित एफओबी, सकुर्लेटिंग एरिया आदि स्थानों पर अभियान के तहत चेकिंग की गई। यात्रा करने वाले सभी सवारियों पर नजर रखीं जा रहीं हैं। चेकिंग के दौरान कोई भी असंवैधानिक वस्तु नहीं पाई गई है। चेकिंग के दौरान आरपीएफ के अन्य स्टाप मौजूद रहे।

### 132 युवाओं को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में आकांक्षात्मक विकास खण्ड देवकली में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 410 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 132 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया।

### विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया गया। इस विशेष लोक अदालत में कुल 106 मामले निस्तारण हेतु नियत किये गये थे। जिनमें से कुल पांच मामले अन्तिम रूप से निस्तारित किये गये।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपंन्न

**जमानियां।** स्थानीय कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जीउत खरवार के आवास पर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाबू मान सिंह खरवार के पुण्यतिथि मनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, प्रदेश संरक्षक कुंदन खरवार, सत्य प्रकाश सिंह, सत्य प्रताप सिंह, मधुक मनोहर सिंह, सूरज सिंह, अनुराग सिंह, लक्ष्मण सिंह, विजेंद्र सिंह, राजू खरवार, सिंधु सिंह, सुधा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### कॉलेज संचालक छात्रवृत्ति की जमा करें हार्डकॉपी

**गाजीपुर।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 एवं उससे उपर की कक्षाओं के लिए योजनान्तर्गत सन्देहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र और संस्थाओं के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना है। आनलाईन आवेदन मे की गई त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक किया जाना अनिवार्य है। संस्था को अभिलेखों सहित 27 जनवरी तक सूचना देना निर्धारित किया गया है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक कर हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था जमा करें। संस्था अभिलेखों सहित विलम्बतम 30 जनवरी तक सूचना विभागीय कार्यालय में जमा करें।

# स्पोर्ट्स

## धोनी को दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में खेलते हुए देखना चाहते हैं ग्रीम स्मिथ

**रायपुर**। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ की दिली इच्छा है करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) में खेलें। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान स्मिथ एसए20 के आयुक्त हैं। इस टूनार्मेंट की सभी छह टीम की मालिक आईपीएल फ्रेंचाइजी हैं। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह इसके बाद आईपीएल में खेल रहे हैं। आईपीएल में खेलने के कारण वह अभी विदेशी लीग में खेलने की योग्यता नहीं रखते हैं। एसए20 के पहले टूनार्मेंट में कोई भी भारतीय हिस्सा नहीं ले रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपने सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता है। स्मिथ ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, धोनी जैसे खिलाड़ियों का लीग में खेलना शानदार होगा।



# शमी के जाल में फंसी न्यूजीलैंड, दूसरे वनडे में भारत की विशाल जीत

### सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली, रायपुर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, भारतीय बॉलर्स का धमाल, 108 रनों पर ऑलआउट हुई न्यूजीलैंड

**मेलबर्न**। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला भारत ने आठ विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। रायपुर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 109 रन का लक्ष्य रखा। टीम इंडिया ने इसे दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है और इस मैच के साथ ही सीरीज भी अपने नाम कर ली है। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले



बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाए थे। भारत के तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, 15 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद कीवी टीम ने मध्यक्रम बल्लेबाजों के योगदान से 108 रन का स्कोर बनाया। भारत के लिए यह लक्ष्य बेहद आसान था। कप्तान रोहित और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन रोहित अर्धशतक लगाने के बाद आउट हो गए। उनके बाद क्रीज पर आए विराट भी 11 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, गिल एक छोर पर खड़े रहे और ईशान किशन के साथ मिलकर मैच खत्म किया।

इस सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 24 जून को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन मैच की टी20 सीरीज खेलेंगी। न्यूजीलैंड की टीम इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 108 रन के स्कोर पर सिमट गई है। कुलदीप यादव ने ब्लेयर टिकनर के एलबीडब्ल्यू आउट कर न्यूजीलैंड की पारी समेट दी। टिकनर ने दो रन बनाए। दूसरे छोर पर हेनरी भी दो रन बनाकर नाबाद रहे। अब भारत के सामने यह सीरीज जीतने के लिए 109 रन का आसान लक्ष्य है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत के तेज गेंदबाजों ने कप्तान रोहित के फैसले को सही साबित किया। शमी ने पहले ही ओवर में फिन एलेन को बोल्ड कर दिया। इस समय तक न्यूजीलैंड का खाता भी नहीं खुला था। छठे ओवर में सिराज ने हेनरी निकोलस को चलता किया। सातवें ओवर में शमी ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर में कॉन्वे और 11वें ओवर में कप्तान लाथम भी पवेलियन लौट गए। 15 रन के अंदर न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई थी और कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया था। सभी पांच विकेट भारत के तेज गेंदबाजों ने लिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल ने पारी को संभाला। इन दोनों ने 41 रन की साझेदारी की। इसके बाद ब्रेसवेल भी 22 रन बनाकर आउट हो गए। सैंटनर ने भी 27 रन बनाए और फिलिप्स के साथ 47 रन की साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स भी 36 रन बनाकर आउट हो गए। इस समय न्यूजीलैंड का स्कोर 103 रन था। इसके बाद सुंदर और कुलदीप ने न्यूजीलैंड की पारी को समेट दिया। कीवी टीम 34.3 ओवर में 108 रन पर सिमट गई।

## टॉस जीतकर क्या करना है, दूसरे वनडे में भूल गए रोहित शर्मा



रायपुर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतने के बाद करीब 10 सेकंड के लिये भूल गये कि उन्हें पहले गेंदबाजी करना है या बल्लेबाजी। रोहित ने कुछ देर सोचने के बाद कहा, हम पहले गेंदबाजी करेंगे। रवि शास्त्री ने जब उनसे इतना सोच में पड़ने का कारण पूछा, तो रोहित ने कहा, मैं भूल गया था कि हम क्या करना चाहते थे। टीम में टॉस को लेकर काफी बातचीत हो रही है। रोहित ने हैदराबाद में खेले गये पहले वनडे में गेंदबाजों को ओस में गेंदबाजी करने की चुनौती दी थी। गेंदबाज हालांकि इस कसौटी पर खरे उतरे और भारत को रोमांचक मुकाबले में 12 रन से जीत दिलाई थी।

## भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका, मिडफील्डर हार्दिक सिंह हॉकी विश्व कप से हुए बाहर



**भुवनेश्वर**। भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट से उबरने में नाकाम रहे और शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप से बाहर हो गए। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले क्रॉसओवर मैच से पहले भारत के लिए बड़ा झटका है। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ 15 जनवरी को भारत के दूसरे पूल मैच के दौरान घायल हो गए थे। इसके बाद वह वेल्स के खिलाफ तीसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। हार्दिक सिंह की अनुपस्थिति भारत के लिए करारा झटका है क्योंकि उसकी अग्रिम पंक्ति पहले ही जूझ रही है। भारत यदि रविवार को क्रॉसओवर में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो क्वार्टर फाइनल में उसका सामना बेल्जियम से होगा। स्पेन के खिलाफ भारत के पहले मैच में अकेले दम पर गोल करने वाले हार्दिक की जगह राजकुमार पाल को टीम में लिया गया है। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, हार्दिक एफआईएच विश्वकप में आगे नहीं खेल पाएंगे। यह फैसला वेल्स के खिलाफ उन्हें विश्राम देने और फिर इसके बाद उनकी चोट का आकलन करने के बाद किया गया। भारतीय कोच ग्राहम रीड ने टीम प्रबंधन के फैसले के बारे में कहा, हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच तथा विश्व कप के आगामी मैचों के लिए हार्दिक सिंह की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को रखने का मुश्किल फैसला करना पड़ा।

## उद्घाटन मुकाबले में यूपी, दिल्ली व हरियाणा के पहलवान जीते, बृजभूषण सिंह ने लिया तैयारियों का जायजा

### नवाबगंज के नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई सीनियर नेशनल रैंकिंग टूनार्मेंट

**गोंडा**। नवाबगंज के नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुई सीनियर नेशनल रैंकिंग टूनार्मेंट के पहले दिन पहलवानों के बीच ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला हरियाणा के पहलवान रवि व महाराष्ट्र के सूरज शिवाज के बीच कराया गया। इस मुकाबले में हरियाणा के रवि ने जीत दर्ज की। दूसरे मैट पर दिल्ली के तुषार व राजस्थान के सचिन के बीच मुकाबवा हुआ।

इसमें तुषार ने सच्न को पटखनी दी। तीसरे मैट पर महाराष्ट्र के ओंकार व हरियाणा के हरीश के बीच कुश्ती हुई जिसमें हरियाणा के हरीश को जीत मिली। चौथे मैट पर हरियाणा के सिद्धांत



तथा यूपी के निशांत गुर्जर के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कड़े संघर्ष में यूपी के निशांत ने हरियाणा के सिद्धांत को पटखनी देकर जीत हासिल की। इसके पहले बलरामपुर सदर से बीजेपी विधायक पल्टूराम व तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला ने प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया।

अपना अधिकार छीने जाने के बाद बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह शनिवार को प्रतियोगिता के उद्घाटन से दूर रहे। हालांकि सुबह अपने पैतृक आवास से निकलकर सांसद बृजभूषण पहले नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे और प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद वह मंच पर भी बैठे लेकिन थोड़ी देर बाद मंच से उठकर पीछे चले गए। प्रतियोगिता के उद्घाटन से भी उन्होंने खुद को अलग रखा।

## रोनाल्डो के शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली ने आलोचकों पर साधा निशाना, लिखा- अब चुप बैठे हैं



फीफा विश्व कप के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना पहला मैच लियोनल मेसी की टीम पीएसजी के खिलाफ खेला। रियाद 11 के लिए खेलते हुए रोनाल्डो ने दो गोल किए। उन्होंने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अंत में प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। हालांकि, यह एक दोस्ताना मैच था। रोनाल्डो के दो गोल के बावजूद उनकी टीम 4-5 के अंतर से मैच हार गई। रियाद 11 में रोनाल्डो के नए क्लब अल नस्त्र और उसके प्रतिद्वंद्वी क्लब अल हिलाल के खिलाड़ी शामिल थे। वहीं, पीएसजी की टीम में लियोनल मेसी, किलियन एम्बाप्पे और नेमार जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल थे। रोनाल्डो के शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने आलोचकों पर निशाना साधा है। कोहली ने कहा है कि ये आलोचक खबरों में आने के लिए रोनाल्डो जैसे खिलाड़ियों की आलोचना करते रहते हैं और अब आराम से चुप्पी साधे बैठे हुए हैं।


# न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच में भारत की अग्रिम पंक्ति को आज दिखाना होगा दम

**भुवनेश्वर**। वेल्स की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ लचर प्रदर्शन करने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करने में नाकाम रही भारतीय टीम को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अगर अपनी संभावनाएं जीवंत रखनी है तो उसे रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्रॉसओवर मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी के अपने अंतिम मैच में वेल्स पर आठ गोल के अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय फॉरवर्ड अच्छा खेल नहीं दिखा पाए और भारत आखिर में यह मैच 4-2 से ही जीत पाया। भारत को अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड को हर हालत में हराना होगा जो पूल सी में



तीसरे स्थान पर रहा था। भारत अभी विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर जबकि न्यूजीलैंड 12वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम अभी तक कभी विश्वकप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है। उसने टूनार्मेंट में अभी तक कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है और ऐसे में कलिंग स्टेडियम में होने वाले मैच में भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी। मिडफील्डर हार्दिक सिंह के चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो जाने से भारत को करारा झटका लगा है। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ 15 जनवरी को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। भारतीय अग्रिम पंक्ति पहले ही संघर्ष कर रही है और ऐसे में हार्दिक का चोटिल होना उसके लिए बड़ा झटका है। भारत यदि न्यूजीलैंड को हरा देता है तो क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मौजूदा चैंपियन बेल्जियम से होगा। स्पेन के खिलाफ भारत की जीत में अकेले दम पर गोल दागने वाले हार्दिक की जगह राजकुमार पाल को टीम में लिया गया है। हार्दिक वेल्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड और स्पेन ने वेल्स को करारी शिकस्त दी थी लेकिन भारतीय टीम को उसके खिलाफ संघर्ष करना पड़ा क्योंकि अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वेल्स के खिलाफ मैच में भारत शुरू से ही अपनी रणनीति के अनुसार नहीं चल पाया। अग्रिम पंक्ति के अलावा रक्षापंक्ति भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसने उस टीम के खिलाफ दो गोल गंवाए जो विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज है। हार्दिक सिंह की अनुपस्थिति में मनदीप सिंह और आकाशदीप जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन भारत के लिए अहम होगा। भारत निश्चित तौर पर इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा लेकिन न्यूजीलैंड की टीम को किसी भी मायने में कम करके नहीं आंका जा सकता है। भारत ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में इसी मैदान पर न्यूजीलैंड को एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों में 4-3 और 7-4 से हराया था। न्यूजीलैंड को हालांकि कड़ी चुनौती पेश करने वाली टीम माना जाता है। भारतीय कोच ग्राहम रीड ने भी कहा कि न्यूजीलैंड को कम करके नहीं आंका जा सकता है। रीड ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच आसान नहीं होगा। एफआईएच प्रो लीग के पहले मैच में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की थी हालांकि दूसरा मैच थोड़ा आसान रहा था। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना होगा। इन दोनों टीम के बीच अभी तक कुल 44 मैच खेले गए हैं जिसमें से भारत ने 24 में जीत दर्ज की जबकि 15 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। पांच मैच ड्रॉ रहे। न्यूजीलैंड ने भारत को आखिरी बार 2019 में हराया था। न्यूजीलैंड पूल सी के अपने अंतिम मैच में मलेशिया से 2-3 से हार गया था।

## विवादों में फंसे माइकल क्लार्क, कथित तौर पर गर्लफ्रेंड से मारपीट की, पुलिस की जांच जारी



**लंदन**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क विवादों में फंस गए हैं। कथित तौर उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड कार्ल स्टेफानोविच के साथ मारपीट की थी और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और क्लार्क इस विवाद के चलते ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सीरीज में कमेंट्री का कॉन्ट्रैक्ट भी गंवा सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो उन्हें 144,000 डॉलर (1.16 करोड़ रुपये) का नुकसान होगा। नूसा में एक युवक का गर्लफ्रेंड के साथ लड़ाई का वीडियो वायरल हो रहा है। कथित तौर पर यह वीडियो माइकल क्लार्क और उनकी गर्लफ्रेंड का है। कमेंट्री के अलावा क्लार्क को एक स्किनकेयर ब्रांड के साथ अनुबंध गंवाने की कगार पर हैं। स्काई स्पोट्र्स की तरफ से इस मामले में कोई भी टिप्पणी नहीं की गई है। बुधवार की रात, क्लार्क ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा कि वह इस विवाद की जिम्मेदारी लेते हैं और अपने कामों की वजह से वह पूरी तरह टूट चुके हैं। यह लड़ाई तब शुरू हुई जब दो हाई-प्रोफाइल जोड़े और उनके सेलिब्रिटी अकाउंटेंट दोस्त एंथनी बेल समुद्र तट के एक होटल में डिनर कर रहे थे। एडवर्ड्स और यारब्रॉज संपर्क में थे, जिससे क्लार्क के साथ टकराव हुआ।

## रविचंद्रन अश्विन ने कहा- वनडे विश्वकप में परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सकता है भारत

**नई दिल्ली**। रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि भारत के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो इस साल के आखिर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के दौरान परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सकते हैं। इस ऑफ स्पिनर ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से ओस मुक्त टूनार्मेंट के आयोजन के लिए उपयुक्त कदम उठाने का आग्रह किया। वनडे विश्व कप इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में आयोजित किया जाएगा जिसमें शाम को ओस की भूमिका अहम हो सकती है। अश्विनी अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एक दिशा में आगे बढ़ने और परिस्थितियों का मुकाबला करने का कोई मतलब नहीं बनता है क्योंकि आप परिस्थितियों को चुनौती नहीं दे सकते हैं। आपको परिस्थितियों को समझने और उनसे सामंजस्य बिठाना सीखना होता है। भारतीय टीम में ऐसा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा, हालांकि किसी दिन ओस, सीमा रेखा की दूरी और ऐसी ही कुछ चीजों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता और मुझे लगता है कि भारत को इस विश्वकप में इन्हीं चीजों से सतर्क रहना होगा। अश्विन ने भारत के संदर्भ में कहा,अगर उन्हें सही परिस्थितियां मिलती हैं और प्रतिस्पर्धा कौशल के बीच होती है तो फिर यह ऐसी टीम है जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा। अश्विन ने पिछले सप्ताह विश्वकप के मैचों को सुबह 11 बजकर 30 मिनट से शुरू करने का विचार रखा था। उन्होंने आईसीसी से इस पर गौर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आईसीसी को वनडे विश्व कप 2023 ओस मुक्त रखने के लिए निश्चित तौर पर इस पर विचार करना चाहिए। अश्विन ने इस संदर्भ में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच का उदाहरण दिया जिसमें भारत को 374 रन के बड़े लक्ष्य का बचाव करते हुए डेथ ओवरों में संघर्ष करना पड़ा था। श्रीलंका ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए आठ विकेट 206 रन पर गंवाने के बावजूद आठ विकेट पर 306 रन बनाए थे। अश्विन ने कहा कि भारत ने 2011 में जब विश्वकप जीता था तब से लेकर परिस्थितियों में काफी बदलाव आ गया है और आईपीएल के कारण विदेशी खिलाड़ियों को भी भारतीय परिस्थितियों में खेलने का अच्छा अनुभव है लेकिन उन्हें लगता है कि विश्वकप में भारत खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर मेरा मानना है कि भारत की खिताब जीतने की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। भारत का विश्व कप 2019 के बाद घरेलू मैदानों पर रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली रहा है। इस बीच भारत ने यहां का दौरा करने वाली प्रत्येक टीम के खिलाफ जीत दर्ज की है। इन टीमों में वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका शामिल हैं।



## क्रिकेटर उमेश यादव से 44 लाख रुपए की ठगी, पुलिस ने शुरू की जांच



**नागपुर**। भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव से उनके दोस्त और उनके पूर्व मैनेजर ने कथित रूप से 44 लाख रुपये की ठगी की जो महाराष्ट्र के नागपुर में उनके नाम पर एक प्लॉट खरीदने के नाम की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नागपुर निवासी उमेश यादव की शिकायत पर शैलेश ठाकरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। ठाकरे (37) कोराडी का निवासी है और उमेश यादव का दोस्त है। अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि उमेश यादव को भारतीय टीम में चुने जाने के बाद उन्होंने अपने दोस्त ठाकरे को 15 जुलाई 2014 को अपना मैनेजर नियुक्त किया क्योंकि उस समय वह बेरोजगार था। अधिकारी ने कहा, ठाकरे धीरे धीरे उमेश यादव के विश्वासपात्र हो गये। और उन्होंने उमेश यादव के सभी वित्तीय मामले देखना शुरू कर दिया। वह क्रिकेटर के बैंक खाते, आयकर और अन्य वित्तीय मामले देखने लगे। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी नागपुर में जमीन खरीदना चाहता था और इस बारे में ठाकरे से कहा। उन्होंने कहा, ठाकरे ने एक बंजर इलाके में एक प्लॉट देखा और उमेश यादव को बताया कि वह उन्हें 44 लाख रुपए में यह दिला देगा और उन्होंने भी ठाकरे के खाते में यह राशि जमा कर दी। लेकन ठाकरे ने अपने नाम पर यह प्लॉट खरीद लिया। जब उमेश यादव को धोखाधड़ी के बारे में पता चला तो उन्होंने ठाकरे से प्लॉट उनके नाम पर ट्रांसफर करने को कहा लेकिन उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया। अधिकारी ने कहा कि ठाकरे ने यह राशि भी उमेश यादव को लौटाने से मना कर दिया। अधिकारी ने कहा, उमेश यादव ने कोराडी में प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 406 और 420 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# नरवाल ब्लास्ट में नौ लोग गंभीर रूप से घायल, सेना-एसआईए की टीमों ने जांच के लिए साक्ष्य जुटाए

## इलाके में तलाशी अभियान शुरू, गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की रैली के चलते इन दिनों पूरे इलाके में सुरक्षा कड़ी, बावजूद इस तरह की घटना बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही

**श्रीनगर।** जम्मू के नरवाल इलाके में लगातार सीरियल ब्लास्ट में नौ लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। धमाके की सूचना के बाद मौके पर एसएसपी समेत अन्य एजेंसियों के अधिकारी पहुंचे। उधर, एलजी ने इस घटना के जांच के आदेश दे दिए है। इसके अलावा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने को कहा गया है।अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के औद्योगिक क्षेत्र नरवाल में शनिवार सुबह को दो विस्फोट में नौ लोग घायल हुए। उनका सरकारी मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। सेना और पुलिस का विशेज जांच दल के अलावा वरिष्ठ अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जम्मू जोन मुकेश सिंह ने बताया कि कहा कि जम्मू के नरवाल इलाके में विस्फोट होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया।



*जम्मू के नरवाल इलाके में ब्लास्ट के बाद पहुंची पुलिस*

गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की यात्रा के चलते जम्मू संभाग में सुरक्षा कड़ी है। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है। डीआईजी शक्ति पाठक और एडीजीपी मुकेश सिंह ने स्थानीय लोगों और पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। इस बीच इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सर्च ऑपरेशन के तहत वाहनों की भी चेकिंग की जा रही है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के लिए केंद्र शासित प्रदेश में हैं। घटनास्थल पर जम्मू के डीआईजी शक्ति पाठक ने बताया कि पुलिस के पास दो विस्फोटों की सूचना है। इस मामले की जांच कर रहे हैं। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए नरवाल इलाके से नमूने एकत्र किए। स्थानीय लोगों के मुताबिक नरवाल इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर के यार्ड नंबर सात और नौ पर धमाके हुए। पुलिस मौके पर खड़े सभी वाहनों को वहां से हटवा रही है। बताया जा रहा है इलाके में कई जगहों पर बड़ी मात्रा में कबाड़ एकत्र किया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यात्रा शुरू होने से दो सप्ताह पहले कांग्रेस पदाधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की थी। जम्मू कश्मीर में हमारे सभी नेता सुरक्षाकर्मियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। ऐसी घटनाओं पर ध्यान देना उनकी जिम्मेदारी है। भारत जोड़ो यात्रा चाहे जो भी हो जारी रहेगी। इसके बीच में ही धमाके हुए हैं जिसकी चपेट में आने के कारण ही लोग जख्मी हुए हैं। एडीजी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। धमाके के बाद पूरे इलाके में जांच जारी है।

### पीएम मोदी ने त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय के स्थापना दिवस पर दी बधाई, निरंतर प्रगति की प्रार्थना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्वोत्तर के तीन राज्यों-त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय के स्थापना दिवस पर वहां के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और मणिपुर पिछले कुछ वर्षों में प्रगति और विकास के गवाह बने हैं, जबकि मेघालय के लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मोदी ने कहा कि मणिपुर पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई मामलों में प्रगति कर रहा है, कामना करता हूं कि इसके लोगों की आकांक्षाएं पूरी हों और राज्य भारत के विकास पथ को मजबूती प्रदान करता रहे। उन्होंने कहा, पिछले पांच साल त्रिपुरा के विकास पथ के लिए उल्लेखनीय रहे हैं। कृषि से लेकर उद्योग, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, विभिन्न क्षेत्रों में राज्य में बड़ा परिवर्तन देखा गया है। मेघालय के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, यह राज्य अपनी जीवंत संस्कृति, विशेष रूप से संगीत, कला और खेलों के प्रति जुनून के लिए जाना जाता है। मेघालय के लोगों ने विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ नोरा फतेही के मानहानि मामले की सुनवाई 25 मार्च को



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ नोरा फतेही की आपराधिक मानहानि की शिकायत पर 25 मार्च को सुनवाई कर सकती है। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में अनुचित तरीके से नाम घसीटने को लेकर जैकलीन के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। कनाडाई नागरिक फतेही ने अपनी शिकायत में 15 मीडिया संगठनों को भी आरोपी बनाया है। फतेही के वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई आज होनी थी, लेकिन न्यायाधीश न्यायिक प्रशिक्षण के कारण छुट्टी पर थे, इसलिए सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। फतेही ने अपनी शिकायत में कहा है कि तेजी से आगे बढ़ने वाले करियर के अलावा उनकी एक प्राचीन प्रतिष्ठा है, जिसे स्पष्ट रूप से उनके प्रतिद्वंद्वी खतरा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फर्नांडीज ने अनुचि और दुर्भावनापूर्ण इरादे से एक अपमानजनक बयान दिया था और मीडिया घरानों द्वारा उसे बदनाम करने के इरादे से प्रसारित किया गया था। शिकायत में दावा किया गया है कि बॉलीवुड अभिनेता फर्नांडीज का यह आरोप गलत था कि फतेही को चंद्रशेखर से उपहार मिले थे। फतेही ने इस बात से भी इनकार किया कि उन्हें चंद्रशेखर से एक लग्जरी कार मिली थी। उन्होंने कहा कि यह उसके बहनोई बॉबी खान को फिल्म निर्देशन के आंशिक भुगतान के तौर पर दिया गया था।

## खास खबर

### आंध्र प्रदेश : पुलिस कांस्टेबल की नौकरी के लिए डॉक्टरेट, एलएलबी, एमटेक डिग्री धारकों ने आवेदन किया

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल के पद पर भर्ती के लिए आवेदन करने वालों में कम से कम 10 पीएचडी डिग्री धारक और 930 एमटेक डिग्री धारक अभ्यर्थी शामिल हैं। इस पद पर भर्ती के लिए रविवार को लिखित परीक्षा होगी। राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड (एपीएसएलपीआरबी) के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कांस्टेबल पद के लिए आवश्यक योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करना है। अभ्यर्थियों की सूची में 5,284 एमबीए, 4,365 एमएससी और 94 एलएलबी डिग्री धारक शामिल हैं। बयान के मुताबिक, कांस्टेबल के 6,400 पदों की भर्ती परीक्षा के 5,03,486 अभ्यर्थियों में कुल 13,961 स्नातकोत्तर और 1,55,537 स्नातक अभ्यर्थी शामिल हैं। इनमें से 3,95,415 पुरुष और 1,08,071 महिलाएं हैं। लिखित परीक्षा के माध्यम के लिए 3.64 लाख से अधिक आवेदकों ने तेलुगु, जबकि 1.39 लाख से अधिक ने अंग्रेजी और 227 ने उर्दू माध्यम को चुना है।

### ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले में टीएमसी के युवा नेता को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित संलिप्तता के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के युवा नेता कुंतल घोष को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोलकाता में ईडी के अधिकारियों ने घोष के चिनार पार्क स्थित अपार्टमेंट में रातभर ली गई तलाशी के बाद शनिवार सुबह उन्हें पहले हिरासत में लिया और फिर गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ह्लहमने कुंतल घोष को शिक्षक भर्ती घोटाले के तहत की गई अवैध नियुक्तियों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रहे अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं करने के कारण गिरफ्तार कर लिया।

## 40 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आया गुरमीत राम रहीम

### बलात्कार के जुर्म में काट रहा है सजा



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह 40 दिन की पैरोल पर हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल से शनिवार को रिहा किया गया। रोहतक पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंह को दोपहर में जेल से रिहा किया गया। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के बागपत में बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम जाएगा। डेरा प्रमुख अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के जुर्म में 20 साल जेल की सजा काट रहा है। उसे तीन महीने पहले भी 40 दिन की पैरोल दी गई थी। रोहतक के संभागीय आयुक्त संजीव वर्मा ने शुक्रवार को बताया था, पैरोल 40 दिनों के लिए प्रदान की गई है। यह नियमानुसार है। डेरा प्रमुख की आखिरी 40 दिन की पैरोल पिछले साल 25 नवंबर को खत्म हुई थी। वह 14 अक्टूबर को रिहा होने के बाद उत्तर प्रदेश में अपने बरनावा आश्रम गया था। सूत्रों ने बताया कि अपनी पैरोल अवधि के दौरान डेरा प्रमुख के 25 जनवरी को पूर्व डेरा प्रमुख शाह सतनाम सिंह की जयंती कार्यक्रम में भी शामिल होने की संभावना है। अक्टूबर-नवंबर में अपनी पिछली पैरोल अवधि के दौरान, 55 वर्षीय सिरसा डेरा प्रमुख ने बरनावा आश्रम में सत्संग के कई ऑनलाइन सत्र आयोजित किए थे। इनमें से कुछ सत्रों में हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने भाग लिया था। अक्टूबर की पैरोल से पहले डेरा प्रमुख जून में एक महीने की पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इसके अलावा, उसे पंजाब विधानसभा चुनाव से बमुश्किल दो सप्ताह पहले सात फरवरी 2022 से तीन सप्ताह की फरलो दी गई थी।

### मोदी-शाह के प्रचार के बावजूद जीतूंगा: सिद्दारमैया

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्दारमैया ने शनिवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता उनके खिलाफ प्रचार करते हैं, तो भी वह कोलार विधानसभा सीट जीतेंगे। सिद्दारमैया ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आने दें और मेरे खिलाफ प्रचार करें। मैं निश्चित रूप से कोलार से जीतूंगा। उन्होंने मई में होने वाले विधानसभा चुनाव में कोलार से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करने के बाद उनके खिलाफ प्रचार अभियान को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब में यह बातें कहीं। उन्होंने आगे कहा कि शाह द्वारा उनके खिलाफ प्रचार करने के बावजूद उन्होंने पिछले चुनाव में बादामी विधानसभा सीट जीती थी। उल्लेखनीय है कि सिद्दारमैया ने बादामी सीट जीती थी, लेकिन भाजपा के बी श्रीरामुलु से चामुंडेश्वरी सीट हार गए थे। वह पिछले चुनाव में दो सीटों से चुनाव लड़े थे, लेकिन इस चुनाव में उन्होंने एक निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने के अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। उन्होंने यह कहते हुए बदामी सीट से दूरी बना ली है।

## 32 सलाखों के पीछे बिना हड्डी की जो जीभ है उसे संतुलित करना बहुत जरूरी : सचिन पायलट

### पायलट ने कहा, चुनाव आते हैं, हम एक दूसरे का विरोध करते हैं मगर विरोध मुद्दों पर होना चाहिए। पिछले 5 दिनों में मैंने जो भाषण दिए, वो आप सभी के मुद्दों हैं

**जयपुर।** कांग्रेस टछअ सचिन पायलट ने कहा है कि 32 सलाखों के पीछे बिना हड्डी की जो जीभ है उसे संतुलित करना बहुत जरूरी होता है। मुंह से निकली हुई बात कभी वापस नहीं आती। राजनीति में मैंने मेरे स्वर्गीय पिताजी से बहुत कुछ सीखा है और राजनीति के अखाड़े में बड़े-बड़ों को पटखनी देते हुए देखा है। सचिन पायलट ने कहा, चुनाव आते हैं, हम एक दूसरे का विरोध करते हैं मगर विरोध मुद्दों पर होना चाहिए। पिछले 5 दिनों में मैंने जो भाषण दिए, वो आप सभी के मुद्दों हैं। वो किसी पर व्यक्तिगत आरोप नहीं हैं। व्यक्तिगत आलोचना, गाली-गलौज करना, कठोर शब्द बोलना बहुत आसान है। राजस्थान कांग्रेस में पिछले कई महीनों से रह-रहकर सियासी तूफान उठता रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच वार पलटवार का एक



नया दौर शुरू हो गया है। हाल ही में गहलोत ने नाम लिए बिना पायलट को बड़ा कोरोना बता दिया था। गहलोत के इस बयान पर अब सचिन पायलट ने पलटवार किया है। सचिन पायलट ने कहा कि जीभ का इस्तेमाल करना आना चाहिए क्योंकि मुंह से निकली बात वापस नहीं आती। पायलट ने महाराजा कॉलेज में पुस्तकालय के उद्घाटन के मौके पर छात्रों से कहा, राजनीति में मैंने अपने दिवंगत पिता से बहुत कुछ देखा और सीखा है। राजनीतिक क्षेत्र में मैंने उन्हें बड़ों पर जीत हासिल करते हुए देखा है। दूसरों का अपमान करना और छोटी-छोटी बातें कहना अच्छी बात नहीं है। आप सभी जानते हैं कि मेरे बारे में क्या कहा गया। फिर पायलट छात्रों से पूछते हैं, मेरे बारे में क्या कहा गया था?' छात्रों ने ऊंची आवाज में कहा 'कोरोना।' पायलट फिर पूछते हैं, मेरे बारे में पहले क्या कहा गया था? जवाब आया, निक्कमा। पायलट ने कहा, पिछले 5 दिनों से मैंने केवल मुद्दों पर भाषण दिया है। किसी के खिलाफ कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया गया है। व्यक्तिगत आलोचना करना, गाली देना और कठोर शब्द बोलना बहुत आसान है। 32 दांतों के पीछे बिना हड्डी वाली जीभ का संतुलन और इस्तेमाल करना आना बहुत जरूरी है। मुंह से निकली बात कभी वापस नहीं आती। इस पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है। इसे मजबूत करने के लिए हम लगातार काम करें। पहली बार 2014 में राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया। उस वक्त हमारे पास सिर्फ 21 विधायक रह गए थे। हाल ही में वायरल एक वीडियो में अशोक गहलोत कहते दिख रहे हैं कि महामारी के बाद पार्टी में बड़ा कोरोना आ गया है। माना जा रहा है कि गहलोत ने पायलट की तुलना कोरोना वायरस से की। बुधवार को संविदा कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान जब उनके नेता शमशेर खान ने मुख्यमंत्री से किसी से न मिलने की शिकायत की तो गहलोत ने टोकते हुए कहा, तुम ठीक कह रहे हो, पर अब मिलना शुरू हो गया है, पिछले सोमवार को मिला था।

## गुटखा खाकर कोर्ट में पहुंचा वकील, जज साहब ने कायदे से समझाई फायदे की बात

### ऐसी-ऐसी बातें कही कि वो सॉरी-सॉरी की रट लगाने लगे



**नई दिल्ली।** लोकतंत्र में न्याय का मंदिर न्यायालय को कहा जाता है। जज की कुर्सी एक ऐसी कुर्सी होती है, जिसपर बैठा शख्स न्याय और अनुशासन की प्रतिमूर्ति होता है। उसके सामने हर व्यक्ति एक समान होता है। यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, फिर छोटे-मोटे पदों पर बैठे अधिकारियों को तो छोड़ ही दीजिए। कोर्ट में दलील देने वाले वकीलों को भी जज के सामने अनुशासन में ही रहना पड़ता है और अगर कभी उनका अनुशासन डगमगाता है तो फिर जज साहब उन्हें कायदे से समझाते भी हैं और जरूरत पड़ने पर डांट-फटकार भी मिलती है। फिलहाल सोशल मीडिया पर ऐसे ही एक वकील का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने कोर्ट में जज साहब के सामने गुटखा खाकर जाने की गलती कर दी। फिर उसे जज साहब ने जो भरपूर डोज दिया, उसे सुनकर यकीनन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखर जाएगी। वीडियो में आप देख सकते हैं कि दो जज अपनी-अपनी कुर्सियों पर विराजमान हैं और सामने दो वकील खड़े होकर किसी केस के सिलसिले में उन्हें दलीलें दे रहे हैं। इसी बीच जज साहब की नजर अचानक एक वकील के दांतों पर पड़ी, तो उन्होंने झट से वकील को ब्रश करके आने की सलाह दे दी। इसपर वकील उन्हें सॉरी बोलता है, लेकिन जज साहब यहीं पर नहीं थमते, बल्कि वो वकील से पूछ ही लेते हैं कि क्या आप कोर्ट में पान खा रहे हैं? इसपर वकील कहता है कि जज साहब वो पान नहीं खा रहे बल्कि गुटखा चबा रहे हैं। फिर क्या, भड़के जज साहब ने उन्हें ऐसी-ऐसी बातें कही कि वो सॉरी-सॉरी की रट लगाने लगे।

## छेडछाड़ के आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए मालीवाल को पद से हटाया जाए: दिल्ली भाजपा

### उपराज्यपाल को लिखे पत्र में उनसे मालीवाल के साथ हुई कथित छेड़छाड़ की घटना की पुलिस जांच पूरी होने तक उन्हें निलंबित करने का अनुरोध किया है

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल पर शनिवार को हमला तेज करते हुए उनसे छेड़छाड़ के आरोपों की निष्पक्ष पुलिस जांच के लिए उपराज्यपाल से उन्हें (मालीवाल को) पद से हटाने की मांग की। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना को लिखे पत्र में उनसे 19 जनवरी को मालीवाल के साथ हुई कथित छेड़छाड़ की घटना की पुलिस जांच पूरी होने तक उन्हें निलंबित करने का अनुरोध किया है। मालीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर नशे में धुत एक कार सवार ने उनके साथ छेड़छाड़ की और फिर उन्हें अपनी गाड़ी से 10-15 मीटर तक घसीटा। मालीवाल




का दावा है कि गाड़ी की खिड़की में उनका हाथ फंस गया था, तभी वाहन चालक ने कार आगे बढ़ा दी। इस मामले में 47 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कपूर ने कहा कि हर किसी ने घटना की निंदा की है और यह संतोषजनक है कि घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ...लेकिन इस मामले में सोशल मीडिया पर उपलब्ध रिपोर्ट और मीडिया में आई खबरों से संकेत मिलता है कि छेड़खानी करने वाला हरीश चंद्र दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी का सूर्यवंशी संगम विहार से सक्रिय कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि हरीश चंद्र सूर्यवंशी की एक आप विधायक के साथ प्रचार करते हुए तस्वीरें हैं। कपूर ने कहा, छेड़छाड़ करने के आरोपी व्यक्ति के आम आदमी पार्टी से संबंध का खुलासा करने वाले इस घटनाक्रम ने स्वाति मालीवाल का पदार्फाश कर दिया है और वह अपने संवैधानिक पद का इस्तेमाल कर इस मामले में पुलिस जांच को प्रभावित करने की पूरी कोशिश करेंगी।

कपूर ने अपने पत्र में उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि वह कथित छेड़छाड़ की घटना की जांच पूरी होने तक डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष के पद से मालीवाल को निलंबित करें, ताकि वह जांच को प्रभावित करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग न कर सकें।

## न्यूजीलैंड के अगले प्रधानमंत्री होंगे क्रिस हॉपकिंस, जेसिंडा अर्डर्न की लेंगे जगह

### क्रिस हॉपकिंस को प्रधानमंत्री बनने के लिए रविवार को संसद में अपनी लेबर पार्टी के साथियों का समर्थन हासिल करना होगा, लेकिन यह केवल एक औपचारिकता भर है



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के शिक्षा मंत्री क्रिस हॉपकिंस का देश का अगला प्रधानमंत्री बनना तय है। दरअसल, 44 वर्षीय हिपकिंस मौजूदा प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न की जगह लेने की दौड़ में शामिल एकमात्र उम्मीदवार हैं। हालांकि, क्रिस हॉपकिंस को प्रधानमंत्री बनने के लिए रविवार को संसद में अपनी लेबर पार्टी के साथियों का समर्थन हासिल करना होगा, लेकिन यह केवल एक औपचारिकता भर है। करीब साढ़े पांच साल शीर्ष पद पर रहीं अर्डर्न ने गुरुवार को यह घोषणा कर 50 लाख की आबादी वाले अपने देश को चौंका दिया था कि वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे रही हैं। केवल एक उम्मीदवार के चुनावी मैदान में उतरने से संकेत मिलता है कि अर्डर्न के जाने के बाद पार्टी के सभी सांसदों ने मुकाबले की लंबी प्रक्रिया से बचने के लिए हिपकिंस का समर्थन किया है और वे इस बात का कोई संकेत नहीं देना चाहते कि पार्टी में एकता का अभाव है। प्रधानमंत्री बनने के बाद हिपकिंस आठ महीने से कम समय तक पद संभालेंगे। इसके बाद, देश में आम चुनाव होगा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, लेबर पार्टी की स्थिति मुख्य प्रतिद्वंद्वी 'नेशनल पार्टी' से बेहतर है। क्रिस हॉपकिंस कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान इस संकट के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाकर लोगों की नजरों में छाए थे, लेकिन सरकार में सबसे अधिक ध्यान अर्डर्न ने ही आकर्षित किया था। वह नेतृत्व की अपनी नई शैली के कारण वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बनीं। मात्र 37 साल में प्रधानमंत्री बनने वाली अर्डर्न की न्यूजीलैंड में हुई गोलीबारी की अब तक की सबसे भयंकर घटना और महामारी से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रशंसा की गई।

## बदरीनाथ यात्रा पर संकट: भू-धंसाव की चपेट में हाईवे, कई हिस्सों में धंस रहा धाम की तरफ जाने वाला एकमात्र रास्ता

### सरकार फिलहाल मार्ग के ट्रिटमेंट की बात कर रही है, लेकिन यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को सुचारू रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी

**जोशीमठ।** जोशीमठ में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी भू-धंसाव की चपेट में है। लाखों हिंदुओं की आस्था के केंद्र बदरीनाथ की तरफ जाने वाले इस एकमात्र मार्ग के कई हिस्सों में एक से दो मीटर तक दरारें आई हैं। सरकार फिलहाल मार्ग के ट्रिटमेंट की बात कर रही है, लेकिन यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को सुचारू रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी। बदरीनाथ हाईवे धार्मिक ही नहीं सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हाईवे पर आईं बड़ी-बड़ी दरारें सरकार की चिंता का बड़ा कारण बन गई हैं। यदि दरारें नहीं थमीं तो हाईवे का एक बड़ा हिस्सा कभी भी जमींदोज हो सकता है। ऐसे हालात में बदरीनाथ धाम ही नहीं भारतीय सेना चीन की सीमा से कट सकती है। इस मार्ग पर जोशीमठ में स्टेट बैंक के सामने, मुख्य बाजार में लोनिवि गेस्ट हाउस के नीचे, जेपी कॉलोनी और मारवाड़ी में भी एक से दो मीटर तक की दरारें आई हैं। क्षेत्र का दौरा कर लौटे भू-विज्ञानी प्रो. एमपीएस बिष्ट ने बताया कि हाईवे पर दरारों का पैट्रन समानांतर और क्रास



क्रेक का है। इनका समय पर उपचार किया जाना जरूरी है। इसके अलावा सड़क के किनारे धंस रहे बड़े-बड़े बोल्डर भी चिंता बढ़ा रहे हैं। सीमांत जिले चमोली के जोशीमठ से बदरीनाथ की दूरी करीब 46 किमी है। बदरीनाथ से आगे का रास्ता चीन सीमा की ओर जाता है। इसी के तहत यहां चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत हेलंग से जोशीमठ बाईपास का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन भू-धंसाव के बाद इसके निर्माण पर भी रोक लगा दी गई है। हालांकि अब शासन स्तर पर पुनः मार्ग पर काम शुरू करने की संभावनाओं को तलाश जा रहा है। लेकिन यह पूरी तरह से आईआईटी रुड़की तकनीकी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। जोशीमठ में हेलंग से मारवाड़ी तक बनाए जाने रहे बाईपास को बनने में समय लग सकता है। इस मार्ग में हेलंग और मारवाड़ी दोनों तरफ के चट्टानों को काटने का काम किया जा रहा था। करीब तीन किमी तक कटिंग हो चुकी है। लेकिन इसमें दो बड़े पुल भी बनने हैं, इनके निर्माण में समय लग सकता है। ऐसे में यदि रात दिन भी इस सड़क पर काम किया जाए तो यह कहना मुश्किल है कि यात्रा से पहले यह मार्ग शुरू हो पाएगा।

### निर्वाचन आयोग ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना की जारी

**अगरतला।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने त्रिपुरा की 60 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उम्मीदवार अब 30 जनवरी तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 31 जनवरी को की जाएगी और उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि दो फरवरी है।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एसीईओ) सुभाषीश बंदोपाध्याय ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 60 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 16 फरवरी को होगा और मतगणना दो मार्च को की जाएगी। कुल मिलाकर 28,13,478 मतदाता आगामी चुनाव में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र हैं। अंतिम मतदाता सूची में रिकॉर्ड 65,044 नए मतदाताओं को शामिल किया गया है।



**उत्तराखंड में भूधंसाव की समस्या से जूझ रहे जोशीमठ सहित चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बृहस्पतिवार देर रात से हिमपात हो रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है।**



**सेंसेक्स**
107.59 अंक गिरकर 60,750.84 अंक पर



**सोना**
113 रुपये की तेजी के साथ 56,755 रुपये प्रति 10 ग्राम

# रतन टाटा दे रहे हैं बंपर कमाई का मौका, 19 साल बाद आ रहा टाटा ग्रुप का आईपीओ

## 4,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती है टाटा टेक, कंपनी में टाटा मोटर्स की 74.42 फीसदी हिस्सेदारी, एन चंद्रशेखरन के कार्यकाल में पहला आईपीओ

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप 19 साल बाद आईपीओ लाने की तैयारी में है। टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज इस आईपीओ के जरिए 3,500 से 4,000 करोड़ रुपये जुटा सकती है। इस इश्यू के लिए कंपनी की वैल्यूएशन 16,200 से 20,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। टाटा ग्रुप ने इस आईपीओ के लिए काम करना शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी दो एडवाइजर्स के साथ काम कर रही है। साथ ही एक और एडवाइजर को नियुक्त करने की प्रक्रिया जारी है। पिछले महीने



टाटा मोटर्स के बोर्ड ने टाटा टेक में आईपीओ के जरिए कुछ हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। इसके बाद से कंपनी के अनलिस्टेड शेयरों में लगातार तेजी आ रही है। बेस्ट डील के साथ अपग्रेड करने का

हालांकि इस आईपीओ के लिए टाटा ग्रुप ने अभी तक कोई तारीख मुकर्रर नहीं की है। कंपनी का कहना है कि उसे सही मौके का इंतजार है। यह टाटा संस के मौजूदा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के कार्यकाल में यह टाटा ग्रुप का पहला आईपीओ होगा। टाटा टेक्नोलॉजीज डिजिटल, इंजीनियरिंग और तकनीकी सर्विस सेक्टर में दुनिया की अग्रणी कंपनियों में शामिल है। इसमें टाटा मोटर्स की 74.42 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी तरह 8.96 फीसदी हिस्सेदारी अल्फा टीसी और 4.48 फीसदी हिस्सेदारी टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड की है।


इससे पहले टाटा ग्रुप की किसी कंपनी का आईपीओ 19 साल पहले आया था। टाटा ग्रुप साल 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का आईपीओ लाया था। टीसीएस आज देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी है। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,671,800.07 करोड़ रुपये है जबकि टीसीएस 1,233,082.02 करोड़ रुपये के साथ दूसरे नंबर पर है।

***कमाल का शेयर! 1 लाख के किये 12 लाख, शेयर स्प्लिट के बाद अपर सर्किट, मुनाफा 11905% बढ़ा***

पांचों उंगलियां घी में होना... यह कहावत आपने खूब सुनी होगा। इसका मतलब है कि हर तरफ से फायदा ही फायदा होना। शेयर मार्केट में बहुत कम बार ऐसा होता है। लेकिन जब होता है, तो निवेशकों की चांदी हो जाती है। ऐसा ही एक शेयर दीप डायमंड इंडिया है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है यह डायमंड एंड जूलरी सेक्टर की कंपनी है। इस शेयर ने एक साल में निवेशकों को करीब 1200 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसके बाद इस शेयर का 1:10 के अनुपात में स्टॉक स्प्लिट हुआ। यानी एक शेयर के 10 शेयर हो गए। जैसे ही स्टॉक स्प्लिट हुआ, शेयर में अपर सर्किट लग गया। इस कंपनी का तीसरी तिमाही का परिणाम भी आ गया है।

## यस बैंक का शुद्ध लाभ 79 प्रतिशत घटा, एटी-1 बॉन्ड मामले में करेगा अपील

**मुंबई।** दिसंबर तिमाही में अधिक वित्तीय प्रावधान करने से निजी क्षेत्र के यस बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 79 प्रतिशत घटकर 55.07 करोड़ रुपये रह गया। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसे फंसे कर्जों के लिए अधिक प्रावधान करना पड़ा जिसका असर उसके लाभ पर पड़ा है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक के अग्रिम आवंटन में 10 प्रतिशत और शुद्ध ब्याज मार्जिन में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके साथ ही बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 11.7 प्रतिशत बढ़कर 1,971 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की गैर-ब्याज आय 55.8 प्रतिशत बढ़कर 1,143 करोड़ रुपये हो गई और कॉरपोरेट बॉन्ड की बिक्री से उसे 100 करोड़ रुपये मिले। यस बैंक का कुल प्रावधान अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 375 करोड़ रुपये से



बढ़कर 845 करोड़ रुपये हो गया। बैंक के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि पुरानी खराब संपत्तियों के कारण प्रावधान बढ़ा।

कुमार ने कहा कि बैंक ने अब तक 4,300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वसूल किया है, और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में अतिरिक्त 1,000 करोड़ रुपये वसूलने की उम्मीद है। इसके साथ ही बैंक ने कहा कि वह 8,400 करोड़ रुपये के एटी-1 बॉन्ड मामले में बंबई उच्च न्यायालय के 2020 के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा। बैंक ने कहा कि उसके पास एटी-1 बॉन्ड लाने के पक्ष में मजबूत कानूनी आधार हैं।

### यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट योजना पेश हुई

**नई दिल्ली।** फंड की शुरूआत में निवेश किए गए 10 लाख रुपये 31 दिसंबर, 2022 तक बढ़कर 18.64 करोड़ रुपये हो गए यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट स्कीम भारत का पहला इक्विटी-ओरिएंटेड फंड है (अक्टूबर 1986 में लॉन्च किया गया) और 35 से अधिक वर्षों से अधिक का इसका धन सृजन का ट्रैक रिकॉर्ड है.यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट स्कीम एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन लार्ज कैप कंपनियों में निवेश करना है, जिनके संबंधित क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ है. यह स्टॉक चुनने के लिए उचित मूल्य पर विकास (जीएआरपी) की निवेश शैली अपनाता है. इसका अर्थ हुआ कि किसी कंपनी की कमाई में अंतर्निहित वृद्धि को देखते हुए पोर्टफोलियो में उस शेयर को खरीदने के लिए उचित कीमत चुकानी होगी।

फंड का उद्देश्य उन कंपनियों में निवेश करना है जो नियंत्रित उधारी, लगातार राजस्व वृद्धि, लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करने, पूंजी लागत की तुलना में पूंजी पर हाई रिटर्न और लगातार ऑपरेशनल कैश फ्लो के साथ मौलिक रूप से मजबूत हो. ऐसी कंपनियां भविष्य के विस्तार के लिए ओपन कैश फ्लो उत्पन्न कर सकती हैं।

## टेस्ला की खरीद संबंधी ट्वीट मामले में कोर्ट में पेश हुए एलन मस्क, जानिए पूरा मामला

### ट्वीट में कहा था कि उन्होंने टेस्ला को खरीदने के लिए पर्याप्त वित्त का इंतजाम कर लिया है

**सैन फ्रांसिस्को।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क अपनी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला को खरीद के संबंध में किए गए 'भ्रामक' ट्वीट से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए अदालत में पेश हुए। यह मामला मस्क के सात अगस्त 2018 को किए गए दो ट्वीट से संबंधित है। मस्क ने दोनों ट्वीट में कहा था कि उन्होंने टेस्ला को खरीदने के लिए पर्याप्त वित्त का इंतजाम कर लिया है।

हालांकि, इस सौदे को कभी अमल में नहीं लाया जा सका। इसके बाद, टेस्ला के शेयर धारकों ने मस्क पर यह कहते हुए मुकदमा किया कि उनके ट्वीट से उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। काला सूट पहने मस्क सैन फ्रांसिस्को की दीवानी अदालत में पेश हुए। उनके वकील ने मामले को टेस्ला के मुख्यालय टेक्सास स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने ठुकरा दिया। नौ न्यायाधीशों की जूरी यह फैसला करेगी कि क्या इन ट्वीट ने टेस्ला के शेयर



ट्विटर को पिछले साल 44 अरब डॉलर में खरीदने वाले मस्क ने शुक्रवार को अदालत में कहा कि ट्वीट करना निवेशकों से संवाद करने का 'सबसे लोकतांत्रिक तरीका' है। उन्होंने शेयर धारकों के वकील निकोलस पोरिट द्वारा पूछे गए

धारकों को दस दिन की अवधि में भारी नुकसान पहुंचाया। इस मामले में मस्क ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जिस खरीद की योजना बनाई थी, उस पर अमल नहीं हो सका। मस्क ने ट्वीट किया था कि उन्होंने टेस्ला को खरीदने के लिए 72 अरब डॉलर 'धन जुटा लिया' है। उस समय टेस्ला उत्पादन संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था। इसके बाद, उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया था कि इस संबंध में सौदा जल्द ही होने वाला है, जबकि ऐसा कोई सौदा नहीं हुआ।

सवाल के जवाब में कहा, 'मैं खुदरा निवेशकों की बहुत परवाह करता हूं। हालांकि, मस्क ने साथ ही कहा कि ट्विटर पर शब्दों की निर्धारित सीमा के कारण इस मंच पर बात को विस्तार से नहीं कहा जा सकता। संघीय अदालत के न्यायाधीश पहले ही निर्धारित कर चुके हैं कि मस्क के दोनों ट्वीट गलत थे। अब सुनवाई के दौरान ज्यूरी तय करेगी कि क्या मस्क ने निवेशकों को जानबूझकर धोखा दिया और क्या इससे उन्हें नुकसान हुआ।

### अडानी की ओर से फॉलो-ऑन शेयरों की खरीद के लिए 10-15 प्रतिशत छूट का ऐलान

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की फ्लैगशिप कंपनी निवेशकों को भारत की सबसे बड़ी फॉलो-ऑन शेयर बिक्री में 10-15 प्रतिशत की छूट की पेशकश कर रही है। कंपनी की ओर अपने समर्थकों का बेस मजबूत करने का यह प्रयास है। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा एक्सचेंज में फाइलिंग के अनुसार, 3,112 रुपये से 3,276 रुपये के प्राइस बैंड में शेयर बेचकर 2.5 बिलियन डॉलर जुटाने की कोशिश है. ब्लूमबर्ग न्यूज ने पहले बताया था कि बड़े निवेशकों को मौजूदा बाजार मूल्य पर 10 प्रतिशत की रियायत मिलेगी, जबकि खुदरा निवेशक खरीदारी करने के लिए और भी कम भुगतान करेंगे। इस कंपनी बाजार मूल्य पिछले एक साल में लगभग दोगुना हो गया है। कंपनी ने बुधवार को जारी अपने प्रॉस्पेक्टस में कहा कि एकत्र किए गए पैसे में लगभग आधा अडानी के हवाईअड्डे और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए खर्च किया जाएगा।

## कमाई के मामले में भारतीय रेलवे ने पकड़ी रफ्तार, नौ माह में ही तोड़ दिया पिछले साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की कमाई में बंपर बढ़ोतरी देखी गई है। कोरोना महामारी के दौरान ठप पड़ी रेलवे ने कमाई के मामले में अपनी रफ्तार फिर से पकड़ ली है। यात्रियों के सफर से लेकर माल ढुलाई मामले में रेलवे की आय में बढ़ोतरी हुई है। रेलवे ने इस वित्त वर्ष के 9 महीने में ही वर्ष 2021-22 की कुल कमाई के पार पहुंच गई है। जबकि अभी इस वित्त वर्ष को खत्म होने में तीन माह बचे हुए हैं। केंद्रीय बजट के दो सप्ताह पहले यह आंकड़े सामने आए हैं, जब रेलवे ने बजट आवंटन बढ़ाए जाने की मांग की है। रेल मंत्रालय का कहना है कि रेलवे ने इस वित्त वर्ष में अब तक 1.91 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर ट्वीट किया कि रेल मंत्रालय की अब तक की कमाई पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 42,370 करोड़ रुपये ज्यादा है।' रेलवे की यह उपलब्धि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के पूरा होने से 71 दिन पहले हासिल की गई है। हालांकि



किस मद से कितनी कमाई भारतीय रेलवे को हुई है, इसके सही आंकड़े अभी सामने नहीं आए हैं। लेकिन यह अनुमान है कि माल ढुलाई से 1.3 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है। वहीं यात्री किराये से करीब 55,000 करोड़ रुपये कमाई हुई है। शेष कमाई कोचिंग, पार्सल सेवाओं और अन्य प्राप्तियों से हुई है। रेल मंत्रालय ने 19 जनवरी तक 11,850 लाख टन कच्चे माल और वस्तुओं की ढुलाई की है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में आठ फीसदी ज्यादा है। बहरहाल ढुलाई की दूरी बढ़ने और नए बने ज्यादा क्षमता वाले विशेषीकृत वैगनों से सरकार को पिछले साल की समान अवधि की तुलना में राजस्व में 17 फीसदी वृद्धि करने में मदद मिली है।

### दिसंबर तिमाही में नेट प्रॉफिट दोगुना होकर 605 करोड़

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में नेट प्रॉफिट दोगुना होकर 605 करोड़ रुपये हो गया. ऑपेशन से रेवेन्यू बढ़ने से उसका मुनाफा बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में उसका प्रॉफिट 281 करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक की कुल आय 7,064.30 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 5,197.79 करोड़ रुपये थी. अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही में बैंक के पास कस्टमर डिपॉजिट्स 44% बढ़कर 1.23 लाख करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर तिमाही में बैंक की ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स 2.96% हो गई जो एक साल पहले 3.96% थी. नेट एनपीए भी बेहतर होकर 1.03% हो गया जो साल भर पहले 1.74% था। बैंक की नेट ब्याज आय सालाना आधार पर 27% बढ़कर 2,580 करोड़ रुपये हो गई. शुल्क और अन्य आय भी 50% बढ़ोतरी के साथ 1,117 करोड़ रुपये हो गई।

## रिलायंस का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 15 फीसदी घटा, जियो के शुद्ध मुनाफे में 28.3 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 15 फीसदी घटकर 15,792 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि 2022-23 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15,792 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 18,549 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय दिसंबर तिमाही में बढ़कर 2,20,592 करोड़ रही, जबकि बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,91,271 करोड़ रुपये थी। वहीं, देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो का शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 28.3 प्रतिशत बढ़कर 4,638 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस जियो ने शेयर बाजार को बताया कि उसने पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में 3,615 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी की आय चालू वित्त वर्ष की



अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 22,993 करोड़ रुपये हो गयी, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 19,347 करोड़ रुपये थी। रिलायंस जियो के बयान के अनुसार दिसंबर तिमाही में अन्य आय 63 करोड़ रुपये रही। यह एक साल पहले की समान अवधि में 155 करोड़ रुपये थी। इस दौरान ईबीआइटीडीए 12,009 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 22,521 करोड़ रुपये था। कंपनी का परिचालन मार्जिन सालाना आधार पर 50 आधार अंक बढ़कर 26.6 प्रतिशत हो गया है। दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ मार्जिन 17.1 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 15.9 प्रतिशत था।

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों के जमीन बकाया पर साधारण ब्याज लिया जाए: नारेडको

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने उत्तर प्रदेश सरकार से जमीन पर बिल्डरों के बकाया भुगतान पर साधारण ब्याज लेने या हरियाणा की तरह कुल बकाया राशि में से ब्याज का 75 प्रतिशत माफ कर देने का अनुरोध किया है। रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष संगठन नारेडको की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष आर के अरोड़ा ने राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को लिखे एक पत्र में बकाया जमीन भुगतान के लिए एकबारगी समाधान नीति अपनाने की गुहार लगाई है। संगठन ने कहा है कि राज्य सरकार को बिल्डरों को आवंटित जमीन के बकाया भुगतान पर साधारण ब्याज वसूलने या फिर हरियाणा सरकार की



'समाधान से विकास' नीति अपनाने के बारे में सोचना चाहिए। उसके बाद बकाया राशि के भुगतान को नए सिरे से निर्धारित किया जाए। नारेडको का यह पत्र गत नवंबर में आए उच्चतम न्यायालय के फैसले के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने विभिन्न बिल्डरों को पट्टे पर दी गई जमीन के बकाया भुगतान पर आठ प्रतिशत की अधिकतम दर से ब्याज वसूलने के जून, 2020 के अपने ही आदेश को वापस ले लिया था। इस फैसले को नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में सक्रिय डेवलपरों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अरोड़ा ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश सरकार को सुझाव दिया है कि बिल्डरों को जमीन आवंटित किए जाने की तारीख से देय भुगतान पर साधारण ब्याज वसूला जाए, न कि चक्रवृद्धि ब्याज। इसके अलावा बकाया भुगतान को पुनर्निधारित करने के बारे में भी राज्य सरकार सोचे। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार की समाधान से विकास नीति को अपनाकर एकबार में ही पूरे मामले का निपटारा कर देने का विकल्प भी रखा है। हरियाणा सरकार की इस नीति में डेवलपरों को ब्याज वाले हिस्से का 25 प्रतिशत ही चुकाना होता है और बाकी 75 प्रतिशत माफ कर दिया जाता है। अरोड़ा ने कहा, ₹ऐसा अनुमान है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरणों का बिल्डरों पर कुल बकाया करीब 40,000 करोड़ रुपये है। इसमें प्रीमियम, ब्याज और जुमार्ना राशि भी शामिल है। लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद कोई भी डेवलपर जमीन का बकाया चुकाने की हालत में नहीं है।

## एयर इंडिया के टॉप अफसरों को घटना के कुछ घंटों बाद ही दे दी गई थी जानकारी, आधिकारिक ईमेल से खुलासा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री पर पेशाब करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। यह घटना 26 नवंबर 2022 की है। अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान के चालक दल में शामिल एक सदस्य ने दिल्ली में उड़ान की लैंडिंग के कुछ घंटों के भीतर ही शीर्ष अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी थी। इन अधिकारियों में एयरलाइन के सीईओ कैंपबेल विल्सन भी शामिल थे। मीडिया मे एक ई मेल की चर्चा जिसके अनुसार, एयर इंडिया केबिन क्रू सुपरवाइजर ने कथित तौर पर 27 नवंबर को दोपहर लगभग 1 बजे



एयरलाइन के इनफ्लाइट सर्विस डिपार्टमेंट (आईएफएसडी), भारत में बेस ऑपरेशंस के प्रमुख, आईएफएसडी के लीड एचआर प्रमुख और आईएफएसडी के उत्तरी क्षेत्र के प्रमुख के साथ शिकायतों (ग्राहक सेवा) को ईमेल भेजकर घटना के बारे में बताया था। एयर इंडिया के शीर्ष प्रबंधन ने पहले दावा किया था कि विमान के उतरने के बाद उन्हें घटना के बारे में तत्काल सूचित नहीं किया गया था। जिसके कारण आरोपी शंकर मिश्रा बिना किसी कार्रवाई के बिना वहां से चला गया। एयर इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कैंपबेल विल्सन ने कहा था कि एयरलाइन ने अपने चालक दल की खामियों की जांच करने और उन कमियों को दूर करने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया है जिसके कारण उड़ान संख्या एआई-102 में यह वारदात हुई। घटना का 'संक्षिप्त सारांश' वाले मेल को भी 3.47 बजे ₹ओके, नोट₹ के जवाब के साथ स्वीकार किया गया था। टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद शुरूआती ईमेल में से एक जिसकी मीडिया में चर्चा चल रही है वह दोपहर 3.46 बजे भेजा गया था, जिसे प्राप्तकताओं ने पढ़ा और स्वीकार किया गया था। उसी दिन शाम 7.46 बजे ईमेल के एक विस्तृत थ्रेड में ग्राउंड हैंडलिंग विभाग के प्रमुख और ग्राहक सेवा और इनफ्लाइट सेवाओं के प्रमुखों को संबोधित मेल भी शामिल थे। इसके अलावा इस संचार से यह भी पता चलता है कि विल्सन को उसी शाम महिला यात्री के दामाद से एक ईमेल मिला था। जिसने एयरलाइन के ग्राहक सेवा प्रमुख को मेल अग्रेषित किया था। उन्हें प्राप्त मेल पर ध्यान आकर्षित किया गया था। पिछले साल 26 नवंबर को शंकर मिश्रा नाम के एक व्यक्ति ने एयर इंडिया की एक उड़ान के बिजनेस क्लास में नशे की हालत में 70 वर्षीय महिला सहयात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। ***एजेंसी***

## संक्षेप

### गोदरेज एग्रोवेट ने ऑइल पॉम किसानों के लिए समाधान, वन-स्टॉप सॉल्यूशन सेंटर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** गोदरेज एग्रोवेट के ऑयल पाम व्यवसाय ने समाधान नामक एक अभूतपूर्व पहल की शुरूआत की है, जो एक वन स्टॉप सॉल्यूशन सेंटर है जो ऑयल पाम किसानों को ज्ञान, उपकरण, सेवाएं और समाधान का एक व्यापक पैकेज प्रदान करेगा। 'समाधान' का उद्देश्य ताड़ के तेल उद्योग में एक महत्वपूर्ण संबल बनना है और ताड़ के तेल के किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनाकर और उनकी उत्पादकता को बढ़ाकर उनकी पैदावार का अनुकूलन करने में सहायता करना है। समकालीन तकनीकों तक ज्ञान और पहुंच प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, 'समाधान' किसानों को ताड़ के तेल की खेती में उद्यम करने के बारे में सूचित निर्णय लेने में सक्षम करेगा जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो सकेगी। अगस्त 2021 में खाद्य तेल - ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन के लॉन्च के बाद से, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड, एक विविध कृषि-व्यवसाय कंपनी और भारत में ऑयल पाम क्षेत्र में अग्रणी, ने जोड़ने का लक्ष्य स्थापित किया था भारत में ताड़ के तेल के दीर्घकालीन सतत विकास का समर्थन करने के लिए अगले पांच वर्षों के दौरान 60,000 हेक्टेयर अतिरिक्त ताड़ के वृक्षारोपण। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी ने समाधान विकसित किया है। प्रत्येक समाधान केंद्र का इरादा 2,000 हेक्टेयर में ताड़ के तेल के रोपण का समर्थन करना है और किसानों को आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों और विशेषज्ञ सलाह के उपयोग के माध्यम से परिपक्व बागानों में निरंतर उत्पादकता हासिल करने में मदद करना है।

### खत्म होगी डॉलर की बादशाहत, वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए उपलब्ध होगा डिजिटल रूपी

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने हाल ही में डिजिटल रूपी पेश किया है। इस ऐतिहासिक कदम से न सिर्फ सरकार के डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी बल्कि अमेरिकी डॉलर की बादशाहत को भी झटका लगेगा। जानकारों की मानें तो यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका ने जिस तरह रूस के विदेशी मुद्रा भंडार पर पाबंदी लगा दी। इससे कई देश समझ गए कि वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए डॉलर पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। डिजिटल मुद्रा दुनियाभर के देशों की यह चिंता कम कर सकता है। पहले ईरान और अब रूस ने जो रास्ता दिखाया है, उसका असर आने वाले दिनों में यह हो सकता है कि भारत अन्य देशों से कारोबार में रुपये में लेनदेन के विकल्प पर जोर देगा। इससे डॉलर पर निर्भरता कम होने के साथ निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। आरबीआई के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी का कहना है कि डिजिटल रूपी मुद्रा प्रणाली के सिस्टम में दक्षता लाएगी। भुगतान के तरीके में नया लचीलापन देने के साथ विदेश में होने वाले भुगतान को भी बढ़ावा देगा। सामाजिक और आर्थिक परिणामों से होने वाले नुकसानों से भी बचा जा सकेगा। डिजिटल रुपये का इस्तेमाल यूपीआई, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, डेबिट/क्रेडिट कार्ड आदि के जरिये भुगतानों के लिए किया जा सकता है। यह पारंपरिक ऑनलाइन लेनदेन से अलग है।

### दिसंबर तिमाही में मुनाफा 34.2% बढ़कर 8312 करोड़, एसेट क्वालिटी में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** देश के बड़े प्राइवेट बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही में आईसीआईसीआई बैंक मजबूत नतीजे घोषित किए हैं.। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक का मुनाफा 34.2% बढ़कर 8312 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 6,194 करोड़ रुपये रहा था। पिछली तिमाही में ब्याज आय बढ़ने से उसके प्रॉफिट में बढ़ोतरी हुई है। बैंक का नेट इंटरेस्ट मार्जिन (ठक्ट) भी एक साल पहले के 3.96% से सुधरकर पिछली तिमाही में 4.65% हो गई। दिसंबर तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,529 करोड़ रुपये हो गई जबकि दिसंबर 2021 की तिमाही में यह 27,069 करोड़ रुपये रही थी. अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में बैंक की नेट ब्याज आय 34.6% बढ़कर 16,465 करोड़ रुपये हो गई. एक साल पहले की समान तिमाही में यह 12,236 करोड़ रुपये थी। दिसंबर तिमाही में प्राइवेट बैंक के एसेट क्वालिटी में मामूली सुधार हुआ है। नेट एनपीए रेश्यो 31 दिसंबर, 2022 को घटकर 0.55% हो गया, जो 30 सितंबर, 2022 को 0.61% था. बैंक की ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स 3.07% हो गई जो एक साल पहले 4.13% थी. नेट एनपीए भी साल भर पहले के 0.84% से बेहतर होकर 0.55%पर आ गया।

### 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव, 15 साल पुरानी सरकारी गाड़ियां हो जाएंगी 'कबाड़

**नई दिल्ली।** गाड़ियों के जरिए होने वाले प्रदूषण को कम करने के मकसद से सरकार ने 15 साल पुरानी सरकारी गाड़ियों के लिए स्क्रैपेज अनिवार्य कर दिया है. सरकार के फैसले के चलते 15 साल पुरानी सभी सरकारी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से रद्द हो जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर व्हीकल कानून में संशोधन का नोटीफिकेशन जारी किया है। सरकार का यह नया आदेश 1 अप्रैल, 2023 से लागू होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से केंद्रीय मोटर व्हकहल एक्ट में संशोधन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसके अंतर्गत अब 15 साल पुरानी गाड़ियां सड़क पर फरार्टा नहीं भर सकेंगी। ऐसी सभी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से रद्द हो जाएगा. जिन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रिन्युअल हुआ है उसे भी स्वतः रद्द माना जाएगा। सभी ऐसी गाड़ियां रजिस्टर्ड स्क्रैप सेंटर की ओर से ही डिस्पोज करनी होंगी। सरकार के आदेश के मुताबिक, केंद्र, राज्य, निगम, स्टेट ट्रांसपोर्ट, सरकारी स्वायत्त संस्थान के पास सभी 15 साल पुरानी गाड़ियां स्क्रैप करनी होगी। इसमें सेना के वाहन शामिल नहीं हैं। केंद्र सरकार ने इस बारे में पिछले साल नवंबर में ही राज्यों से मंजूरी मांगी थी। राज्यों की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद सड़क परिवहन मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है। सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सरकार का यह फैसला फिलहाल प्राइवेट कारों या मोटर वाहनों के लिए मालिकों के लिए अनिवार्य नहीं हैं। यानी, अगर आपके पास कार या अन्य दूसरे मोटर व्हीकल हैं, तो सरकार का यह आदेश आप पर लागू नहीं होगा। हालांकि, अगर आप 15 साल पुरानी अपनी गाड़ी को स्क्रैपेज पॉलिसी के अंतर्गत डिस्पोज करते हैं, तो आपको नियमानुसार बेनेफिट होंगे।

### रेलवे के लिए उम्मीदों का बजट! ज्यादा फंड से लेकर नई वंदे भारत तक, बजट में हो सकते हैं ये बड़े ऐलान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2023 को केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से आम बजट पेश करने वाली हैं। इस बजट से रेलवे को काफी सारी उम्मीदें हैं। रेलवे के लिए इस बजट में काफी सारे बड़े ऐलान होने की उम्मीद है। इसके साथ ही रेलवे को बजट में इस बार ज्यादा फंड मिलने की उम्मीद है। इससे पहले बजट पूर्व बैठक में रेलवे बोर्ड ने वित्त मंत्रालय से बजट एलोकेशन में 25-30 फीसदी अधिक फंड की मांग की है। ऐसे में इस बार सरकार को बजट में करीब 2 ट्रिलियन रुपये का फंड दे सकती है। बता दें कि केंद्रीय बजट 2022-23 में रेलवे के लिए 1.4 ट्रिलियन रुपये के फंड का ऐलान किया गया था। इस साल इसे बढ़ाकर लगभग 2 ट्रिलियन रुपये किया जा सकता है। इस फंड का इस्तेमाल रेलवे नई लाइनों के निर्माण, गेज चेंज, इलेक्ट्रिफिकेशन और बेहतर सिग्नलिंग के लिए करेगी। इसके अलावा रेलवे ट्रेनों के निर्माण के लिए बेहतर घरेलू इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने पर भी ध्यान दे रही है। इसमें ट्रेनों के पहियों को लेकर विदेशी निर्भरता कम करने की भी योजना बनाई जा रही है। बजट में स्लीपर सुविधा वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और वंदे भारत 2.0 बनाने पर जोर दिया जा सकता है। अब इस ट्रेन में स्लीपर बर्थ भी लगाई जाएगी। इससे लंबी दूरी में ट्रैवल करते वक्त यात्रियों को सोने की सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस की तरह काम करेगी जिसमें यात्रियों को स्लीपर एसी कोच की सुविधा भी मिलेगी। इतना ही नहीं इस बार बजट में 100 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों के मैन्युफैक्चरिंग का ऐलान हो सकता है। स्लीपर वाली नई वंदे भारत का ऐलान भी किया जा सकता है. इसके अलावा सरकार इस बार के बजट में ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच पर भी फोकस कर सकती है।

# दरवाजा तोड़ सामान लेकर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

**दबंगई**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में करने गया था चोरी**

**जनसंदेश न्यूज**



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय पर शुक्रवार शाम एक हौसला बुलंद चोर दरवाजा तोड़कर विद्यालय में चोरी करने का प्रयास कर रहा था कि ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि अतरौरा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय पर शुक्रवार शाम एक युवक ने पहुंचकर दरवाजा तोड़कर विद्यालय में रखे गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा और 20 किलो राशन लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों को इसकी भनक लग गयी और उसका पीछा किया पास जाकर देखा तो युवक विद्यालय के सामान को लेकर जा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर मौके से युवक को और विद्यालय के सामान को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान वरुण पाठक पुत्र जयप्रकाश पाठक निवासी अतरौरा के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त से मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# भारत की संस्कृति ही हमें एकता से जोड़ती है : इंद्रेश कुमार



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। इस सेमिनार का विषय एक सशक्त भारत की संकल्पना एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर आयोजित हुई इस सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार अध्यक्ष राष्ट्रीय मुस्लिम मंच राष्ट्रीय सेवक संघ रहे तथा विशेष अतिथि शालिनी सिंह, एएमयू प्रोफेसर डॉ. रेहान अख्तर रहे। आए हुए अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने स्वागत व अभिनंदन किया।

सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों ने कालेज के हर विभाग के द्वारा लगाए गए प्रोजेक्ट का अवलोकन भी किया और प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की तारीफ भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार ने कहा कि आज का समय हम सब को एक साथ जीने और साथ चलने का है राष्ट्रीय एकता हम सब को एक नई ऊंचाई और शिखर तक ले जाने में एक भूमिका निभाती है। एक सशक्त भारत की संकल्पना व्यक्ति अपने जीवन में रखता है। इस संसार में धर्म से हटकर लोगों के दिलों में एक इंसानियत है जो हम सब को एक राष्ट्रीय एकता की तरफ आकर्षित करती है। हम सब अपनी मां के सम्मान के साथ भारत मां के सम्मान के साथ भारत को सशक्त बनाएं। विशिष्ट अतिथि शालिनी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको मिलकर भारत को सोने की चिड़िया बनाना है। प्रोफेसर रेहान अख्तर ने कहाकि समाज हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और उससे हम सब सशक्त जीवन जीते हैं। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा भारत की तहजीब संस्कृति आज हम सब को एक नई ऊंचाई तक ले जाती है हम सबको भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देती है। अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान द्वारा भेंट किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, डॉ. राजीव, श्री गुरु जी, समाजसेवी जितेंद्र यादव, डॉ. सुभाष सिंह, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. कमरुद्दीन शेख, डॉ. जीवन यादव एवं मोहम्मद हसन ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय विक्रम सिंह ने किया।

## संक्षेप

### माउंट लिट्रा जी स्कूल की वार्षिक प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



**सिकरारा।** फतेहगंज स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल का चार दिवसीय तीसरे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा' का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण करने के साथ मशाल जलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मार्चपास्ट में सलामी लेने के बाद उन्होंने खेल के विभिन्न वर्गों में जीते खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण-पत्र वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते है। खिलाड़ी हार-जीत के परिणाम की परवाह न करके मेहनत और लगन के साथ प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने कहाकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद भी आवश्यक है। विद्यालय के बच्चों द्वारा किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही निकलकर बच्चे देश दुनिया में नाम रोशन करते है। माउंट लिट्रा जी स्कूल ऐसे कार्यक्रम करके खेलो इंडिया को बढ़ावा दे रहा है। विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह व विख्यात सिंह ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष व स्कूल के संरक्षक रमेश सिंह व प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। खो-खो के उद्घाटन मैच में मेजबान माउंट लिट्रा जी स्कूल के खिलाड़ियों ने सन जोसेफ कालेज को पराजित किया। जबकि सौ मीटर बाधा दौड़ में ग्रीन हाउस के खिलाड़ी ओम सिंह पहला, ब्लू हाउस के खिलाड़ी आदर्श सिंह को दूसरा व रेड हाउस के खिलाड़ी शिवांश जायसवाल को तीसरा स्थान मिला। बालको के दो सौ मीटर दौड़ में रेड हाउस के देवांश ने ग्रीन हाउस के धीरज सिंह को पीछे छोड़ते हुए बाजी अपने नाम की।

# जरूरतमंदों के लिए आयोजित किया गया खिचड़ी भोज

**जनसंदेश न्यूज**



**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र के इमामपुर गॉव स्थित राधा वल्लभ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ने मौनी अमावस्या के दिन जरूरत मंदों के लिए खिचड़ी भोज, अन्न व कंबल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया। संस्था की चेयरपर्सन शशी यादव ने सैंकड़ो लोगों को श्रद्धापूर्वक खिचड़ी भोज, नाश्ता व मुख मिष्ठान कराया। तदुपरांत, इस कंपकपाती भीषण ठंड से ठिठुरते 501 जरूरतमंदों के बीच गेंहू तथा कंबल वितरित कराया।

बतौर मुख्य अतिथि शशि यादव ने कहा गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंदों को दिए जाने वाले अन्न व वस्त्र दान से मानवता खुश होती है। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रोजमर्रा की चीजों के अभाव से गुजर रहे असहायों की सेवा के लिए समाज के प्रतिष्ठित लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। वाइस चैयरमैन अभिषेक कृष्णा ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी यह कार्यक्रम ठंड से परेशान जरुरतमंदों के लिए आयोजित किया गया था। संस्था की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे। उन्होंने सभी आगुन्तकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस मौके पर रजिस्ट्रार सौरभ यादव, ऑपरेशनल मैनेजर विशाल कृष्णा, चीफ ऑफ स्टाफ धीरेंद्र कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य फार्मेसी भानु प्रताप, अभिषेक सिंह, विजय बहादुर समेत सभी विभागों के एचओडी मौजूद रहे।

# केराकत में खुला देश का सातवां अनाज बैंक

**उपलब्धि**

**आरएसएस के अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार ने किया शुभारम्भ**



अनाज बैंक के शुभारम्भ मौके पर मंचासीन अतिथिगण

**केराकत।** कस्बे के सरायबीरू मोहल्ले में शनिवार को देश के 7वें अनाज बैंक का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि अनाज बैंक का उद्देश्य है कि कोई भूखा पेट न सोए। उन्होंने बताया कि इस बैंक में अनाज जमा होता है और अनाज बांटा जाता है। जो भी व्यक्ति अपना अनाज, अनाज बैंक में देगा उसे संतोष, दुआ और मोक्ष मिलेगा। उसके लिए स्वर्ग का दरवाजा खुल जायेगा। अनाज बैंक लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने वाला बैंक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने हिन्दू त्यौहारों, धर्म और लवजिहाद पर भी बोला। कहा कि हमारे त्यौहारों में बहुत बड़ा ज्ञान और विज्ञान छिपा है। उन्होंने कहा कि यदि दंगा मुक्त होना है तो सभी समुदायों को अपने अपने धर्म पर चलना होगा। दूसरे के धर्म की आलोचना करना बंद करना होगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्यार दो तरह का होता है। एक राधा कृष्ण जैसा दूसरा पति पत्नी का। यदि कोई प्यार के नाम पर लव जिहाद करे, अगले दिन टुकड़े टुकड़े कर दे तो यह बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य और संस्कृति में बड़ी ताकत होती है। संस्कार और सत्य की राह पर चलने मछली पालन करने वाले अब्दुल कलाम देश के राष्ट्रपति बन गए। स्टेशन पर चाय बेचने वाले मोदी प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने कहा कि गीता पर भरोसा करने वाले ऋषि सुनक इंग्लैंड के प्रधानमंत्री बन गए।

उन्होंने कहा कि यदि नेता जी होते तो सन 47 में देश का विभाजन नहीं होती। सरदार पटेल होते तो 12 लाख लोग नहीं मरते, 3 लाख 26 हजार कुर्बानियां जाया नहीं जाती। 2 हजार से अधिक पूजा स्थल नहीं टूटते। आरम्भ में मुख्य अतिथि ने संस्कृत, हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में नारे लगवाये। इसके पहले संघ के विषय विशेषज्ञ एवं विशाल भारत संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजीव गुरूजी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में बहुत आंदोलन चला लेकिन पेट भरो आंदोलन नहीं चला। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हिन्दू मुस्लिम से ऊपर उठकर वंचितों भूखों की मदद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि काशी में 26 सौ परिवार अनाज बैंक से जुड़े हैं जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम जुड़े हैं। कहा कि भूख और पीड़ा में जाति धर्म नहीं देखना चाहिए। पहले भेद नहीं था लेकिन आज समाज में कुछ लोग हैं जो भेद करने पर तुले हैं। उन्हें पहचानने की जरूरत है। उद्घाटन के मौके पर 23 बहनों को अनाज और अंगवस्त्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनाज बैंक जिला चेयरमैन नौशाद अहमद, बालक दास, पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, खालिद अहमद, विशाल भारत संस्थान के उप जिला चेयरमैन इसरार अहमद उपस्थित रहे। संचालन अर्चना भारत वंशी ने किया।

# खिलाड़ियों के आरोप से इत्तेफाक नहीं रखता : श्याम सिंह यादव



पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते सांसद श्याम सिंह यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**बातचीत**

**पत्रकार वार्ता में बोले सांसद, कहा सीबीआई जांच पर करना चाहिए भरोसा**

**जौनपुर।** सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि मीडिया तो खिलाड़ियों का पक्ष लेती है। लेकिन जितना मैं बृज भूषण शरण सिंह को जानता हूँ उससे यह कह सकता हूँ कि खिलाड़ियों के आरोप से इत्तफाक नहीं करता। अब तो बृज भूषण शरण सिंह का कार्यकाल चन्द माह का बचा है और वह सीबीआई जांच की बात खुद कर रहे है ऐसे में खिलाड़ियों को सीबीआई जांच पर भरोसा करना चाहिए।

बृज भूषण शरण सिंह तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं संवैधानिक रूप से चौथी बार अध्यक्ष नहीं रह सकते ऐसे में इस तरह के मुद्दों को सियासी तूल देना उचित नहीं लगता है। श्री यादव ने शनिवार को अपने आवास पर मीडिया से रूबरू होते हुए उक्त बातें कही। अन्य खेलों की भी चर्चा करते हुए उन्होंने भारत सरकार के खेल मंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुए उन्हे खेल के प्रति बेहद उदासीन बताया और कहा कि खेल मंत्री की वजह से खेल के स्तर में गिरावट भी आ रही है।

इसी के साथ ही मीडिया के सवाल पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर बेबाक रूप से कहा कि यह किसी दल का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं जो भी लोग भारत को एक रखने के पक्षधर हो सभी को इसमें शामिल होना चाहिए। इसे राजनैतिक दल से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। दल से उपर उठकर एक भारत की कल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका देनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में सांसद ने अपना स्पष्ट बयान दिया कि एक पार्टी के लोग उन्हे पप्पू प्रचारित करते है लेकिन राहुल ने कहा उनके नेता बहस कर ले लेकिन वे लोग तैयार नहीं हुए क्यों, हमारे समझ से राहुल गांधी प्राईम मिनिस्ट्रीयल कन्डीडेट है। अभी हम बसपा के सिपाही हैं और आगे भी रहेंगे।

सांसद श्री यादव ने 2024 के लोक सभा चुनाव को लेकर किये गए सवाल पर कहा कि अभी जनता की सेवा का समय है जब चुनाव आयेगा तो उस पर बात होगी। जनपद की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि शहर के अन्दर सीवर प्लान्ट की खुदाई को लेकर आ रही समस्याओं का संज्ञान में लेते हुए बात आने पर सम्बन्धित को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। पत्र के सापेक्ष जांच कराये जाने का अश्वासन भी मिला है। जल्द ही जांच के बाद आख्या आने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा की जायेगी।

ओवर ब्रिज के मुद्दे पर स्पष्ट रूप से कहा कि हमने सेतु वन्धु योजना के तहत 7 ओवर ब्रिज की मांग किया था भारत सरकार के मंत्री गडकरी ने स्वीकृत प्रदान कर दिया था। मुंगराबादशाहपुर में कुछ बाधाओं के चलते विलंब संभव है शेष सभी प्रासेस में है नईगंज पर जल्द काम शुरू हो जायेगा। हम काम में विश्वास करते हुए काम कर रहे है। इस अवसर पर तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन कल



**भदोही।** नगर में आयोजित हो रहे भदोही चैंपियनशिप कार्यक्रम के आयोजक और मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार ने बताया कि 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 126 वी जयंती के विशेष अवसर पर भदोही के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसमे कराटे डांस और कवि सम्मेलन आदि तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमे भदोही के तमाम विधाओं में विशिष्ट व निपुण व्यक्तित्व का सम्मान भी किया जाएगा। जिसमे प्रदेश सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य आदि तमाम प्रतिनिधि और प्रतिभाशाली व्यक्तियों का आगमन होगा। इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति महिला शक्ति प्रदर्शन भी किया जाना है जो कई विद्यालयों की प्रशिक्षित छात्राएं जिनको हमारे टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया है उनका शक्ति प्रदर्शन भी होगा। इसमें तमाम दिग्गज और हजारों की संख्या में देश के लगभग राज्यो के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। डीएम सिंह गहरवार ने भदोही के सभी जन मानस की उपस्थिति हेतु आग्रह किया है।

### अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण का डीएम ने दिया निर्देश

**ज्ञानपुर।** विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर-गोपीगंज की सीमा विस्तार के सम्बन्ध में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सहयुक्त नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उप्र वाराणसी द्वारा वर्तमान में समाहित 57 ग्रामों के अतिरिक्त विनियमित क्षेत्र सीमा विस्तार में कुल 51 ग्रामों को सम्मिलित करते हुए कुल 108 ग्रामों का संशोधित विनियमित क्षेत्र का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किए जाने हेतु बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र ज्ञानपुर.गोपीगंज के मद से नपा परिषद गोपीगंज के विद्यालय के बाउंड्रीवाल का निर्माण, ईमली का पेड़, फासी स्मारक स्थल गोपीगंज, मीरजापुर रोड तिरहा, ज्ञानपुर तहसील रोड का निर्माण, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर से ग्रामीण क्षेत्रो में निर्माण हेतु नियत प्राधिकारी से मानचित्र पास कराने का प्रस्ताव पास करते हुए निर्देश दिया। डीएम ने विनियमित क्षेत्र व सभी नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जर्जर भवन दुकान स्वामियों को निर्धारित समय में ध्वस्तीकरण कराने का नोटिस जारी किया जाए। अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र द्वारा बताया गया कि 31 भू.स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। जिसपर जल्द ही कठोर कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने सभी लम्बित मानचित्र का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। डीएम ने जनपद में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर नियत प्राधिकारी द्वारा अविलंब कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण व वैधानिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

### दर्जनों अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम अश्वनी पांडेय ने तहसील क्षेत्र के गोपीगंज और जंगीगंज अल्ट्रासाउंड संचालित अस्पतालों का निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान निजी अस्पताल संचालको में हड़कम्प मचा रहा। औचक निरीक्षण में जेपी हॉस्पिटल, जननी हॉस्पिटल सहित दर्जनों हॉस्पिटल में कमियां पाई गई, जिसकी सूचना एसडीएम द्वारा डीएम को दे दी गई है। एसडीएम के रिपोर्ट के आधार पर अस्पतालों पर अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### प्रशासन ने कुष्ठ रोगियों को कंबल ओढ़ाकर किया सेवा कार्य

**भदोही।** शीतलहरी व कडाके की ठण्ड के मध्य डीएम के निर्देश के क्रम में तहसील भदोही एसडीएम व तहसीलदार द्वारा पिपरिस कुष्ट आश्रम में विकलांगो, वृद्धजनों व असहाय लोगों में कम्बल वितरित किया गया। डीएम ने बताया कि ठंड के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न चौराहों व महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है तथा सभी नगरीय निकायों में स्थाई/ अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। जनपद के अन्य तहसीलों में भी वृद्धजनों, गरीबों व असहाय लोगों को कंबल एवं गर्म वस्त्र का वितरण कर उनकी सेवा किया जा रहा है।

# मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**जनसंदेश न्यूज**



रामपुर गंगा घाट पर स्नार्थियों की भीड़

**गोपीगंज।** स्थानीय रामपुर गंगा घाट पवित्र स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बने और दान पुण्य किए।

स्नान पर्व को लेकर रामपुर गंगा घाट से लेकर गोपीगंज नगर तक जहां स्नान आढ़तियों की भीड़ रही वहीं क्षेत्र के सेमराध नाथ, चतुमुर्खी घाट, बिहरोजपुर घाट, गुलौरी घाट पर भी स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ी रही। इससे स्नान पर्व के अवसर पर भगवान शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन भी किया गया। हर हर महादेव हर हर गंगे की गूंज गूंजती रही। मौनी अमावस्या के पर्व पर सेमराधनाथ घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा में पुष्प की डुबकी लगाई। स्नान के बाद कुएं में विराजमान भगवान शिव को पुष्पा भांग धतूरा मिष्ठान नारियल भेंट कर सुख समृद्धि की कामना की। गंगा घाट से लेकर मंदिर तक उद्घोष के नारे लगते रहे। सुबह धूप निकलते ही क्षेत्र की श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाट पर उमड़ती रही। गंगा स्नान के बाद महिलाएं पीपल के वृक्ष में दीप प्रज्वलित कर पुरोहित व भिखारियों को धन, वस्त्र, अन्न दान किया।

स्नान के बाद महिलाएं पीपल के वृक्ष में दीप प्रज्वलित कर पुरोहित व भिखारियों को धन, वस्त्र, अन्न दान किया। घाट पर पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रही।

### महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल

**ज्ञानपुर।** महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल हो गयी है। पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिसकर्मियों को बधाई दी है। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से महिला एवं बाल अपराध से सम्बंधित शिकायतों के त्वरितए समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए सख्त निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में जनपदीय पुलिस द्वारा महिला एवं बाल अपराध से सम्बन्धित अभियोगों के समयबद्ध निस्तारण में प्रदेश में पहले नम्बर की जानकारी प्राप्त हुआ एवं अन्य जनपदों को जनपद भदोही से महिला एवं बाल अपराधों से सम्बन्धित अभियोगों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से प्रदेशों की रैंकिग जारी की जिसमें उत्तर प्रदेश को 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रदेश में जनपद भदोही के प्रथम रैंकिग होने पर कर्मचारीगणों को बधाई दी गई। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से महिला एवं बाल अपराध के शिकायतों पर त्वरित समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# श्री राम जानकी मंदिर सुंदरवन कटेवना में गौशाला का डीएम ने किया लोकार्पण

**जनसंदेश न्यूज**

**शुभारंभ**

**विधि विधान से पूजन करते हुए गौ माता को टीका, वस्त्र,गुड खिलाकर गौ संरक्षण पर दिया बल**



**भदोही।** द्वादश ज्योतिर्लिंग श्री राम जानकी मंदिर सुंदरवन कटेवना में नवनिर्मित गौशाला का जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शनिवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर मां राजलक्ष्मी मंदा ने जिलाधिकारी को द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं श्री राम जानकी मंदिर साइट का विजिट कराते हुए अपने धर्मार्थ व सेवार्थ कार्यों की जानकारी दी। डीएम ने विधि विधान से पूजन करते हुए गौ माता को टीका, वस्त्र ओढ़ाते हुए गुड व खिलाया। मां राजलक्ष्मी मंदा ने बताया कि निराश्रित बेसहारा छुट्टा छोड़े गए लगभग 40 गायों का उनके बृहद गौ संरक्षण केंद्र पर सेवा किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गौशाला में मवेशियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं है। ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाया जा रहा है। भूसा ,चारा, पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा समस्त गोवंश स्वस्थ अवस्था में है। जिलाधिकारी ने गौसंरक्षण के उनके कार्यों की सराहना किया तथा गोवंश के संरक्षण, स्वास्थ्य, चारा पानी इत्यादि पर बल दिया। इस अवसर पर गुरुजी मदन कुमार व औराई उपजिलाधिकारी लालबाबू दुबे सहित अन्य अधिकारी व श्रद्धालुगण, जनमानस उपस्थित रहे।

### राज्यस्तरीय क्रिकेट में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मछलीशहर को 43 रनों से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में शुक्रवार की रात हुई बरसात की वजह से शनिवार को एक ही मैच खेला जा सका। बारिश की वजह से पिच नम होने की वजह से मैच में शुक्रवार का दिन गेदबाजो के नाम रहा। दोनों टीमो के बल्लेबाज रनों के लिए तरस गये। आजाद स्पोर्ट्स क्लब मेढ़ी के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवरों के मैच में 13 वें ओवर में 75 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें धीरज यादव ने 38 रनों की नाबाद पारी खेली, दुर्गाचरन शुक्ला ने 12 रनों का योगदान किया। मछलीशहर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकुर यादव ने तीन विकेट झटके, राहुल शर्मा व अभिनव को एक एक विकेट मिला।जवाब में खेलने उतरी मछलीशहर की टीम की शुरूआत अच्छी नही रही, मात्र दस रन जोड़ने में ही मछलीशहर के तीन महत्वपूर्ण विकेट गिर गए।आजाद स्पोर्ट्स क्लब के चुस्त क्षेत्रक्षण व शानदार गेंदबाजी की वजह से मछलीशहर की पूरी टीम 12वें ओवर में 31 रन बनाकर आल आउट हो गयी।

# जन मानस की शिकायतों का निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**आयोजन**

**99 मामलों में सिर्फ 16 मामले का मौके पर निस्तारण**



तहसील औराई में फरियादियो की समस्याएं सुनते विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी.

**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उप जिलाधिकारी लाल बाबू दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसील भदोही में जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एव तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी( वि/रा) शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुन कर निस्तारण किया। तीनो तहसीलो में कुल 99 मामलें सांमने आये जिसमे 16 मामलो का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष मामलें को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील औराई में कुल 38 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से मंडलायुक्त द्वारा 04 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 34 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी.ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



राघवेंद्र केसरी

# तपस्या की तपिश ने बनाया राजा को कोहिनूर

## मुफ्त की शिक्षा देकर कइयों का किया सपना साकार, नेट और जेआरएफ में कराया उत्तीर्ण





**वाराणसी।** कहा गया है जो व्यक्ति किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अर्जुन की निगाह रखता है वही सफलता की उंचाईयों तक पहुंचता है। जी हां संपूर्णनंद संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य राजा पाठक का जीवन भी कुछ ऐसा ही है। जो अपनी तपस्या की तपिश से समाज में कोहिनूर बनकर उभरें।

बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले राजा की शिक्षा दीक्षा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से संपन्न हुई। राजा के सर से बचपन में ही पिता का साया उठ गया। उस समय उनकी उम्र मात्र चार वर्ष ही थी। चार भाई और दो बहनों में राजा सबसे छोटे थे। पिता रामचंद्र पाठक पेशे से किसान थे। जिनके जाने के बाद मां कलावती देवी अपने छह बच्चों के पालन पोषण में जुट गईं। आर्थिक तंगी से जुझ रहा परिवार मुश्किलों से भोजन का इंतजाम ही कर पाता था। घर की स्थिति को देखते हुए सन 2004 में राजा बनारस के एक संस्कृत पाठशाला में शिक्षा के लिए चले आएं। जिसके बाद उन्होंने मन में कुछ बनने का ठाना और हाई स्कूल और इंटर पास करने के बाद बीएचयू में दाखिला लिया। फिर पीछे पलट कर नहीं देखा। राजा ने संस्कृत विषय से शास्त्री और आचार्य की उपाधि लेने के साथ 2013 में जेआरएफ उत्तिर्ण करने के बाद कंप्यूटर साइंस से पीएचडी पूरी की। इस दौरान उन्होंने खुद पर बिते दौर का संज्ञान लिया और गरीब बच्चों के सपनों को पूरा करने की राह पर निकल पड़े। राजा ने सन 2014 में नेट और जेआरएफ की तैयारी के लिए छात्रों को मुफ्त शिक्षा देनी शुरू की। जिसकी पहली कक्षा महामना की बगिया में स्थित विश्वनाथ मंदिर से की। जिसका दायरा बढ़ता चला गया। राजा ने शिक्षा को और भी जरुरतमंदों तक पहुंचाने के लिए कोविड काल में ऑनलाइन कक्षाओं की भी शुरूआत की। बता दें कि राजा की शिक्षा प्राप्त कर अबतक लगभग 900 छात्रों ने नेट और जेआरएफ की परीक्षा उत्तिर्ण की है। उन्हें भारत सरकार की ओर से डेलिगेट के रूप में साउथ कोरिया भी भेजा जा चुका है। यही नहीं राजा ने सन 2015 में यूनिवर्सिटी टॉप किया और पीएम के बुलावे पर गणतंत्र दिवस में प्रधानमंत्री के गेस्ट के तौर पर प्रधानमंत्री बॉक्स से गंणतंत्र परेड का अवलोकन किया।



### इग्नू के छात्रों को ऑनलाइन देते हैं शिक्षा

डॉ. राजा पाठक इग्नू के एकेडमिक काउंसिल के तौर पर 250 बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा भी देते हैं। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूनिवर्सिटी असिस्टेंट डीन के पद पर भी उन्हें जिम्मेदारी दी गई है।

### युवाओं के लिए बन गए मिसाल

राजा युवाओं के लिए कए मिशाल के तौर पर उभरे और आज संपूर्णानंद जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय में आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। यही नहीं आज भी मुफ्त शिक्षा के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करते रहते हैं।

### एक साथ 50 से अधिक छात्र हुए थे उत्तीर्ण

जेआरएफ अचिवर्स की शिक्षा पाकर 2019 (जून) की नेट जेआरएफ परीक्षा में एकतरफा 50 से अधिक छात्रों ने बाजी मारी। बच्चों की इस बड़ी सफलता पर सभी के घर वाले और करीबी काफी उत्साहित थे।

### मां ने आखरी गहना बेच कर भरी थी फीस

पिता की मृत्यु के बाद राजा की मां ने उनके और उनके भाई बहनों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। राजा बताते हैं कि बीएचयू में स्नातक की फीस के लिए मां ने अपनी आखरी बचे गहने नाक की नथिया भी बेच दी थी। वह दिन मेरे लिए काफी कष्ट भरा था।

### स्कूल में किताब न रहने पर होती थी पिटाई

मां ने किताब का खर्च बचाने के लिए बड़े भाई और मेरा एक ही कक्षा में नाम लिखा दिया था। जिससे एक दिन भाई तो एक दिन मैं किताबें लेकर स्कूल जाते थे। शिक्षक किताब न रहने पर एक दिन मुझे तो एक दिन भाई की पिटाई भी कर देते थे।

### जेआरएफ अचीवर्स के नाम से देते हैं मुफ्त शिक्षा

राजा ने 2014 में जेआरएफ और नेट की तैयारी के लिए गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा देना शुरू किया। सेंटर पर छात्रों की संख्या ज्यादा होने से ऑनलाइन फार्म और मेरिट के आधार पर प्रवेश की व्यवस्था कर एक बैच में 250 छात्रों का प्रवेश लिया जाने लगा।

### यूरोप के कई देशों का कर चुके भ्रमण

राजा 2019 में युरोप के कई देशों का भ्रमण कर चुके हैं। जिसमें जर्मनी के हाइडिल वर्ग यूनिवर्सिटी में शोध के लिए भी जा चुके हैं। इसके अलावा स्वीडरजरलैंड, पेरिस इटली आदि देशों में भी शैक्षणिक भ्रमण किया है। इनको भारत सरकार की ओर से डलिगेट के तौर पर साउथ कोरिया भी भेजा जा चुका है।

# भारतीय कुश्ती पर लगा बड़ा ग्रहण तुरंत हो समाधान





लालजी पहलवान



मनोहर पहलवान



रामसेवक यादव



रामकिशुन पहलवान



खंझाटी पहलवान



वेदप्रकाश यादव



गजानन यादव

**काशी के पहलवानों ने पीएम से हस्तक्षेप करने व खिलाड़ियों को तुरंत न्याय दिलाने की मांग की**

**खिलाड़ियों की मांगों को मानते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे सरकार**

**देश के क्रीम खिलाड़ियों के जंतर-मंतर पर धरने का जिला कुश्ती संघ ने किया समर्थन**

रामदुलार यादव

**चांदमारी।** भारत के योद्धाओं को देश की आन-बान-शान के लिए कड़ी मेहनत कर देश-विदेश से मेडल जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर रहे हैं। जब हाथों में मेडल लेकर तिरंगा लहराते हुए विदेशों में भारतीय राष्ट्रगान बजता है तो हर भारतीय का रोम-रोम हर्षित हो जाता है। वो कितनी परेशानियों-कठिनाइयों से मेडल जीतते है। इसकी कहानी खिलाड़ियों के आंखों से निकलते खुशियों के विजयी आंसू सब कुछ बयां कर देते हैं। ऐसे देश के कर्णधारों को खुद के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। देश का मान-सम्मान बढ़ाते-बढ़ाते अपने सम्मान को सरेआम नीलाम करना पड़ा, इसको लेकर काशी के पहलवानों में काफी रोष है। पहलवानों ने कहा कि भारतीय कुश्ती पर यह बड़ा ग्रहण है। इसका जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए।

काशी के पहलवान इस घटना को भारतीय कुश्ती संघ पर बहुत बड़ा ग्रहण मान रहे है। काशी के सांसद होने के नाते प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप कर तुरंत भारत के स्टार योद्धाओं को न्याय दिलाने मांग कर रहे है। काशी के पहलवानों का कहना है कि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष कोई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ही हो। हरहुआ विकास खंड के तेवर गांव निवासी हिंद केशरी, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट, यूपी केशरी, भारत कुमार आदि कुश्तियां जीत चुके लालजी पहलवान खिलाड़ियों के अपमान से काफी व्यथित है। वे कहते हैं कि जो पहलवान जो का सम्मान बढ़ता है, उसके सम्मान से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। सीबीआई से जांच करानी चाहिए। दोषी पाए जाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेट लतीफी नही तुरंत एक्शन लिया जाना चाहिए तभी कुश्ती की जीत होगी। चोलापुर विकास खंड के पंडापुर निवासी यूपी केशरी मनोहर महलवान इस घटना को भारतीय कुश्ती पर बहुत बड़ा ग्रहण मानते हैं। कहा कि देश के स्टार खिलाड़ि यों को इस तरह से धरना देना पड़ रहा है। कुछ नहीं बहुत बड़ी गड़बड़ी है, क्योंकि छोटी-छोटी बातों को खिलाड़ी नजर अंदाज कर देते हैं। जल्द से जल्द इसका समाधान होना चाहिए अन्यथा भारतीय कुश्ती की हार होगी। प्रधानमंत्री खुद हस्तक्षेप कर न्यायिक जांच कराए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाय। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव ने कहा कि जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण के खिलाफ धरना देने वाले सब देश की आन-बान-शान है। ओलंपिक विजेता है। ओलंपिक में पदक कितनी मेहनत के बाद मिलता है। वो पीड़ा पहलवान शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकते। स्टार पहलवानों के धरने पर बैठना बहुत पीड़ा देता है। पहलवानों को न्याय मिलना चाहिए। उनकी शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष होने के नाते मैं काशी के पहलवानों की ओर से जंतर-मंतर पर धरना देने वाले भारत के सुर वीर पहलवानों का समर्थन करता हूं।

अटेसुआ निवासी यूपी केशरी रामकिशन पहलवान ने 'जाकी न फाटी पांव बेवायी सो का जाने पीर पराई' कहावत बताते हुए कहते है कि जिनके ऊपर आरोप लगा है, वो दर्द कोई क्या जानेंगे। कुश्ती संघ का अध्यक्ष पहलवान ही होना चाहिए, जो पहलवानों की दर्द को समझ सके। खंझाटी पहलवान ने कहा कि महिला पहलवानों ने जो गंभीर आरोप लगाए है। उसकी निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे दोबारा ऐसी घटना सुनाई न दे। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के जिला उपाध्यक्ष गजानन यादव कहते है कि इस घटना से पहलवानों में रोष व्याप्त है। देश की कर्णधार बेटियों का शोषण निंदनीय है। देश की बेटियों को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए पूरा संगठन धरना में शामिल सभी पहलवानों के साथ है। अंतर्राष्ट्रीय कोच वेदप्रकाश यादव ने कहा कि पहलवानों का गंभीर आरोप है। कमेटी बनाई गई है। दोषी लोगों को सजा दी जानी चाहिए।



छाया: शंकर चतुर्वेदी



# आया वसंत आया... मौसम में घुला वसंती रंग

### छह ऋतुओं में ऋतुराज वसंत है सबसे सर्वोपरि

### वसंत पंचमी के दिन होलिका की होगी स्थापना

### खेतों में लहरा रहे सरसों के फूल

राधेश्याम कमल

आया वसंत आया, मौसम में घुल गये हैं वसंत का रंग। खेतों में चहुंओर पीली-पीला सरसों लहलहा रही है। मौसम में भी धीरे-धीरे बदलाव होता जा रहा है। वैसे तो छह ऋतुएं होती है इनमें शरद ऋतु, हेमंत ऋतु, शिशिर ऋतु, वसंत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु व वर्षा है लेकिन इन छह ऋतुओं में वसंत ऋतु सबसे सर्वोपरि है। यही वजह है कि वसंत ऋतु को ऋतुराज वसंत की संज्ञा दी गई है। इसकी खासियत यह है कि इस ऋतु में गर्म धूप व कंपकपाती ठंड नहीं होती है। लोगों में समसरता आ जाती है। चारों तरफ हर्षोल्लास व उमंग का माहौल हो जाता है। वसंत पंचमी के दिन ही होलिका की स्थापना भी होती है। वसंत पंचमी के दिन वाग्देवी की पूजा अर्चना करने का भी विधान है। पुराणों के मुताबिक इसी दिन वाग्देवी का प्राकट्य हुआ था। पुराणों के अनुसार वसंत पंचमी पर पीत रंग का काफी महत्व है। इसके पीछे वजह यह है कि वसंत के आगमन के साथ ही खेतों में सरसों के फूलों के साथ ही अन्य भी पीले रंग के पुष्पों की भरमार हो जाती है। कहते हैं कि पीत रंग समृद्धि व ऊर्जा का प्रतीक स्वरूप माना जाता है। पीत रंग हमें संतुलन व पूर्णता की ओर अग्रसर करता है। यही वजह है कि इस दिन सभी लोग पीत रंग के परिधान को धारण करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक सृष्टि की रचना के वक्त जब पृथ्वी मौन थी। पृथ्वी पर कहीं भी किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं थी। इस सूनसान को देख कर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु व महेश आश्चर्यचकित होकर एक-दूसरे को देखने लगे। त्रिदेव सृष्टि की इस रचना को देख कर खुश नहीं थे।त्रिदेव को ऐसा आभास हो रहा था कि इसमें कहीं न कहीं से कोई कमी रह गई है। इस पर ब्रह्मा ने भगवान शिव व भगवान विष्णु से अनुमति लेकर अपने कंमडल से अंजुलि में जल लेकर मंत्रोच्चारण करके उसे पृथ्वी पर छिड़क दिया। ब्रह्मा के ऐसा करते ही पृथ्वी पर हलचल होने लगा और उस स्थान पर एक शक्ति का प्रार्दुभाव हुआ। वहां एक शक्ति स्वरुपा मां भगवती के रूप में देवी का प्राकट्य हुआ। देवी के एक हाथ में वीणा व दूसरे हाथ में आशीर्वाद की मुद्रा में थीं।



उनके दूसरे हाथों में माला व पुस्तक भी थी। देवी भगवती को देख कर त्रिदेव ने उनको नमन किया। इसके साथ ही सभी ने उनसे वीणा वादन करने का आग्रह किया। त्रिदेवों के प्रार्थना व आग्रह के पश्चात मां भगवती ने वीणा वादन शुरु कर दिया जिससे समस्त लोकों में वीणा वादन की गूंज सुनायी पड़ने लगी। इसके चलते सभी भाव विह्वल हो गये। ऐसा आभास होने लगा कि सभी लोकों में हर्षोल्लास व उमंग का वातावरण हो गया। उस समय त्रिदेव ने मां भगवती को शारदा, सरस्वती व वाग्देवी, संगीत की देवी आदि नाम दिया। मां सरस्वती का यह नाम त्रिदेव का दिया गया है।

## हिंदू धर्मशास्त्रों में मां सरस्वती की महिमा अनंत

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म के अनुसार हिंदू धर्मशास्त्रों में मां सरस्वती की महिमा अनंत है। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार 26 जनवरी को वसंत पंचमी मनायी जायेगी। बुद्धि, ज्ञान-विज्ञान व विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की इस दिन हर घरों व विद्यालयों में पूजा अर्चना की जायेगी। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि वसंत पंचमी के रूप में मनायी जाती है।इसे श्रीपंचमी के नाम से भी जाना जाता है। माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 25 जनवरी बुधवार को दिन में 12.35 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 26 जनवरी गुरुवार को प्रात: 10.29 मिनट तक रहेगी। भगवती सरस्वती को विद्या, बुद्धि व ज्ञान विज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी मान्यता है। विद्वत व विद्यार्थी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हर्षोल्लास व उमंग के साथ करते हैं। ज्ञान व विज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके हम अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होते हैं। इससे बौद्धिक व आध्यात्मिक दोनों ज्ञान की वृद्धि होती है। इस दिन पीत परिधान धारण करके मां सरस्वती की पूजा व आराधना फलदायी होती है। वसंत पंचमी के दिन धार्मिक मांगलिक आयोजन किये जाते हैं। इस दिन नव प्रतिष्ठान का शुभारंभ भी किया जाता है। इस दिन वैवाहिक लग्न के साथ हळी सोलह संस्कार भी संपादित होते है। इस दिन व्रत व उपवास रख कर पीत परिधान धारण करके मां सरस्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्हें पीली मिठाइयां व पीले फूल व ऋतु फल अर्पित करना चाहिए। उनकी महिमा में विविध स्त्रोत का पाठ करना भी लाभकारी होता है।